राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 184 • नई दिल्ली, बुधवार 11 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 11वें दिन भी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल...

## 41 किमी लंबी जमीन का टुकड़ा है गाजा पट्टी, जिसके लिए हो रहा भीषण युद्ध

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गाजा पट्टी 41 किमी जमीन का वह टुकड़ा है जिसके लिए इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा युद् किया जा रहा है। हमास द्वारा इजरायल में किए गए हमले के बाद अभी तक दोनों तरफ से सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। इजरायली पीएम नेतन्याहू के जंग के ऐलान के बाद इजरायल की सेना और वायुसेना हमास आतंकियों को सबक सिखा रही है। उस गाजा पट्टी पर लगातार राकेट से हमले जारी है जिसे लेकर इजरायल हमेशा से आक्रामक रहा है। दरअसल गाजा पट्टी, इज़राइल, मिस्र और भूमध्य सागर के बीच बसा एक छोटा सा क्षेत्र है जिसे दुनिया के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भी जाना जाता है। आतंकी इस्लामी फिलिस्तीनी संगठन हमास गाजा से ही इजरायल पर हमले कर रहा है। गाजा पट्टी लगभग दस किलोमीटर चौड़ा और 41 किलोमीटर लंबे क्षेत्र है और यहां 20 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इसका मतलब है कि प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन लगभग 5,500 लोग लोग रहते हैं। वहीं इजरायल की बात करें तो यहां




औसत जनसंख्या घनत्व लगभग 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है, जिससे आप समझ सकते हैं कि गाजा में कितनी घनी आबादी रहती है। गाजा पट्टी में रहने वाले लोग फ़िलिस्तीनी हैं। इसमें रहने वाले लोगों में यहां के मूल निवासी और शरणार्थी दोनों शामिल हैं। शरणार्थी यहां 1948 में इजरायल की स्थापना और उसके बाद इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच हुए सैन्य संघर्ष के बाद भागकर आ गए थे। यहां रहने वाले अधिकांश लोग उत्तर में, विशेषकर गाजा शहर में रहते हैं। यहां की जनसंख्या बहुत युवा है, लगभग 40% जनसंख्या 15 वर्ष से कम आयु की है। पूर्वी यरुशलम के साथ वेस्ट बैंक की सीमा इज़राइल, मृत सागर और जॉर्डन से जुड़ी हुई है। यह गाजा पट्टी बिल्कुल अलग है।

### इजराइल और हमास के बीच हो रही बम बारी में अब तक दो हजार की मौत

**यरुशलम**। इजराइल और हमास के बीच हो रही बम बारी में अब तक दो हजार से अधिक लोगों की मौत होने की खबर है। हालांकि अधिकारियों द्वारा यह संख्या लगभग एक हजार के आसपास ही बताई गई है। जबकि सैकड़ों घायल अस्पताल में भर्ती हैं। जिसमें से कई लोग गंभीर रुप से घायल हुए है उन्हे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने मंगलवार को बताया कि इजरायली



सरकार के अधिकारियों ने सिन्हुआ से कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि बचावकर्मी अभी तक दक्षिणी इजरायल के कुछ इलाकों में नहीं पहुंचे पाए हैं, जहां शनिवार को हमला करने वाले हमास आतंकवादी अभी भी इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इजरायल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में घायलों की संख्या बढ़कर 2,616 हो चुकी है, जिनमें से 25 की हालत गंभीर है। गाजा में आतंकवादी समूहों के अनुसार, फिलिस्तीनी एन्क्लेव में लगभग 130 इजरायली बंधकों को रखा गया है। इसी तरह फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, गाजा पर इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 560 लोग मारे गए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के नए अपडेट के अनुसार, गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में मरने वालों और घायलों की संख्या बढ़कर क्रमशः 687 और 3,726 हो गई है। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने शनिवार को गाजा पट्टी से सटे इजरायली शहरों पर एक आश्चर्यजनक हमला किया, जिसके बाद इजरायल ने गाजा पर जवाबी हमले शुरू कर दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम योगी ने मुलायम सिंह यादव को दी विनम्र श्रद्धांजलि



**लखनऊ / शुभ भास्कर** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखे संदेश में कहा, ''पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।'' सपा संस्थापक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके मुलायम सिंह यादव का पिछले साल 10 अक्टूबर को बीमारी के चलते निधन हो गया था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मुलायम की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सैफई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, सपा कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में सपा संस्थापक को श्रद्धांजलि देंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा का , कृष्ण जन्म की लीला सुनाई



**दैनिक शुभ भास्कर/ राजकुमार शर्मा/ राजस्थान** /कोटपूतली शहर के लक्ष्मी नगर स्थित श्री राम मंदिर में आयोजित की जा रही 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को कथाव्यास पं. देवेन्द्र पराशर ने सूर्यवंश में पैदा हुए भगवान श्री रामचंद्र जी की महिमा एवं चंद्रवंश में जन्में भगवान श्री कृष्ण के जन्म की लीला सुनाई। श्रद्धालु भगवान बाल गोपाल के दर्शन कर भावविभोर हो गए। महिलाओं ने बाल गोपाल जन्मोत्सव मनाया। महंत रामबचन दास महाराज ने भगवान को टोकरी में बैठाकर जमुना पार करवाई। इस दौरान महंत मक्खन दास नागाजी महाराज, महंत सीताराम दास जी महाराज समेत बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

### आप विधायक अमानतुल्ला खान के अनेक ठिकानों पर ईडी का छापा

**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के दिल्ली-एनसीआर स्थित कई ठिकानों पर छापा मारा है। इस वक्त खान से जुड़ी कई लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन जारी है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के जामिया नगर इलाके में भी कई लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन चल रहा है। ईडी ने ये छापा पिछले साल अमानतुल्ला खान के ऊपर लगे वक्फ बोर्ड जमीन घोटाले को आधार बनाकर डाला है। यहां गौरतलब है कि पिछले साल एंटी करप्शन ब्यूरो ने अमानतुल्ला से जुड़े 5 ठिकानों पर दिल्ली में छापेमारी की थी। इस रेड के दौरान 12 लाख रुपये नकद, 1 बिना लाइसेंस की बरेटा पिस्टल और 2 अलग-अलग बोर के कारतूस बरामद हुए थे। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी वक्फ बोर्ड में घोटाले से जुड़े मामलों में की जा रही है। हालांकि ये मामला कुछ साल पुराना है, जिसमें सीबीआई पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। उसके बाद ईडी ने इस मामले को टेकओवर किया था। ईडी ने सीबीआई और दिल्ली सरकार की एसीबी में दर्ज मामलों पर संज्ञान लेते हुए ये कारवाई की है।

## खिलाड़ियों के मार्ग में पैसे को बाधा नहीं बनने देंगे: पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि भारत सरकार खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों के मार्ग में पैसों की कमी को कभी बाधा नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से बातचीत कर रहे थे। भारत ने इन खेलों में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 107 मेडल जीते हैं। भारत इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए 2014 से पहले और बाद में देश के खेल इको सिस्टम में आए बदलाव का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहले भी देश में योग्यता और जीत के जज्बे की कमी नहीं थी लेकिन खिलाड़ियों को कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार देश के सपोर्ट इको सिस्टम का कायाकल्प करने में जुटी है। हमारा प्रयास खिलाड़ियों को दुनिया की बेस्ट ट्रेनिंग देना और यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें देश और विदेश में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। इसके अलावा चयन में



पारदर्शिता का ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी के साथ भेदभाव ना हो। गांव-देहात में रहने वाले सपोर्ट टैलेंट को भी ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलें, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज देश के खेल बजट को तीन गुना बढ़ाया गया है। टॉप और खेलो इंडिया जैसी योजनाएं गेम चेंजर साबित हुई हैं। इन खेल अभियानों की वजह से कई प्रतिभाएं खोजी गई हैं और इनमें से 40 से ज्यादा ने ही इन एशियाई खेलों में मेडल जीता है। इससे साबित होता है कि यह अभियान सही दिशा में है। इसके तहत 3000 प्रतिभाओं को ट्रेनिंग, कोचिंग, मेडिकल, डाइट और 6 लाख स्कॉलरशिप दी जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 5 सालों में देश खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 3 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका जज्बा दर्शाता है कि भारत के बेटियों का सामर्थ्य क्या है। इन खेलों में आधे से ज्यादा पदक महिलाओं ने जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने कम उम्र के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि कम उम्र के खिलाड़ियों से एक्सपोर्टिंग नेशन की पहचान बनती है। इससे वह लंबे समय तक देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश का खिलाड़ी केवल अच्छे प्रदर्शन तक नहीं बल्कि जीत चाहता है। इसके लिए उन्होंने एक शब्द गोट (जीओएटी) का भी प्रयोग किया, जिसका अर्थ होता है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान जीतने वाले खिलाड़ियों से अपने प्रभाव का उपयोग कर ड्रग्स और डाइट के कुप्रभावों के बारे में युवा खिलाड़ियों को जागरूक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जीत की चाह में कुछ खिलाड़ी गलत रास्ते पर चले जाते हैं, उन्हें सतर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह खिलाड़ियों को आहार के लिए गाइड करें और मिलेट व पोषण मिशन में भी भूमिका निभायें। प्रधानमंत्री ने हारने वाली खिलाड़ियों को निराश नहीं होने और नए प्रयास करने की सीख दी। साथ ही उन्होंने 22 अक्टूबर से शुरू हो रहे एशियाई पैरा खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

### प्रधानमंत्री उत्तराखंड को देंगे 4200 करोड़ की सौगात

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह राज्य को लगभग 4200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े आठ बजे पिथौरागढ़ जिले के जोलिंगकोंग पहुंचेंगे, जहां वह पार्वती कुंड में पूजा और दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री इस स्थान पर पवित्र आदि-कैलाश से आशीर्वाद भी लेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब साढ़े नौ बजे पिथौरागढ़ जिले के गुंजी गांव पहुंचेंगे, जहां वह स्थानीय लोगों से बातचीत करेंगे और स्थानीय कला और उत्पादों पर प्रकाश डालने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। वह सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों के साथ भी बातचीत करेंगे। दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री जागेश्वर, जिला अल्मोडा पहुंचेंगे, जहां वह जागेश्वर धाम में पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2:30 बजे पिथौरागढ़ पहुंचेंगे, जहां वह ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की बैठकों में वित्त मंत्री सीतारमण उठाएंगी कई महत्वपूर्ण मुद्दे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतराष्ट्रीय मंचों पर भारत हमेशा ही जनहित के मुद्दे उठाता रहा है। इस बार 11 से 15 अक्टूबर तक मोरक्को के माराकेच में जी20 बैठकों के साथ-साथ विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन करेंगी। इन बैठकों में शामिल होने के लिए वित्त मंत्री आज 10 अक्टूबर को रवाना हो रहीं है।वित्तमंत्री निर्मला और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) की बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे, जिसमें जी20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधिमंडल बहुपक्षीय चर्चाओं में भाग लेंगे। इन बैठकों में बैंकों की मजबूती और तमाम वित्तीय चुनौतियों पर चर्चा होगी। जिसमें क्रिप्टो परिसंपत्तियों का मुद्दा भी उठाया जाएगा। बैठक के दौरान, स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा एमडीबी को मजबूत करने पर रिपोर्ट का खंड 2 भी जारी किया जाएगा। खंड 1 गांधीनगर, गुजरात में आयोजित तीसरे



एफएमसीबीजी के दौरान जारी किया गया था। इसके अलावा गोलमेज सम्मेलन ऋण पुनर्गठन पर हुई प्रगति पर चर्चा करेगा और तरीकों का पता लगाएगा। इसका मतलब जी20 देशों के काम का समर्थन करना है।यूएसए ट्रेजरी द्वारा आयोजित एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय वित्तमंत्री आईएमएफ नीति प्राथमिकताओं और संस्थान को अपनी सदस्यता का समर्थन कैसे करना चाहिए विषय पर एक गोलमेज चर्चा में भाग लेंगी। केंद्रीय वित्तमंत्री जी7 जापान प्रेसीडेंसी द्वारा विश्व बैंक समूह के साथ लचीला और समावेशी आपूर्ति-श्रृंखला संवर्धन (आरआईएसई) के लिए साझेदारी पर एक चर्चा में भी भाग लेंगी।माराकेच में आईएमएफ-डब्ल्यूबी की वार्षिक बैठक से इतर, वित्तमंत्री जी7 अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के दौरान व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण पर चर्चा में भाग लेंगी।

## मुलायम सिंह की पहली पुण्यतिथि पर बोली कांग्रेस- नेताजी की कमी पूरी करने वाला दूर-दूर तक कोई नहीं दिखता

**लखनऊ, शुभ भास्कर**। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति में इस वक्त यादव की कमी पूरी करने वाला पिछड़े वर्ग का कोई भी नेता दूर-दूर तक नजर नहीं आता। कांग्रेस द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा ''प्रदेश की राजनीति में मुलायम सिंह यादव की कमी पूरा करने वाला पिछड़े वर्ग का कोई नेता आज दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता।'' कांग्रेस और समाजवादी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के अहम घटक दल हैं। राय ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने गरीबी से निकलकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और फिर देश के रक्षामंत्री पद तक का सफर तय किया, लेकिन वह हमेशा जमीन से जुड़े रहे। उन्होंने कहा ''यादव ने जहां पिछड़ों को ताकत दी, वहीं अन्य सभी समाजों को भी अपने अपने साथ जोड़े रखा। वह एक व्यवहार कुशल



नेता थे जिनके सभी राजनैतिक दलों के साथ मधुर सम्बन्ध थे।'' सपा संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का पिछले साल 10 अक्टूबर को बीमारी के चलते निधन हो गया था।

## योगी कैबिनेट की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर, डॉक्टर अब 62 की जगह इतने वर्षों में होंगे रिटायर...

**लखनऊ, शुभ भास्कर** । राजधानी में लोकभवन में चल रही योगी कैबिनेट की मीटिंग समाप्त हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यह बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में 23 प्रस्ताव पेश किये गए थे जिनमें 19 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी है। कैबिनेट के सबसे बड़े फैसले में इस बात पर मुहर लगी है कि जो बच्चे बुजुर्ग माता-पिता की सेवा नहीं करते हैं उनको संपत्ति से बेदखल कर दिया जाएगा। योगी कैबिनेट की मीटिंग की पूरी जानकारी सूबे के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने एक प्रेसवार्ता द्वारा साझा की। उन्होंने बताया कि कैबिनेट की बैठक में तय हुआ कि डाक्टरों की रिटायर्मेंट में उम्र अब 65 साल की गई है। अभी तक चिकित्सकों की रिटायरमेंट की



उम्र 62 साल थी। हालांकि प्रशासनिक पदों पर बैठे चिकित्सकों के लिए यह सुविधा नहीं है। उन्होंने चिकित्सकों की रिटायरमेंट की उम्र के बारे में बताया कि जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी 62 साल में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। वहीं अन्य चिकित्सक भी 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त 16 जिलो के 18 बस स्टैंड को पीपीपी मॉडल पर बस पोर्ट बनाया जाएगा। ललितपुर में फार्मापार्क के लिए जमीन निशुल्क आवंटित की जाएगी। वहीं बरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर की स्थापना का प्रस्ताव मंजूर किया है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर योजना को हरी झंडी दी गई है। वहीं 15 से 25 प्रतिशत तक राजस्व व्रद्धि करने वाले नगर निकाय को सरकार अतिरिक्त मदद करेगी। इसके अलावा सांस्कृतिक, धार्मिक स्थलों, पौराणिक स्थलों के संरक्षण के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

## ट्रॉमा में भर्ती महिला की डेंगू से मौत, बीते 24 घंटे में राजधानी में मिले डेंगू के 30 मरीज

**शुभ भास्कर, लखनऊ**। शहर में डेंगू का कहर बढ़ता जा रहा है। डेंगू पीड़ित महिला की इलाज के दौरान ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। वह तीन दिन से बुखार से बुखार से पीड़ित थी। वहीं, राजधानी में बीते चौबीस घंटों में 30 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। गीतापल्ली निवासी पवित्रा उपाध्याय (34) बीते तीन दिनों से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों ने पहले नजदीकी डॉक्टर से इलाज कराया। बुखार न उतरने पर डॉक्टर की सलाह पर डेंगू की जांच कराई गई। जांच में डेंगू की पुष्टि होने पर उन्हें इलाज के लिए केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। ट्रॉमा में पवित्रा की हालत लगातार बिगड़ रही थी। सोमवार को सवेरे उसकी सांसें थम गईं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि फैजुल्लागंज में लगातार टीमें लोगों की जांच कर रही है। बीमार लोगों की जांच के साथ उन्हें जरूरी दवाएं दी जा रही है। सोमवार को




यहां श्याम विहार में टीम ने 100 घरों में फीवर ट्रेकिंग एवं सर्वे कार्य किया। वहीं 65 लोगों की जांच के बाद उनका उपचार किया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले में 1444 घरों व आस-पास के इलाकों की जांच की तो 7 घरों में लार्वा मिला। इसके लिए उन्हें नोटिस जारी की गई है।

स्वास्थ्य | यूपी में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही

## मुख्यमंत्री योगी ने 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों को बांटे नियुक्ति पत्र

**शुभ भास्कर, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन में 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र बांटा। इस दौरान आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने यूपी में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही। सीएम योगी ने कहा कि पहले सरकारी नौकरी की नियुक्ति में कई साल लग जाते थे। हमने पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया शुरु की और छह साल में 6 लाख से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दी। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज यूपी के विभिन्न अस्पतालों के लिए 393 आयुष फार्मासिस्ट मिल रहे हैं। आयुष क्षेत्र में कैरियर बनाने में लोग संकोच करते हैं। ऐसे में युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता है और आयुष से जुड़े हर चिकित्सक अपने संकोच को दूर करें। साथ ही इस दिशा में शोध करें। उन्होंने आगे कहा कि आयुष क्षेत्र से जुड़े डॉक्टर ही नहीं पैरा मेडिकल स्टॉफ की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। इसके अलावा सीएम योगी ने होम्योपैथिक फार्मासिस्टों को सम्बोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथ की विधा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। इस व्यवस्था का हिस्सा बनकर पूरी ऊर्जा के साथ प्रदेश को ताकत दें जिससे प्रदेश की समृद्धि बढ़े। हर व्यक्ति को अपना आत्मावलोकन करना होगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के प्रति अच्छा व्यवहार करें। अगर आपका व्यवहार अच्छा है और सद्भावना वाला है तो मरीज की आधी बीमारी ऐसे ही दूर हो जाएगी। आपका व्यवहार अच्छा रहेगा तो मरीजों की दुआ आपको लगेगी। यदि कोई गलत करेगा, उसकी जवाब देही भी होगी।

## ख़ास ख़बर



पटना के मीठापुर कार्यालय में नन्हीं परी ज्योति शर्मा का जन्मदिन मनाया गया।

### पांच सदस्यीय समिति गठित

**मधेपुरा।** एल. एल. बी. (पाँच वर्षीय डिग्री कोर्स) द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्षीय के मूल प्रमाण-पत्र का फॉर्मेट तैयार करने हेतु एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। समिति में अध्यक्ष, छात्र कल्याण को संयोजक और उप कुलसचिव (अकादमिक) को सदस्य-सचिव बनाया गया है। इसमें संकायाध्यक्ष ( समाजिक विज्ञान), संकायाध्यक्ष (मानविकी) एवं परीक्षा नियंत्रक को सदस्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि समिति के संयोजक को निदेशित किया गया है कि सात दिनों के अंदर सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करते हुए कुलसचिव कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित किया जाए।

### अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ ने माननीय कुलपति प्रो. डा.राजनाथ यादव को किया सम्मानित



**मधेपुरा।** अतिथि सहायक प्राध्यापक संघ द्वारा भूनामंडल विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो.डा.राजनाथ यादव को पाग, चादर, पुष्पगुच्छ व फूलों का माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही आगामी दशहरा, दिवाली व महापर्व छठ को ध्यान में रखते हुए आंतरिक श्रोत से वेतन भुगतान हेतु मांगपत्र सौंपा गया। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि अतिथि प्राध्यापकों को पिछले सात महीने से वेतन भुगतान नहीं हुआ है। इस अवसर पर कुलपति प्रो.डॉ.राजनाथ यादव ने कहा कि पटना में होने वाले बैठक में इस संबंध में जानकारी लेने जा रहा हूँ। सम्मानित करने वालों में वरिष्ट उपाध्यक्ष डा.सिकंदर कुमार,प्रवक्ता डा.संतोष कुमार, डा.राजेश कुमार सिंह, डा.सुमेध आनंद, डा.मनोज कुमार, डा.ब्रह्मदेव कुमार, डा.दिवाकर कुमार और सुधांशु शेखर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव और परीक्षा समिति अध्यक्ष तक पहुंचा संगीत विषय में गलत प्रश्नों के अंक बढ़ोतरी का मामला



**पटना।** एसटीईटी संगीत विषय में बहुत सारे गलत प्रश्नोत्तर के अंक बढ़े अथवा नहीं यह मामला आज मुख्यमंत्री,अपर मुख्य सचिव और अध्यक्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना को सैंकड़ों अभ्यर्थियों ने आवेदन देकर मांग किया कि संगीत विषय के दोनो पेपर में कितने कितने प्रश्न गलत थे और सभी गलत प्रश्नों के अंकों की बढ़ोतरी करके सभी योग्य अभ्यर्थियों को दिया गया है या नही इसकी जानकारी समिति सार्वजनिक करें और अगर अंक नही बढ़ाया गया है तो अंक बढ़ाया जाय ।संगीत शिक्षक सह उद्घोषक मुकेश मिलन ने कहा कि इस बाबत देर रात्रि शिक्षा मंत्री से अभ्यर्थियों ने पटना जाकर उनके आवास पर भी बात की । शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्पष्टीकरण पूछा गया है दो दिनों में जानकारी मिल जाएगी,आपलोग निराश नहीं हों । आवेदन देने वालों में जयकृष्ण कुमार यादव,उत्तम कुमार,रोहित झा,नटवर झा,राहुल,श्रवण,रौशन,रंजीत,विपिन ,रानी मंजीत कौर, दीपा, प्रीति, रणवीर, सुभाष, राजेंद्र, विश्वास, पप्पू, बि जेंद्रयादव,चंदन,नरेश,अभिनव,रंजीत कुमार राम,अक्षय,रविन्द्र,हरेंद्र साह आदि शामिल थे ।

जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

# जनता की समस्या को सुनना व निष्पादन करना ही जन संवाद का लक्ष्य- एसडीओ



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर प्रखंड के कोरहिया पंचायत के प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। वही जन संवाद कार्यक्रम में कोरहिया,डोरवार एवं जयनगर बस्ती पंचायत के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पदाधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही उनलोगों ने इन समस्याओं के निदान के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ वीरेंद्र कुमार और मंच संचालन बीडीओ राजीव रंजन ने किया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ एसडीओ वीरेंद्र कुमार,एसडीपीओ,विप्लव कुमार,अपर एसडीओ गोविंद कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता सुश्री तनुजा, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष आशुतोष रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर की।एसडीओ ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वही जन संवाद कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधियों ने भी पदाधिकारियों को पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही इन समस्याओं के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। एसडीओ ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उसके निदान का आश्वासन दिया। डीएसपी विपल्व कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाना में महिला सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, 112 नंबर डायल कर आपातकालीन सेवा प्राप्त कर सकते हैं, 12 से 15 मिनट के अंदर आप तक पुलिस सेवा पहुंचेगी।1930 पर डायल कर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराएं।सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें,हेलमेट पहने।इस मौके पर कोरहिया पंचायत के मुखिया महेश यादव,डोरवार के मुखिया प्रतिनिधि रामबाबू यादव,जयनगर बस्ती के मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह,ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के सदस्य तारानंद ठाकुर, सविता देवी,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, श्रम पदाधिकारी,सहायक विद्युत अभियंता, पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, पीएचईडी के कनीय अभियंता, जीविका दीदी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6

## 13 से शुरू हो रहे फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण में



**पूर्णियां ।** पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल बालक एवं बालिका वर्ग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने आज सुबह फाइनल मुकाबला प्रारंभ होने से पूर्व खिलाड़ियों खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के सभी फाइनल लिस्ट टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन हो इस पर भी विशेष ध्यान केंद्रित करना है। अपने हर कृतिमान को पीछे छोड़ते हुए रोज नए - नए रिकॉर्ड बना है। मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे मौ नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, खुशी कुमारी , विक्की कुमार, अनुराधा सिंह, भावना कुमारी, सैयद जब्बार हुसैन, पंकज कुमार, पुनीत कुमार सिंह, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार आदि। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर", हरिओम झा, मिथिलेश राय, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार,बब्लू चौधरी, एस एस सिंह "गुड्डू", एस एस प्रसाद पिंटू, स्वरूप दास, रितेश कुमार झा, चन्दन कुमार,पवन कुमार, ललित कुमार, रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

## सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक और बड़ी कामयाबी मिली



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए श्री महोद मनीष देवानन्द सहायक कमांडेंटमधवापुर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने एक विशेष गश्ती दल का गठन किया जिसकी अगुवाई सहायक उप निरीक्षक देश राज के साथ अन्य जवानो ने भारत नेपाल सीमा से सटे भारत नेपाल सीमांकन पिलर संख्या 295 के समीप 50 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटरसाईकल पर नेपाल से भारतीय क्षेत्र लाए जा रही 24 बोतल शराब ब्लैक ओके रम 375 एमएल देसी कट्टा 01 नग ,जिंदा कारतूस 01 समेत एक तस्कर कुन्दन कुमार पासवान उम्र 21 साल सपुत्र रंजीत पासवान, गाँव+ डाक घर जराइल, पुलिस स्टेशन अराइर, जिला मधुबनी ( बिहार) को सीमा चौकी मधवापुर के जवानों ने पकड़ा है। गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल से भारतीय क्षेत्र में बाइक से बड़ी मात्रा में नेपाली शराब लाई जा रही है। इसी के आलोक में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सीमा पर तैनात किया गया था। तैनात करने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जब्त किए गए शराब एवं देसी कट्टा एवं बाइक तथा गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस थाना माध्वापुर के हवाले करने की प्रक्रिया जारी है । समवाय मधवापुर प्रभारी श्री महोद मनीष देवानन्द सहायक कमांडेंट ने बताया की शराब तस्करी की सूचना हमें लगातार मिल रही थी। इसी के आलोक में जवानों को सीमा पर तैनात किया गया था,तथा सशस्त्र सीमा बल के जवानों को सफलता मिली है। । श्री गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट, 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष नाका, और विशेष गश्ती तेज कर दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिब्धियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया जा सके ।

### विवादों की जांच हेतु त्रिसदस्यीय समिति गठित

**मधेपुरा।** बीएनएमयू के शिक्षाशास्त्र विभाग अंतर्गत संचालित एम. एड. विभाग के अध्यक्ष एवं एक शिक्षक के बीच के विवादों की जांच हेतु एक त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है। समिति में अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह को संयोजक, कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका को सदस्य और उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर को सदस्य-सचिव बनाया गया है। प्रोफेसर इंचार्ज (शिक्षाशास्त्र विभाग) को निदेशित किया गया है कि समिति को सहयोग किया जाए।

### सिमराहा पुलिस ने दोनों गुमशुदा बच्चों को 12 घंटे के भीतर किया गया बरामद



**अररिया।** नौ अक्टूबर की संध्या को सिमराहा ओ पी अंतर्गत आशा कोचिंग सेंटर से 02 बच्चों के गुमशुदा होने की सूचना कोचिंग संचालक द्वारा पुलिस को दी गई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिमराहा ओ पी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए खोजबीन शुरू किया गया था। पुलिस की तत्परता से दोनों बच्चों (1) प्रिंस कुमार, उम्र करीब 11 वर्ष पिता - ललन यादव, सा०- लक्ष्मीपुर, थाना- कुर्साकांटा (2) सोनू - कुमार, उम्र करीब - 12 वर्ष, पिता मनोज यादव, सा०- लक्ष्मीपुर, थाना- सिमराहा ओ पी, दोनों - जिला - अररिया को 12 घण्टे के भीतर कटिहार रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया है। दोनों , बच्चे सिमराहा रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर स्वेच्छा से कटिहार चले गए थे।

### विमल (पत्रकार) हत्याकांड के अभियुक्त ने किया सरेंडर

**अररिया।** रानीगंज थाना ( कांड संख्या - 338 / 23, दिनांक 18/08/23, धारा - 302 /120 (बी) भा० द० वि० एवम 27 आर्म्स एक्ट) के दैनिक जागरण अखबार के पत्रकार विमल यादव हत्याकांड के एकमात्र फरार चल रहे अभियुक्त शैशव यादव पिता - उमेश यादव, सा०- कोशकापुर, थाना रानीगंज, जिला अररिया ने - पुलिस की निरंतर दबिश एवम डर से आज दिनांक 10/10/23 को माननीय न्यायालय में समर्पण किया।" अररिया पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर"।

### फिट इंडिया मूवमेंट के जरिए हेल्दी इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाना हैःकमांडेंट



**अररिया।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेशानुसार दिनांक 10.10.2023 को श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया की अगुवाई में वाहिनी मुख्यालय में फिट इंडिया मूवमेंट (4.0) अभियान चलाया गया, जिसमें वाहिनी के अधिकारियों व जवानों ने वाहिनीं मुख्यालय अररिया से बस स्टैंड अररिया तक लगभग 03 किलोमीटर की दौड़ लगाई। श्री महेन्द्र प्रताप, कमांडेंट ने बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट के जरिए हेल्दी इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाना है तथा अधिक से अधिक स्थानीय जनता को स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि शारीरिक व्यायाम से तन और मन दोनों व्यवस्थित रहता है । इसलिए हम सभी को प्रतिदिन कम से कम 1घंटा किसी भी प्रकार की एक्सरसाइज करनी चाहिए। जिससे की हम अपने आप को फिट रख सके। इस कार्यक्रम में श्री उदय कुमार, उप कमांडेंट, निरीक्षक मनोज कुमार दुबे, उपनिरीक्षक परशूराम शर्मा, मुख्य आरक्षी सुशील कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार शर्मा एवं अन्य जवानों ने भाग लिया।

सम्मान | केंद्रीय मंत्री के हाथों हुई आशा कल्पना कुमारी एवं सेविका ललिता कुमारी सम्मानित

## अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन एवं रेफरल सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य की आशा एवं आंगनवाड़ी सेविका को मिला सम्मान

**पटना ।** बाल कुपोषण पर प्रहार करने के लिए राज्य सहित पूरे देश में कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं. इस उद्देश्य की पूर्ती में समेकित बाल विकास विभाग अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा इसमें स्वास्थ्यकर्मी भी अपना सहयोग कर रहे हैं. बाल कुपोषण के प्रबंधन एवं रेफरल में उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की दो महिलाओं को सोमवार को नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्मृति ईरानी द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया.

**अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन में कार्य प्रशंसनीयः** निदेशक, समेकित बाल विकास निदेशालय, बिहार सरकार डॉ. कौशल किशोर ने कहा कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन एवं रेफरल सेवा प्रदान करने के लिए राज्य की दो महिलाओं को सम्मानित किया गया है. यह हमारे लिए गर्व का विषय है और मुझे उम्मीद है इससे सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्यकर्मी बेहतर कार्य करने को प्रेरित होंगे आयोजित कार्यक्रम में भागलपुर जिले में कार्यरत आंगनवाड़ी सेविका ललिता कुमारी एवं खगड़िया जिले में अपनी सेवा प्रदान करने वाली आशा कार्यकर्ता कल्पना कुमारी को



अति गंभीर कुपोषित बच्चों के प्रबंधन एवं रेफरल सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, स्मृति ईरानी द्वारा विज्ञानं भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से चयनित एक आशा एवं एक आंगनवाड़ी सेविका को केंद्रीय मंत्री द्वारा कार्यक्रम में सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में राज्य की तरफ से पोषण अभियान के राज्य के स्वास्थ्य एवं पोषण सलाहकार डॉ. मनोज कुमार, भागलपुर सदर की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रूबी सिंह, भागलपुर सदर की महिला पर्येवेक्षिका लक्ष्मी कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका ललिता कुमारी, खगड़िया की जिला योजना समन्वयक हेमलता जोशी, आशा कल्पना कुमारी तथा आशा ललिता कुमारी शामिल रहीं।

## मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हरलाखी प्रखंड के परिसर में एक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** 48वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री गोविंद सिंह भंडारी के निर्देशानुसार आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हरलाखी प्रखंड के परिसर में एक देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरलाखी प्रखंड के अंचल अधिकारी श्री सौरभ कुमार उपस्थित रहे तथा ब्लॉक के अन्य कर्मी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इनके अलावा नेहरू युवा केंद्र एवं मधुबनी हरलाखी राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यकर्ता श्रीमती गुड़िया शाह भी मौजूद रही। इस कार्यक्रम के संयोजक के तौर पर सशस्त्र सीमा बल के 48वीं वाहिनी की समवाय प्रभारी हरने से निरीक्षक ऋषिकेश कुमार एवं समवाय पीपरोंन से निरीक्षक सुनील कुमार मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हरलाखी प्रखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक घरों से एकत्रित की गई



मिट्टी अथवा चावल को संग्रहित कर नेहरू युवा केंद्र मधुबनी को हरलाखी प्रखंड अंचल अधिकारी श्री सौरव कुमार की अगुवाई में सुपुर्द करना था। इस कार्यक्रम के तहत एक छोटा सा देश भक्ति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें सेंट जेवियर स्कूल उमगांव के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे साथ ही स्कूल के अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे इसके अलावा बालक एवं बालिका उच्च विद्यालय उमगांव के छात्र एवं छात्राओं एवं शिक्षक सहित लगभग 200 जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे ,दोनों विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत हरलाखी प्रखंड से अंबेडकर चौक उमगांव तक एक रैली कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें दोनों विद्यालयों के सभी छात्र-छात्राएं ,शिक्षक गण एवं स्थानीय ग्राम वासी भी मौजूद रहे ।

## ख़ास ख़बर

### 11वें दिन भी सेविका सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटी रही



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर,सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत अनिश्चितकालीन हड़ताल के 11वें दिन भी प्रखंड क्षेत्र के सभी सेविका और सहायिकाएं अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर डटी हुई है। मंगलवार को सीडीपीओ कार्यालय के सामने सेविका और सहायिकाओं ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आवाज बुलंद किया। इस दौरान दर्जनों सेविका-सहायिकाएं सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए बाजार में जुलूस निकाला। जुलूस प्रखंड कार्यालय परिसर से निकलकर दुर्गा मंदिर चौक पहुंची। इस दौरान सेविकाएं सरकार से मानदेय में वृद्धि, राज्यकर्मी का दर्जा देने सहित अन्य मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। संघ प्रखंड अध्यक्ष बबिता झा ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने चुनाव से पहले सेविका-सहायिकाओं के मानदेय बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद वादा को भूला दिया गया। कहा कि सेविकाओं का मानदेय 25 हजार और सहायिकाओं का मानदेय 18 हजार रुपए करने, अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10 हजार रुपए भुगतान करने, रिक्त पदों पर जल्द बहाली करने और जुलाई 2022 में हुए समझौते के आलोक में लंबित मांगों को पूरा करने, सेविका-सहायिका को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देते हुए सेविकाओं को ग्रेड सी और ग्रेड डी में समायोजित करने आदि मांगें शामिल हैं।

### मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव का जदयू कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से 77 वां जयंती मनाया



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत सिमराही वार्ड 17 में मनोज यादव के निज आवास पर जदयू कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सुपौल विधानसभा के विधायक सह बिहार सरकार में मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव का कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से 77 वां जयंती मनाया। इस दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रो. डॉ. कमल यादव, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूनम देवी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। मिठाई खिलाकर जन्म दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री श्री यादव के लंबी उम्र की कामना की। प्रखंड अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि मंत्री श्री यादव के विकास कार्यों को देखते हुए जिला वासियों ने उन्हें सुपौल का विश्वकर्मा नाम दिया है। उनके प्रति लोगों का प्यार स्नेह असीम है। इस उम्र में भी मंत्री साहब लोगों के बीच काम कर रहे हैं। ईमानदारी से लोगों के बीच काम करते आ रहे हैं। साधारण जीवन और उच्च विचार उनकी विशेषता रही है। जिला में लगातार सातवीं बार विधायक बनते आ रहे हैं। ताउम्र बेदाग छवि रहे। राजनीति जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत है। मौके पर मनोज यादव, जदयू प्रखंड किसान प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र प्रसाद यादव, बैजनाथ यादव रौशन,मकसूदन यादव, सुरेश यादव, मो. जाकिर, विभाष कुमार, शिव शंकर दास, दीपेन्द्र कुमार यादव, आदि मौजूद थे।

# छात्रावास निर्माण कार्य में अनिमियत्ता को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड अंतर्गत बेलासिंगार मोती पंचायत स्थित कस्तूरबा विद्यालय परिसर में छात्रावास भवन निर्माण कार्य में अनिमियत्ता बरते जाने पर ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे विनोद कुमार मेहता, मुकेश कुमार, कृष्णा कुमार, ओम प्रकाश, मोहन, अखिलेश, किसून, राजकुमार ठाकुर, श्याम मेहता, बद्री मेहता, अरुण मेहता आदि ने बताया की कस्तूरबा विद्यालय परिसर मे छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन भवन निर्माण कार्य में निम्न स्तर के बालू एवं गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। लोगों को आशंका है कि भवन बनने की कुछ ही दिनों के बाद यह भवन धराशाही हो सकता है। बताया कि कई बार भवन निर्माण कार्य में अनियमित को लेकर संवेदक सहित जेई को शिकायत की गई लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। लोगों ने बताया कि बीते कई महीनो से भवन का निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन निम्न स्तर से ही भवन निर्माण कार्य में निम्न स्तर के मेटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को संवेदक के खिलाफ कस्तूरवा विद्यालय परिसर में जमकर प्रदर्शन किया। बता दे की एक ओर बिहार सरकार शिक्षा को दुरुस्त करने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही है लेकिन कस्तूरबा विद्यालय में निर्माणधीन छात्रावास में निम्न स्तर के मेटेरियल का उपयोग किए जाने से उदासीन हो रही है। संवेदक नूतन देवी के द्वारा बिहार सरकार का उपक्रम बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी कुल लागत 2 करोड़ 64 लाख 7 हजार 700 रूपए है।

**छात्रावास में टाइल्स भी उखड़ने लगा:** कस्तूरबा विद्यालय परिसर में इससे पूर्व बने छात्रावास के पुराने भवन में लगाए गए टाइल्स निर्माण के कुछ दिन बाद ही टूटने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व भी कस्तूरबा विद्यालय में छात्रावास के निर्माण कार्य में अनिमियत्ता बरती गई थी। जिस कारण निर्माण के कुछ महीने बीतने के बाद ही टाइल्स उखड़ने लगा। लोगों का कहना था कि इससे पूर्व भी कई बार संबंधित संवेदक एवं अधिकारी को उनकी शिकायत की गई लेकिन कोई इस पर संज्ञान नहीं लिया। इस सबंध में पूछने पर बीईओ मधुसूदन प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहार राज्य शिक्षणिक आधारभूत संरचना के तहत कस्तूरबा छात्रावास भवन का निर्माण में ग्रामीणों द्वारा विरोध किये जाने की जानकारी प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर वरीय पदाधिकारी को भेजा जाएगा।

## 1620 बोतल नेपाली दिलवाले शराब व गाड़ी समेत दो तस्कर गिरफ्तार



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत भीमपुर पुलिस ने रविवार की शाम संध्या गस्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर एनएच 57 से 1620 बोतल नेपाली दिलवाले शराब समेत दो तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मौके से पुलिस ने बिना नम्बर प्लेट वाली एक टाटा सूमो गाड़ी व एज रेडमी मोबाइल को भी जब्त किया है। गिरफ्तार तस्कर में एक नरपतगंज थाना क्षेत्र के मधुरा पश्चिम वार्ड 1 निवासी पवन कुमार है, वहीं दूसरे तस्कर फुलकाहा थाना क्षेत्र के मधुरा पश्चिम वार्ड 1 निवासी कुंदन कुमार बताया जा रहा है। जब्त किए वाहन में करीब 18 बोरी में कुल 300 एमएल का कुल 486 लीटर दिलवाले शराब बरामद किया गया है। जानकारी में भीमपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि बीती रविवार शाम गुप्त सूचना मिली कि एक वाहन से भारी मात्रा में शराब की तस्करी होने वाली है। जिसके आधार पर पुलिस बल के द्वारा थाना से महज 800 मीटर पश्चिम एक बिना नम्बर वाली प्लेट का गाड़ी आते देख उसे रोककर जांच किया गया तो उसमें पलास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में नेपाली दिलवाले शराब को बरामद किया गया। त्रिवेणीगंज एसडीपीओ बिपिन कुमार ने बताया कि जब्त किए गए 18 बोरी में कुल 486 लीटर शराब के साथ एक वाहन सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि कारोबारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## वरिष्ठ मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव का मनाया जायेगा जन्मदिन



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में जनता दल यू जिला कार्यालय सुपौल के कर्पूरी सभागार में 10/10/2023 को दिन के 2 बजे बिहार सरकार के वरिष्ट मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव का जन्म दिन जनता दल यू साथियों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव अमर कुमार चौधरी जगदीश प्रसाद यादव जुगल किशोर अग्रवाल हरेकांत झा संजीव नयन गुप्ता अशोक चौधरी खुर्शीद आलम ओमप्रकाश यादव रामचन्द्र यादव ललिता जायसवाल प्रवक्ता प्रमोद कुमार मंडल योगमाया चौधरी गुंजन सिंह गणेश सिंह कलानंद झा मकसूद आलम चंद्रभूषण मंडल फरीद अंसारी सदाकत प्रियंका कुमारी पप्पु साह अजय अजनबी सौरव झा बद्री नारायण मंडल सौरव काजू अभय मिश्रा गगन ठाकुर दीपक मंडल सुनील कुमार रजिया प्रवीण राहुल कुमार राजा हुसैन जावेद बबलू कामत आरिफ हुसैन सागर साजन प्रदीप साह बिभाष यादव जगदीश पोद्दार अमर नाथ बाजपई पप्पू यादव सहित सैकड़ों जनता दल यू साथी उपस्थित हुए । जन्म दिन के अवसर पर नगर जद यू प्रखंड जद यू युवा जद यू और ब्यबसायिक प्रकोष्ठ के द्वारा चार केक काट कर सभी साथियों को खिलाया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि माननीय मंत्री अपने कार्यकाल में सुपौल जिले को राज्य ही नहीं अपितु देश के मानचित्र पर स्थापित करने का काम किया है ! उनके ईमानदारी कर्तव्य निष्ठा का दूसरे दल के लोग भी मिशाल देते हैं और उनसे प्रेरणा लेते हैं। इसके बाद आज सुपौल नगर जनता दल यू के नव मनोनित अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही सुपौल नगर वाशी जगदीश पोद्दार को जनता दल यू का सदस्यता ग्रहण कराया गया।

### पंडित दया नंद मिश्र को पुण्यतिथि पर किया गया याद



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार के परमानंदपुर पंचायत के अड़राहा ग्राम स्थित समाधि स्थल पर बिहार संस्कृति बोर्ड पूर्व संयोजक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त दयानंद मिश्र की 23 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित अलख नारायण झा ने उनके सम्मान में स्व रचित कविता पाठ किया। साथ ही आचार्य धमेंद्र नाथ मिश्र ने वेद मंत्रोच्चार व पितृपक्ष महात्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंडित दयानंद मिश्र अपने जीवन काल में संस्कृत भाषा के विकास एवं समाजसेवा में जुटे रहे। समारोह को प्रो० शिवकांत मिश्र, अलख नारायन झा, आचार्य धमेंद्र नाथ मिश्र, रामविलास मेहता, गायक उमेश झा, ज्योति कुमार झा बबलू ,पंडित शोभा कांत मिश्र, देवकांत मिश्र, सुधीर मिश्र, ने संबोधित किया। मंच संचालन संजय कुमार मिश्र, ने की।जयनंदन झा रंजीत कुमार झा, डॉ० सुशील झा, विभाष झा, कृष्ण कांत झा,मिथलेश झा, जगदीश झा आदि उपस्थित थे।

### बिभगिये निर्देशानुसार दिन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौसल्य योजना अंतर्गत प्रखंड में 12.10.23 को एक दिवसीय लगेगा रोजगार मेला



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के पीपरा प्रखंड अंतर्गत विभागीय निदेशानुसार, जिला परियोजना प्रबंधक, जिला परियोजना समन्वयन इकाई, सुपौल, जीविका, सुपौल द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU-GKY) के अंतर्गत सुपौल जिला अन्तर्गत पिपरा प्रखण्ड में दिनांक 12/10/2023 (गुरुवार) को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाना है। इस रोज़गार मेला में जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखंडो के ग्रामीण क्षेत्रों से युवक एवं युवतियां स्वरोजगार, रोज़गार आधारित विभिन्न प्रशिक्षणों आदि से सम्बंधित विभिन्न कार्यकलापों से लाभान्वित हो सकेंगें। रोजगार मेला में विभिन्न नियोक्ताओं, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI), जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (DRCC), DDU-GKY अन्तर्गत विभिन्न परियोजना कार्यान्वयन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन स्थल : बम भोला आवासीय उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसहा, लिटायाही, प्रखण्ड- पिपरा, जिला- सुपौल में किया जाना निर्धारित है।

### सिमराही हाईस्कूल के पास ई-रिक्शा पलटा, चार घायल



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल ।** जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत लखीचंद हाईस्कूल सिमराही के पास मंगलवार दोपहर एक ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार चार महिला घायल हो गई। घायलों का इलाज रेफरल अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि सरायगढ़ भपटियाही थाना क्षेत्र के छिटही मोतीपुर निवासी शबनम खातुन (25), साबो खातुन (35) और बेरदह निवासी रजिया देवी (55) और बिमला देवी (65) नरहा से एक ई-रिक्शा बीआर 50 इआर 0801 से किसी काम को लेकर सिमराही बाजार जा रहे थे। इसी क्रम में हाईस्कूल के पास सामने से आ रहे एक कार से बचाने के क्रम में चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिस कारण ई-रिक्शा गड्ढा में पलट गया। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। वही शोर सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां फिलहाल घायलों का उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी ने बताया कि घटना को लेकर जानकारी मिली है। फिलहाल आवेदन नहीं मिला है। आवेदन अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम | कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ शिनेश कुमार सिंह एंव सीओ रविंद्र कुमार चौपाल ने किया

## लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन समस्या का समाधान और सुझाव के लिए जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले के पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत थुमहा पंचायत स्थित कचरा प्रबंधन भवन के प्रांगण में मंगलवार को बीडीओ शिनेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वन समस्या का समाधान और सुझाव के लिए जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ शिनेश कुमार सिंह एंव सीओ रविंद्र कुमार चौपाल ने किया जहां मुख्य अतिथि अपर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार, और मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी मनीकांत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर अपर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनंत कुमार ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में लोगों के द्वारा शिकायत और सुझाव सामने आए हैं। दोनों ही स्थिति में लोगों को व्यवस्था समझाते हुए उनकी समस्याओं को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएम आवास योजना, जल नल योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, राशन कार्ड, कल्याण, संखिकी, श्रम प्रवर्तन, छात्रवृति, आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग व अन्य विभाग के पदाधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा पंचायतों में चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई. बीडीओ ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता और पदाधिकारी सीधे एक-दूसरे से रुबरू हो रहे हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनसंवाद कार्यक्रम में दी जा रही है, ग्रामीणों को कई अन्य महत्वपूर्ण योजना की जानकारी भी मिल रही है। इसके साथ ही पदाधिकारी भी ग्रामीण की समस्या से ऑन द स्पॉट अवगत हो रहे हैं। ताकि जन समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। इस मौके पर बीपीएम कन्हैया कुमार सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रितेश रंजन, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी शैलेश कुमार, पशु चिकित्सा पदाधिकारी कुमार बबलू, सहायक तकनीकी प्रबंधक रमेश कुमार,उप मुखिया रविंद्र कुमार रवि, कृष्णबहादूर चौधरी,प्रकाश कुमार,उमेश मंडल,संकर कुमार,चंदू मंडल,लाल पासवान ,शैलेन्द्र कुमार,प्रभाष कुमार,प्रभू साह,मोहम्मद सत्तार आलम,उमेश कुमार चौधरी, पैक्स अध्यक्ष बद्रीनारायण चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जन संवाद में कल्याणकारी योजना के संबंध में अधिकारियों ने दी जानकारी




**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के ठूठी पंचायत में मंगलवार को छातापुर आरडीओ रितेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जन संवाद का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एएसडीएम प्रमोद कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम से पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय ने मुख्य अतिथि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस जन संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए, उनके समस्या और योजनाओं के संबंध में बताया गया और उसका समाधान किया गया। एएसडीएम प्रमोद कुमार, आरडीओ रितेश कुमार सिंह, सीओ उपेंद्र कुमार, पंचायत मुखिया कोमल देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उसके बाद लोगो को विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और लोगो से सुझाव व प्रतिक्रिया ली गई। मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय ने बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीएम आवास योजना, जल नल योजना, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, राशन कार्ड, कल्याण, संखिकी, श्रम प्रवर्तन, छात्रवृति, आंगनबाड़ी, राजस्व विभाग व गृह विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी अपने-अपने विभाग द्वारा पंचायतों में चलाई जा रही सभी योजनाओं की लाभ प्राप्त करने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य समस्या,वृद्धा पेंशन,राशन कार्ड,नही बनने और नल जल से संबंधित शिकायते की। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते एएसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच जाकर जनता को सीधे अवगत कराना है। जिससे आम जनता अधिक से अधिक इसका लाभ ले सके। कहा कि लोग अपने अपने जमावंदी को आधार से लिंक करा लें ताकि अगर कोई व्यक्ति आपके जमावंदी से छेड़छाड़ करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मेसेज के माध्यम से आप को मिल सके। आरडीओ रितेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक जन कल्याण कारी योजना के तहत संबंधित सभी अधिकारी अपने जनसंवाद के माध्यम से जनता के बीच जाकर लोगों को कल्याणकारी योजना से अवगत कराना है। कार्यक्रम में एमओ संतोष कुमार, सीडीपीओ कुमारी पूजा, मनरेगा पीओ कौशल राय, सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार, थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, एलएस जूही कुमारी, स्वच्छता कॉर्डिनेटर संजय कुमार, जेई पीएचडी लालबहादुर साह ,जीविका परियोजना प्रबंधक रामाकांत मंडल, एएसआई भीमपुर अरुण कुमार, चिकित्सक डॉ हयात अनवर, मुखिया प्रतिनिधि मनोज राय, सरपंच अशोक राय, अर्जुन मेहता सहित पंचायत के वार्ड सदस्य एव जीविका दीदी मौजूद थे।

# खास खबर

### जिला मत्स्य पदाधिकारी ने लिया योगदान

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिला के नए जिला मत्स्य पदाधिकारी के रूप में चंदन कुमार ने सोमवार को जिला मत्स्य कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण किया। जिला मत्स्य पदाधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि जिले में सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी मत्स्य योजनाओं को धरातल पर सही तरीके से किया जाएगा। मछली उत्पादन के क्षेत्र में रोहतास जिले के सभी मछुआरों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

### हथियार के साथ तीन गिरफ्तार



**शुभ भास्कर,नोखा**। थाना क्षेत्र के छतौना गांव से पुलिस ने टॉप टेन अपराधी के साथ तीन को एक राइफल सहित तीन को गिरफ्तार कर जल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि छतौना गांव में नहर पुल के पास से पुलिस ने हथियार के साथ तीन को गिरफ्तार किया है। नोखा थाने में प्राथमिक की दर्ज करते हुए इनमें दाउदनगर के अदई गांव निवासी सुरेश राजवंशी को औऱगावाद जिला के टॉप टेन अपराधी बताया जा रहे हैं । जिसे पकड़ने के लिए एसटीएफ बोधगया के राजीव रंजन सिन्हा के टीम द्वारा सूचना के आधार पर नोखा थाना क्षेत्र के छतौना गांव में नहर के पास मछली मार रहे सुरेश राजवंशी से को हिरासत में ले लिया। पुलिस को सिविल ड्रेस में हिरासत में लेने पर उपस्थित कुछ लोगो ने विरोध किया। जहां पर की पुलिस द्वारा हथियार निकल गई। तो इनमें एक राइफल निकाल करके पुलिस की मारने की धमकी दी गई। जहां पर पुलिस द्वारा तत्कालीन अभिमन्यु राम और मुन्ना राम को हिरासत में लेकर के नोखा थाना लाया गया। इनके पास से जो राइफल पकड़ी उसकी कागजात की मांग की गई। जो नहीं दिखाने पर दोनो को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। नोखा थाने में दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसटीएफ के राजीव कुमार सिन्हा ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते कहा है कि एसटीएफ (बोधगया )की टीम द्वारा औरंगाबाद के टॉप 10 अपराधी जिसकी की अरवल जिले के हसपुरा थाना का अभियुक्त है ।जिसे पकड़ने के लिए एसटीएफ द्वारा कई दिनों से प्रयास किया जा रहा था। जहां पर की सूचना मिली की छतौना गांव मेंमें मुन्ना राम के यहां रह रहा है।पुलिस को सूचना पर पहुंच करके उसे गिरफ्तार करने के लिए छतौना गाव पहुची गिरफ्तार करने के क्रम में कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। इसी क्रम में राइफल निकलने पर दोनों को हिरासत में लेकर के नोखा थाना लाया गया। यहां पर नोखा थाना की मदद से छतौना गांव में छपेमारी की गई। हालांकि उसके बाद कुछ मिला नहीं। औरंगाबाद के हसपुरा गांव थाना क्षेत्र के अभियुक्त सुरेश राजवंशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हसपुरा थाना भी पहुची । जिसकी पूछताछ की । पुलिस ने मुन्ना राम एव अभमन्यु राम, और सुरेश राजवंशी को जेल भेज दिया गया।

### रैगिंग दिवस पर कार्यशाला




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। रैगिंग को हमेशा से अभिशाप के के रूप में देखा जाता है साथ ही यह दंडनीय अपराध भी है। रैगिंग किसी भी तरह से उचित नहीं है क्योंकि इसके प्रभाव से प्रताड़ित होने वाल कुछ भी करने के लिए मजबूर हो जाते हैं ।रैगिंग से जितनी भी दूरी बनाए रखी जाए छात्रों के लिए उतना ही लाभदायक है। उक्त विचार आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ,जमुहार में आयोजित रैगिंग निषेध सेमिनार को संबोधित करते हुए डिहरी की अंचलाधिकारी अनामिका कुमारी ने कही। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुफस्सिल थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शुभम कुमार ने छात्रों को बताया कि इससे होने वाले नुकसान का किसी भी प्रकार से भरपाई नहीं की जा सकती इसलिए रैगिंग को ना कहें ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहतास जिले के बड़े छात्रों को नवागंतुक छात्रों से छोटे भाई शरीखा व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा जिस प्रकार राम ने भारत ,लक्ष्मण, हनुमान ,विभीषण,निषाद राज, सुग्रीव जैसे अपने से छोटों को भी प्रेम देते हुए एक मर्यादा कायम की इसी प्रकार आप भी अपने छोटे भाइयों को प्यार दें एवं उनका मार्गदर्शन करें ।साथ ही उन्होंने नवागंतुक मेडिकल छात्रों का भी आह्वान किया कि अपने से सीनियर्स को बड़े भाई के रूप में सम्मान देते रहे ।रैगिंग सेमिनार को वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नारायण स्कूल आफ लॉ के डीन डॉ राकेश वर्मा, नारायण मेडिकल कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ अशोक देव, गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप ,डीन फैकल्टी ऑफ़ मेडिसिन डॉ मुक्तिनाथ सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ पुनीत कुमार सिंह ,प्राचार्य डॉक्टर विनोद कुमार ने भी संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने किया।

# बिक्रमगंज में सेविकाओं ने किया एक दिवसीय भूख हड़ताल

**प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी ने जूस पिलाकर भुख हड़ताल को तोड़वाया, सेविकाओं ने सौपा ज्ञापन**



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। मंगलवार को स्थानीय प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन पुनः एक जुट होकर केंद्र सरकार और बिहार सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए भूख हड़ताल किया। जिसकी अध्यक्षता बिक्रमगंज प्रखंड के आंगनवाड़ी संघ की उपाध्यक्ष रेखा देवी ने किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी संघ की उपाध्यक्ष रेखा देवी ने बताया कि केंद्र सरकार और बिहार सरकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ दोहरी नीति अपनाते हुए अभी भी सौतेलापन व्यवहार कर रही है। बिहार राज्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर सभी सेविकाओं के द्वारा पहले तीन दिवसीय हड़ताल किया गया ताकि ताकि सरकार आकर हमारे शीर्ष नेताओं से वार्ता करें। इसके बावजूद भी केंद्र सरकार और बिहार सरकार सेविकाओं की मांग को अनदेखी कर रहा है ।जब सरकार और विभाग के किसी अधिकारी ने संघ के नेताओ से वार्ता करना उचित नही समझा तो 9 अक्टूबर से बिहार की सारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान करते हुए सारे कार्यो पर पूर्ण रूप से विरोध करते हुए हड़ताल पर चली गयी है। इसी कड़ी में बिक्रमगंज प्रखंड मुख्यालय के मुख्य द्वार पर बिक्रमगंज आंगनवाड़ी सेविका संघ की उपाध्यक्ष रेखा देवी, कार्यकारणी अध्यक्ष लालती कुमारी, कोषाध्यक्ष संगीता सिंह, उप सचिव ज्योति कुमारी, सुधा कुमारी पुष्पा कुमारी, बैजंती कुँवर व सहायिका नीलम देवी, मिथलेश देवी ने सफलता पूर्वक प्रखंड की अन्य सेविकाओं के साथ एक दिवसीय भूख हड़ताल किया। सुबह से भुख हड़ताल पर बैठी सेविका व सहायिका को प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी ने जूस पिलाकर उनकी मांगों का समर्थन करते हुए भूख हड़ताल तोड़वाया। सम्बन्ध में प्रभारी सीडीपीओ शशि कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेविकाओं के द्वारा पांच सूत्री मांगो को लेकर कार्यालय को माँग पत्र दिया गया है जिसे मेरे द्वारा विभाग के वरीय पदाधिकारी को बढ़ाया गया है। सेविकाओं के अनिश्चिकालीन हड़ताल पर चले जाने से कार्य बहुत काफी प्रभावित है। सेविकाओं के द्वारा आज एक दिवसीय भूख हड़ताल किया गया था। सेविकाओं से संध्या चार बजे ज्ञापन लेते हुए जूस पिलाकर हड़ताल को तोड़वाया गया है। मौके पर सेविका अनिता देवी, भागमनी देवी, ललिता देवी, तृप्ति देवी, मनी देवी, याशमीन बानो, फरीदा जलाल, मंजू देवी, किरण देवी, संगीता देवी, शकुंतला देवी, रंजू देवी के साथ सैकड़ो सेविका व सहायिका मौजूद थी।

## डीएम ने खेल भवन एवं स्टेडियम का निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार के द्वारा सासाराम शहर के ओझा टाउन हॉल , ऑडिटोरियम एवं फजलगंज स्थित मल्टीपरपज हॉल, खेल भवन तथा फजलगंज स्टेडियम का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण एवं उनके अधीनस्थ अभियंता गण उपस्थित रहे । निरीक्षण के दौरान प्रत्येक भवन की भौतिक स्थिति, उसके निर्माण का समय व वर्ष तथा वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया एवं इनके बेहतर प्रबंधन के संबंध में कार्यपालक अभियंता को आवश्यक निर्देश दिए गए। कई भवन काफी पुराने हैं । अतः उनके रख -रखाव एवं प्रबंधन के संबंध में अलग से प्रस्ताव बनाए जाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए भविष्य में निर्णय लिया जाना आवश्यक होगा। जिले के व्यापक हित में भवनों का बेहतर रख -रखाव और समय-समय पर मरमती आवश्यक है, इसके लिए विशेष हिदायत दी गई। इस दौरान, विशेष कार्य पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, नजारत उपसमाहर्ता भानु प्रकाश एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी धर्मवीर सिंह भी उपस्थित रहे।

## साइबर अपराध से बचने के लिए छात्राओं को किया गया जागरूक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ/रोहतास**। रोहतास जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशानुसार दावथ प्रखंड के स्कूल, कालेजों में अभियान चलाकर विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दावथ के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में पुलिस पदाधिकारी द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं को जागरुक करते हुए दावथ थाना के एसआई राकेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध चरम पर है। आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इसे रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी लोगों को यह समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े चालाक होते हैं। बड़े सोशल प्लेटफार्म को सावधानी व सतर्कता के साथ प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से अपराधियों के द्वारा इंटरनेट मीडिया को साइबर क्राइम का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए विद्यार्थियों को खुद जागरूक होने के साथ ही दूसरों को भी जागरूक करना होगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी शिक्षक कौशलेश कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार ,सर्वज्ञ तिवारी, शिक्षिका पूनम कुमारी ,श्वेता कुमारी, शशि बाला कुमारी, रीना कुमारी आदि उपस्थित थे।

## बिना कनेक्शन लिए बिजली जलाना पड़ा महंगा, जुर्माना




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। गुप्त सूचना के आधार पर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्रखंड बिक्रमगंज अंतर्गत छापेमारी कर बिजली चोरी करते 5 लोगो को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध बिक्रमगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज नवदीप गोयल के नेतृत्व में विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी के क्रम में बिना कोई वैध विद्युत संबंध के अवैध रुप से विद्युत ऊर्जा की चोरी को लेकर ग्राम-रौनी के दिनेश सिंह, पिता-राम इकबाल सिंह पर 13203, खुशीलाल सिंह पिता-स्व० मुंशी सिंह पर 13203 एवं उमेश सिंह पिता-राम इकबाल सिंह पर 13203 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चले कि जांच दल द्वारा ग्राम-अमौना टोला के राजेश सिंह पिता-स्व० हरिवंश सिंह पर 12213 एवं गयानन्द सिंह पिता-स्व० हरिवंश सिंह पर 12213 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उपरोक्त व्यक्ति के द्वारा एल.टी. तार में सीधे टोका फंसाकर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी तथा परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नही था। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा प्रायः उपभोक्ताओं से आग्रह किया जाता रहा है कि जो भी उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत का उपयोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें साथ ही साथ जो व्यक्ति विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह अपना विद्युत संबंध ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज अंतर्गत गत माह में 53 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमे कुल दंडित राशि 1972631 लगाई गई थी। ऊक्त जांच दल के क्षेत्रीय मानवबल मिस्त्री उदय सिंह, सोनू कुमार सिंह एवं लाइनमैन अविनाश कुमार उपस्थित थे।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के नव निर्वाचित सदस्यों का अभिनंदन समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। सासाराम के कुशवाहा सभा भवन में रोहतास जिला के भारतीय जनता पार्टी के तहत ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारीयों का अभिनंदन गर्मजोशी के साथ हुआ। इस सभा की अध्यक्षता रोहतास जिला के ओबीसी अध्यक्ष सह काराकाट लोकसभा के संयोजक श्री नवीन चंद्र साह जी ने की। मंच का संचालन श्री संजीव मोहन महामंत्री ने की। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। श्रीमती शीला प्रजापति प्रदेश उपाध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ताओं ने फूल माला से लाद दी उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा Nation First की तरंगे हृदय मे उमड़नी चाहिए। तभी राष्ट्र की जड़े मजबूत होगी। मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं को जमीन पर उतरने एवं लाभार्थीओं को जागरूक करने की वकालत की। उद्घाटकर्ता बलराम मंडल जी ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने राजनीति में ओबीसी के कर्तव्य एवं दायित्व का बोध कराया। तभी हम अपने लक्ष्य में कामयाब होंगे।सुशील कुमार भाजपा जिला अध्यक्ष रोहतास में गणमान्य आगत अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए दल के गठन की युक्ति बताई बताई संजीव मोहन ने संगठन पर विशेष जोर दिया, इस नींव पर दलित एवं वंचित का कल्याण टीका है। नवीन चंद साह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में पिछड़ी जातियों के उत्थान की दूरदर्शी बातें बताई जिससे अत्यंत पिछड़ा भी विकास का प्रकाश पा सकता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अजय चौहान ने राजनीतिक में पिछड़े लोगों को कैसे उत्थान हो इस पर संजीदगी में प्रकाश डाली। इस मौके पर प्रदेश ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश चौहान, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरवन चौहान, सासाराम लोकसभा के प्रभारी हरेराम चंद्रवंशी, विस्तारक अमित कुमार बिहारी, जिला महामंत्री विजय सिंह, अशोक गुप्ता, जिला ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष सनी चौरसिया ,उमेश चौहान ,कन्हैया शर्मा जिला ओबीसी मोर्चा के मंत्री अरुण कुमार गुप्ता ,धीरू कुमार शर्मा, विजय शर्मा ,विनोद सिंह ओबीसी मोर्चा के अन्य पदाधिकारी कृष्ण गुप्ता ,कुंदन जायसवाल, नीलकमल गुप्ता, दिनेश साहू रामायण पासवान, रेशमा पटेल सत्येंद्र सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों के साथ अधिकारियों ने विशेष बैठक किया




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नासरीगंज नगर पंचायत के सभा कक्ष में मंगलवार को दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष सुधीर कुमार व नपं ईओ राकेश कुमार ने सभी पूजा समिति के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में श्री श्री बड़ी देवी दुर्गा पूजा स्थान, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति हरिहरगंज, श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मंगलबाजार, शिव शक्ति संघ, श्री श्री नवदुर्गा पूजा समिति धुस और नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति बरडीहा के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान नगर में जगह-जगह गड्ढे की भराई, मीट-मांस पर रोक लगाना, पेड़ की टहनी की छटाई, रावण दहन के लिए गांधी मैदान की साफ-सफाई, ध्वनी विस्त्राक यंत्र, पोस्टल रोड समेत कई अन्य स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती आदि विषयों को अधिकारियों के समक्ष रखा गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बैठक में शामिल पूजा समितियों के सदस्यों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, लाईट की समस्या को ठीक करा दिया जाएगा, पूजा पंडाल के पास ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने के लिए एसडीओ से आदेश लेना आवश्यक है। लाइसेंस के लिए कम से कम 25 लोगों का आधार कार्ड देना अनिवार्य है। पर्व में डीजे पर विशेष रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। अश्लील गाना बजाने पर पूरी तरह पाबंदी है। मौके पर संयुक्त पूजा अध्यक्ष पंकज कुमार, डॉ०अमरेंद्र कुमार, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, पूर्व मुखिया अजय सिंह, सरपंच अजय प्रसाद, संजय कुमार उर्फ लालबाबू, विकास गुप्ता, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि लुकेश्वर कुमार प्रिय, जय सिया राम, पूर्व बीडीसी राजकुमार, राजन प्रसाद उर्फ गोली, अजय प्रसाद, वार्ड पार्षद जयनंदन प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, गुड्डु सिंह, अमर शक्ति, विजय सिंह, नितेश कुमार, बंटी राज आदि मौजूद थे।

**बैठक** सीओ ने कहा कि सभी लोग सगन्तिपूर्ण रूप से पूजन उत्सव मनाएं

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नासरीगंज थाना परिसर में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक सीओ अमित कुमार व थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के अध्यक्षता में व आरक्षी निरीक्षक सुबोध कुमार,नगर इओ राकेश कुमार के उपस्तिथि में मंगलवार शाम को हुई। इस अवसर पर सीओ ने कहा कि सभी लोग सगन्तिपूर्ण रूप से पूजन उत्सव मनाएं। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में महिला एवं पुरुष पुलिस की टीम अलर्ट मोड में रहेगी। गड़बड़ी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।आरक्षी निरीक्षक ने कहा कि सरकार के निर्देश का सभी लोग पालन करेंगें। नगर इओ ने कहा कि दुर्गा पूजा को ले नगर में स्ट्रीट लाइट समेत सड़कों पर मिट्टी भराई कराई जायेगी। सभी पूजा पंडाल के लोगों ने रावण वध समेत दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाली सभी कार्यक्रम की रूप रेखा विस्तृत रूप से बताया। वही पूजा समितियों को लाइसेंस लेने व अन्य नियमों के बारे में भी बताया गया। नगर पंचायत को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वहीं बिजली के तारों को सुदृढ करने के लिए बोला गया। इस दौरान पुजा पंडालों, विसर्जन जुलूस, रावण वध, सड़कों की स्थिति और इनकी मरम्मत, बिजली व पेयजल की सुविधा इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम संपन्न कराने की हिदायत पुजा समितियों को दी। साफ किया गया कि आयोजनों के दौरान डीजे बजाया गया तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, नपं ईओ राकेश कुमार, इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष सुधीर कुमार, बीएचएम रूपक कुमार, बीसीएम शकील अहमद, जदयू प्रखंड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष मन्ना खां, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बख्शी जौहर अली, मुखिया टिंकू सिंह, बीडीसी सुनिल कुमार, सरपंच अजय प्रसाद, पूर्व मुखिया अजय सिंह, पूर्व उपमुखिया राजू सिंह, पूर्व मुख्य पार्षद पंकज कुमार, पूर्व उपमुख्य पार्षद सेराजुल हक, रवीश यादव, वार्ड पार्षद संतोष कुमार, कांग्रेसी नेता गुलाम मुस्तफा उर्फ बेचू, शैलेंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, अमित कुशवाहा, लुकेश्वर कुमार प्रिय, मीनू सिंह, लालबाबू उर्फ संजय कुमार, बबन कुमार सिंह, पूर्व बीड़ीसी राजकुमार, राजन प्रसाद, देवेंद्र सिंह, अंगद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मशहूर कलाकारों ने गीतों और भजनों से समां बांधा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। डेहरी नगर क्षेत्र स्थित स्टेशन झुनझुनवाला वाटिका में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा डेहरी डालमिया नगर के तत्वाधान में मंगल पाठ उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 301 महिलाओं ने मंगल पाठ किया। राणी सती का कथा कहते हुए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। झुनझुनवाला वाटिका में प्रत्येक नवमी के उत्सव पर मंगल पाठ का आयोजन होता है महिलाओं ने श्री रानी सती दादी के जन्म से लेकर शिक्षा -दीक्षा, शादी और वीरगाथा का वर्णन किया महिलाओं ने विधि विधान से हल्दी रस्म निभाई इस दौरान मेहंदी ओ मेहंदी इतना बता दे कौन सा काम किया है जय दादी के गगनभेदी नारो से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। मंगल पाठ में समाज की महिलाएं एक जैसी चुनरी और लाल साड़ी में भजनों का आनंद ले रही थी। कोलकाता से आए हुए कथा वाचक सूरज शर्मा के भजनों से उत्सावी माहौल बन गया।

**रानी सती का दरबार रहा आकर्षण का केंद्रः** रानी सती का सजाया दरबार आकर्षण का केंद्र रहा बहुत ही अच्छे अच्छे भजन दादी की महिमा का बखान करते हुए कथा सुनाई मंगल भवन मंगल हारी नारायणी तेरो नाम गीत सॉन्ग महिलाओं के समूह नृत्य ने समां बांध दिया मंगल पाठ के बाद रानी सती दादी के जन्म से लेकर विवाह तक की लीला का मंचन किया गया कोलकाता से आए नट ग्रुप कलाकारों द्वारा मशहूर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की पाठ समापन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष पवन कुमार झुनझुनवाला संरक्षक संत शर्मा सचिव वेद शर्मा कमल डालमिया चंदन शर्मा प्रभु पांडे प्रेम पांडे संजय गुप्ता पीयूष अग्रवाल मोहित अग्रवाल ऋषिपाल विजय सोनी श्रवण कुमार अटल अर्जुन केसरी अमित अग्रवाल सहित सैकड़ो दादी भक्त मौजूद थे।

## ख़ास ख़बर

### अवैध शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर, दावथ (रोहतास)।** दावथ थानाध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया । थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेमरी गांव में श्याम बिहारी डोम के यहां शराब के विरुद्ध छापेमारी किया गयाजिसमें 500 किलोग्राम महुआ पाश विनष्ट किया गया है तथा अवैध महुआ शराब निर्माण करने वालो को शराब नहीं बनाने का हिदायत दी है छापेमारी अभियान में पुलिस बल के जवान ने भी सहयोग किया है।

### गिरी हुई बिजली की तार दे रही है, बड़ी दुर्घटना की संकेत



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड के खरेन्दा पंचायत के खरेन्दा मैं बिजली की गिरी हुई तार दें रही हैं बड़ी दुर्घटना की संकेत। मिली जानकारी के अनुसार खरेंदा गांव के पहाड़ी की तरफ जाने वाली में रोड पर तार ढील होने की वजह से कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती हैं। क्योंकि उसी रास्ते से सैकड़ो पशु चरने व अनेकों लोंग पशु चराने के लिए आते जाते रहते हैं। वही ग्रामीणों का कहना है, कि उस तार में कटाउज भी है, कई बार बिजली विभाग के कर्मीयों से हम लोग इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा आज तक उसको सही नहीं किया गया। जब बिजली विभाग के कनियअभियंता से दूर भाषा के माध्यम से, संपर्क करने की कोशिश किया गया तो उनके द्वारा, संपर्क स्थापित नहीं किया गया।

### 10 लीटर देशी महुआ वाली शराब के साथ, उत्पाद सामग्री सहित उत्पादक गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के के माथाचक गांव से 10 लीटर देशी महुआ वाली निर्मित शराब के साथ, उत्पाद सामग्री सहित उत्पादक को किया गया गिरफ्तार। संदर्भ में जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, की सोमवार देर शाम थाना क्षेत्र के माथाचक गांव में शराब उत्पादक द्वारा, शराब उत्पाद करने की गुप्त सूचना प्राप्त हुआ निर्देश में, सूचना की पुष्टि हेतु एस आई अक्षय कुमार के द्वारा स्थल पर पहुंचकर, कार्यवाही करते हुए 10 लीटर महुआ वाली तैयार शराब, उत्पादक यंत्र सिलेंडर 35-35 लीटर का दो प्लास्टिक डब्बा,तसला, पाइप, के साथ ही उत्पादक को किया गया गिरफ्तार, मौके पर 70 लीटर अर्ध निर्मित शराब, महुआ जावा को किया गया नष्ट। गिरफ्तार उत्पादक, थाना क्षेत्र के माथा चक ग्रामवासी चंदन बिन्द पिता राम आशीष बिन्द बताए जा रहा है। गिरफ्तार उत्पादक को स्वास्थ्य जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### भगवानपुर उच्च विद्यालय के बच्चों को रूम और बेंच डैक्स कम होने के कारण हो रही है परेशानी



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय भगवानपुर में बेन्च डैक्स कम होने के कारण बच्चों को डबल शिफ्ट करके पढ़ाई कराई जा रही है। जिससे बच्चों को और स्कूल के मास्टरो को काफी परेशानीयो का सामना करना पढ़ रहा है। उच्च विद्यालय के हेड मास्टर उमेश चंद्र सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में 9 से 10 प्लस टू तक पढ़ाई की जाती है । हमारे स्कूल के 9 और 10 के विद्यार्थियों को बैठने और रहने के लिए रूम की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन जब से 10 प्लस टू के विद्यार्थी जुड़े हुए हैं , तब से बैठने और रहने की परेशानी हो रही है । हमारे विद्यालय के टोटल बच्चों की संख्या 2569 है, जिनका पठन पाठन करने में दिक्कते आती है। फिर भी हम लोग डबल शिफ्ट करके पढ़ाई करते हैं।इस परेशानी को देखते हुए उच्च अधिकारी डी पी ओ अमरेंद्र पाण्डेय ने बताया कि कुछ ही दीनो मे प्रिफेबिर्केटेड रुम बनाया जाएगा।

# वित्तीयअनियमितता गबन के मामले में दो पर प्राथमिकी दर्ज



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर का है, जहां प्रधानाध्यापक ने निजी स्वार्थ पूर्ति हेतु विद्यालय की शिक्षिका के साथ मिलकर एक नया ट्रस्ट बना डाला। थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित दुर्गावती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर के प्रधानाध्यापक एवं एक शिक्षिका के ऊपर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी दुर्गावती ने सोमवार के दिन स्थानीय थाने में निदेशक शैक्षणिक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के आदेश पर विद्यालय में किए गए वित्तीय अनियमित और निजी स्वार्थ पूर्ति हेतु नए ट्रस्ट के गठन के आरोप में प्राथमिक दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने अपने दिए गए आवेदन में लिखा है कि दुर्गावती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर सह दुर्गावती कन्या ट्रस्ट के अध्यक्ष भरत सिंह के द्वारा प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं नवगठित ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं शिक्षिका श्रीमती सुशीला त्रिपाठी के विरुद्ध जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर एवं जिलाधिकारी कैमूर के साथ सचिव बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना को परिवाद पत्र दिया था । परिवाद पत्र के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर ने विद्यालय का भौतिक जांच सात जुलाई 2023 को विद्यालय में जाकर किये । जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा जांच उपरांत पत्रांक 288 प्रशा० ,दिनांक 7 जुलाई 2023 द्वारा जांच प्रतिवेदन निदेशक (शैक्षणिक ) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना को भेजा गया था । समिति द्वारा जाँच प्रतिवेदन उपरांत विषयांकित विद्यालय में वित्तीय अनियमितता की बात कही गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर द्वारा भेजे गए जाँच पत्र का संज्ञान लेते हुए निदेशक (शैक्षणिक) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अपने पत्रांक- 2553, दिनांक 31 अगस्त 2023 को प्रधानाध्यापक एवं अन्य दोषियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया । जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर के पत्रांक 773/ प्रशा दिनांक 19 सितंबर 2023 में स्पष्ट अंकित है कि कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर दुर्गावति की संबद्धता दुर्गावती कन्या ट्रस्ट के आधार प्राप्त हुई । प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद सिंह के द्वारा मनमानी रूप से विद्यालय के कुछ शिक्षकों को मिलाकर दुर्गावती कन्या ट्रस्ट के समानांतर एक नया ट्रस्ट सर्वोदय ट्रस्ट एवं विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति का गठन कर लिया गया और दोनों में शिक्षिका सुशील त्रिपाठी को अध्यक्ष बना दिया। पूर्व के ट्रस्ट के अस्तित्व में रहते हुए नए समानांतर ट्रस्ट का गठन करना प्रधानाध्यापक के मनमाने रवैया एवं निजी स्वार्थ को परिलक्षित करता है । जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर के पत्रांक 773/ प्रशा० दिनांक 19सितंबर 2023 द्वारा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर दुर्गावती ,जिला- कैमूर भभुआ कोड संख्या- 16024 में हमें वित्तीय नियमितता में संलिप्त प्रधानाध्यापक श्री सुरेंद्र प्रसाद सिंह एवं नयी अध्यक्ष एवं शिक्षिका श्रीमती सुशील त्रिपाठी के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया है । आवेदन के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर के पत्रांक 773 प्र/सा ०दिनांक 19 9 -2023 के साथ संलग्न निदेशक शैक्षणिक बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना के पत्रांक 2553 दिनांक 31-8- 2023 जांच प्रतिवेदन के परिवाद पत्र एवं कागजातों की छाया प्रति एवं इस आवेदन के साथ 27 पन्ने का अनुसंलग्नक दिया गया है । इस मामले के संबंध में स्थानीय स्थानीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पूछने पर बताया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा दुर्गावती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित दो के विरुद्ध आवेदन प्राप्त हुआ है । जिसके बाद इन दोनों पर धारा 409 एवं 120 बी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है । मामले की जांच पड़ताल करने के बाद इन दोनों के साथ-साथ अन्य दोषियों पर आगे की कार्यवाही की जाएगी ।

## सर्प डांस से एक महिला की हुई मौत, परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता।** चैनपुर विधानसभा के भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के जैतपुर पंचायत खड़िहा गांव की एक महिला को रात में सोने वक्त सर्प को डासने से एक महिला की मौत हो गई मृत महिला खड़िया गांव की मीरा देवी पति मधु राम बताया गया महिला को जब सुबह 4 बजे उनके पति द्वारा जगाया जा रहा था तो पत्नी को जागने पर नहीं बोली लोगों की सांका बढ़ गया जहां गांव के डॉक्टर को बुलाया गया और चेक कराया गया तो डॉक्टर ने वहीं पर मृत्यु घोषित कर दिया अमृत की खबर सुनते ही घर में कोहरा मच गया परिवार के सारे लोग रोने लगे घर के परिजनों के रोते देखा गांव में भीड़ लग गई जहां लोगों को विश्वास नहीं हुआ तो इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल ले गए जहां सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने चेक करके उसको मृत घोषित कर दिया वही मृत की खबर सुनते हैं भगवानपुर थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम भभुआ कराकर लाश परिजनों को अंतिम दाह संस्कार के लिए शॉप दिया गया जहां परिजन लाश लेकर अपने अंतिम दाह संस्कार ग्राम खड़ीहा में किया गया।

## प्राकृतिक को बचाने के लिए पैदल यात्रा कर दे रहा संदेश



**दुर्गावती सदर।** कन्याकुमारी से पैदल निकला युवक रिओ पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों में संदेश दे रहा है। बता दे कि यह युवक कन्याकुमारी से पैदल यात्रा शुरू की थी जो 70 दिन बाद बिहार के कैमूर पहुंचा है। युवक ने बताया कि कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक पैदल यात्रा पर हूं और मेरा संदेश लोगों में प्रकृति को बचाना है। कम उम्र में यह शख्स प्रतिदिन 25 से 30 किमी की पैदल यात्रा कर पर्यावरण को सही रखने के लिए लोगों में संदेश दे रहा है। पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति को करीब से देखने और समझने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर आमजन में जागृति लाने के लिए कन्याकुमारी का रिओ कश्मीर के लिए पैदल निकल पडा है। वही जानकारी देते हुए रिओ युवक ने बताया कि मैं तमिल नाडु राज्य हू जैसे की कन्या कुमारी से उड़ीसा कोलकाता झारखंड बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश से अन्य राज्यों से होकर जम्मू कश्मीर में मेरा यात्रा समाप्त हो जाएगी।

## मृतक छात्र की मां को आपदा राहत कोष से मिला चार लाख चेक

**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती में बीते शनिवार के दिन दुर्गावती नदी में डूब कर एक छात्र की मौत हो गई थी। जिसके मामले में 2 दिन के अंदर हीं मृतक छात्र की मां को अंचलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के द्वारा आपदा राहत कोष से चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया । बता दें कि मंगलवार के दिन दुर्गावती अंचलाधिकारी लक्ष्मण सिंह मैरे गांव पहुंचे जहां परिजन देखते ही फूट-फूट कर रोने लगे। इसके बाद अंचलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के द्वारा परिजनों को को ढांढस बधाया गया। वहीं आपदा राहत कोष से मृतक की मां को चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। वही मौके पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक सिंह ग्रामीणों में नंदू यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बता दे की राहत सहायता जो सरकार के द्वारा निर्धारित है नियत समय में ऐसे ही मिलते रहे तो पीड़ित के परिजनों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। लेकिन कुछ ऐसे मामले आते हैं जिसमें पीड़ित को मुआवजा लेने के लिए कई दिनों तक कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।



### शिक्षक-शिक्षकेत्तर ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में बिहार राज्य सम्बद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में।अनुपलाल यादव महाविद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आंतरिक श्रोतों से प्राप्त कुल आय के 70 प्रतिशत राशि का वितरण नहीं करने के विरोध में शिक्षक - शिक्षकेत्तर ने एक दिवसीय धरना - प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना में मौजूद शिक्षकों ने कॉलेज प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। शिक्षकों का आरोप है कि आंतरिक श्रोतों से प्राप्त कुल आय के 70 प्रतिशत शिक्षक और कर्मियों के बीच वेतन के रूप में देना है। जिसकों लेकर हम सभी लोगों बीते वर्ष 2018 से ही संघर्ष कर रहें है और अभीतक तक उसके मद में लगभग पांच करोड़ से ऊपर राशि इक्कट्ठी हो जानी चाहिए। आरोप लगाया है कि तीन वर्ष का दो करोड़ इक्कतीस लाख रुपए हमलोगों ने हिसाब करके देखा है। प्राचार्य के द्वारा जो प्रतिवेदन दिया गया है उस आधार पर तो ये लगभग पांच करोड़ रुपए हमलोगों को मिलना चाहिए, जो नहीं मिल रहा है। शिक्षकों का आरोप हैं कि प्राचार्य किसी पांच - दस लोगों को अपने काम चलाने के लिए रखें है। जिसे प्रतिमाह दस हजार रुपए भुगतान करते है और उसी से उनका काम चलता है। लेकिन हमलोगों प्रतिदिन दस बजे सुबह से लेकर चार बजे शाम तक रहते है, पर हमलोगों को हमारा अपना हक नहीं मिलता है। इधर, प्राचार्य डॉ जयदेव प्रसाद यादव ने बताया कि लगाया गया आरोप मनगढंत व बेबुनियाद हैं। बच्चों से जो कलेक्शन होता है। उसमें पंजीयन, परीक्षा फीस आदि विश्वविद्यालय भी जाता हैं। उन्होंने बताया कि बचा जो शेष राशि है डिवेलपमेंट में भी जाता है। इसके बाद बचा 70 बांटता है जो शिक्षकों के बीच बांटता आ रहा हूं।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान आदर्श नेता थे, जिन्होंने देश को संचार क्रांति का तोहफा दियाः ओमप्रकाश पोद्दार



**पटेगना ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती मनाई गई। लोजपा (रा) के बैनर तले अररिया प्रखंड कार्यालय पलासी पटेगना में कार्यकर्ताओं ने उनके तैलीय चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयंती समारोह की अध्यक्षता लोजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पोद्दार ने की। इस कार्यक्रम में एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश्वर पासवान जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर पार्टी नेताओं ने कहा कि पूरे देश में रामविलास पासवान ही शोषित, पीड़ित, वंचित व दलित समुदाय के लिए हमेशा आवाज उठाते रहे। मौक़े पर जिलाध्यक्ष भाई ओमप्रकाश ने कहा किवे एक आदर्श नेता थे, जिन्होंने देश को संचार क्रांति का तोहफा दिया और हर हांथों को सूचना एवं प्रसार से जोड़ दिया। उनके बताये नक्शेकदम पर चल रहे चिराग पासवान में कहीं कोई कमी नहीं है, केवल उनके हांथों को मजबूत करने भर की देरी है, संभवतः पुनः रामविलास पासवान जी का वही रूप हमें दुबारा देखने को मिल जायगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रधान महासचिव अमित आनन्द संसदीय बोर्ड अध्यक्ष अमित सिंह, अररिया विधानसभा प्रभारी राजेश झा, जिला कोषाध्यक्ष प्रतीक राय, लेबर सेल के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, छात्र प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनीज राज सूर्यभारती, संसदीय बोर्ड के प्रधान महासचिव मो तारिक अनवर आदि शामिल हुए।

### दुर्गापूजा को लेकर कुछिला थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** मंगलवार को कुछिला थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।कुछिला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने हिस्सा लिया।इस दौरान थानाध्यक्ष रूबी कुमारी ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाय।साथ ही किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नही देने तथा कोई भी सूचना तुरंत पुलिस को देने की बात कही।इस दौरान हुड़दंग करने वालों एवं असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

स्वास्थ्य — जीवन के प्रति साकारात्मक रवैया अपना कर हर तरह के तनाव व चिंता से बचाव संभव, तनाव प्रबंधन के लिये अपनी इच्छा व जरूरतों के बीच उचित सामंजस्य जरूरी

# मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक होने की है जरूरत

**अररिया ।** स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिये किसी व्यक्ति का मानसिक तौर पर स्वस्थ होना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है की थीम जिले में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया। मौके पर मंडल कारा अररिया में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कारा के कैदियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी देते हुए इसके कुशल प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। मंडल कारा के अधीक्षक जवाहर लाल प्रभाकर, सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ आकाश कुमार, मंडल कारा के उपाधीक्षक कुंदन कुमार सिंह, साइकोलॉजिस्ट शुभम कुमार व अन्य मौजूद थे। इसी क्रम में सदर अस्पताल अररिया में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पैनल एडवोकेट सोहन लाल, पारा विधिक स्वंयसेवक विमल किशोर झा ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कानूनी जानकारी उपस्थित लोगों के बीच साझा किया।



**भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव प्रबंधन गंभीर चुनौतीः** सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य किसी व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक, सामाजिक सहित समग्र व्यवहार को नियंत्रित करता है। भागदौड़ से भरी इस जिंदगी में तनाव प्रबंधन एक गंभीर चुनौती बन कर उभर रहा है। अत्यधिक तनाव हमारे सोचने, समझने की क्षमता को प्रभावित करता है। हमारे दैनिक व्यवहार में भी इसका असर दिखता है। किसी की संगती से बचना, अकेले रहने की आदत, अत्यधिक चिंता, बहुत अधिक क्रोध व झुंझलाहट, मूड में तुंरत बदलाव, हमेशा दुखी रहना किसी व्यक्ति में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या की इंगित करता है। ऐसी परिस्थिति बनने पर तत्काल किसी मनोचिकित्सक की देखरेख में जरूरी परामर्श व इलाज जरूरी होता है।

स्वस्थ जीवनशैली तनाव प्रबंधन में सहायकः सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ आकाश कुमार ने बताया कि जीवन में हर दिन से जुड़े तनाव से जुझने, शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने, लोगों से अच्छे संपर्क बनाये रखने अपनी क्षमताओं को पहचानने व अपनी उत्पादकता में बढ़ोतरी के लिये मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी है। मानसिक स्वास्थ्य विकार कई तरह के हो सकते हैं। इसमें किसी भी चीज को लेकर अत्यधिक तनाव, अवसाद, असामान्य रूप से अपनी भावनाओं को प्रकट करना, नशापान की बुरी लत, पर्सनालिटी डिसआर्डर बहुत ही आम है। खास बात ये अपनी इच्छा व जरूरतों के बीच के अंतर को समझ कर बहुत हद तक तनाव व अवसाद को प्रबंधित किया जा सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिये नियमित व्यायाम, मेडिटेशन, समय प्रबंधन, दोस्तों, परिवार व परिचित लोगों के साथ समय बिताना, लिखने व पढ़ने की आदत को जीवन में शामिल किया जा सकता है।

**अपनी स्थितियों को नियंत्रित करने में हर कोई सक्षम :** साइकॉलोजिस्ट शुभम कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी किसी तरह की समस्या होने पर मनोचिकित्सक की मदद लेना जरूरी होता है। बीमार व्यक्ति की स्थिति के आधार पर इलाज के लिये विभिन्न तरीके इस्तेमाल में लाये जाते हैं। आमतौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित व्यक्ति अपनी स्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम होता है। सही देखभाल के साथ मरीजों के साथ सहयोगतात्मक रवैया उन्हें इस स्थिति से उबराने में मदरगार होता है।

## ख़ास ख़बर

### योगी सरकार में राशन कार्ड पर मिलने वाले राशन में बदलाव

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी निर्मलेंदु गाजीपुर ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत वितरण हेतु आवंटित गेहूँ तथा चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल ( 05 किग्रा0 खाद्यान्न ) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी, 2023 से, एक वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह अक्टूबर, 2023 में आवंटित खाद्यान्न का निःषुल्क वितरण कराया जाना है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनका दायित्व है कि वितरण के पूर्व खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर ले तथा आख्या सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करे। राशनकार्डधारकों को पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी अर्थात यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने मे असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि दिनाक 25.10.2023 ही नियत होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु दिनांक 25.10.2023 को मोबाईल ओ0टी0पी0 बेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उन्होने जनपद गाजीपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया हैं कि उपर्युक्तानुसार कार्डधारकों में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक वितरण करना सुनिश्चित करें।

### गेहूँ व चावल का निःशुल्क वितरण

**गाजीपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी गाजीपुर ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजना के अन्तर्गत वितरण हेतु आवंटित गेहूँ तथा चावल का अन्त्योदय राशन कार्डो पर 14 किग्रा0 गेहूँ तथा 21 किग्रा0 चावल (35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल ( 05 किग्रा0 खाद्यान्न ) प्रति यूनिट के आधार पर निःशुल्क वितरण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा एन0एफ0एस0ए0 में आच्छादित अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 01 जनवरी, 2023 से, एक वर्ष हेतु, निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराये जाने विषयक निर्णय के क्रम में माह अक्टूबर, 2023 में आवंटित खाद्यान्न का निःषुल्क वितरण कराया जाना है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा प्रत्येक उचित दर दुकान पर खाद्यान्न के भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनका दायित्व है कि वितरण के पूर्व खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन कर ले तथा आख्या सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के कार्यालय में प्रेषित करे। राशनकार्डधारकों को पोर्टिबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी अर्थात यदि किसी कार्डधारक को अपनी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने मे असुविधा हो तो वह पोर्टिबिलीटी के माध्यम से किसी अन्य उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकता है। उक्त योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि दिनाक 25.10.2023 ही नियत होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु दिनांक 25.10.2023 को मोबाईल ओ0टी0पी0 बेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जायेगा। उन्होने जनपद गाजीपुर के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया हैं कि उपर्युक्तानुसार कार्डधारकों में प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक वितरण करना सुनिश्चित करें।

### उपमहानिरीक्षक द्वारा महेश पाल सिंह को किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, गाजीपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अखिलेश कुमार चौरसिया ने सोमवार को थाना दिलदारनगर प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पुलिस अधिकारियों में उत्साह देखा गया। उन्होंने उत्कृष्ठ कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने की प्रेरणा दिया। ज्ञात हो कि थाना दिलदारनगर प्रभारी द्वारा माह अगस्त-2023 में 20.08.2023 को रक्सहा नहर पुलिया के पास शातिर हिरोईन तस्कर मुस्ताक पुत्र बैरूद्दीन सा० के कमान थाना फवाल इम्फाल मणिपुर आदि 04 नफर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1500 ग्राम हिरोईन बरामद कर मु0अ0सं0 132/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल निरूद्ध किया गया। उससे पूर्व में शादियाबाद थाना प्रभारी रहे तब उन्होंने 5 साल की बच्ची के रेप के मामले में अपराधी को सजा दिलवाने तक काम किया था उससे पूर्व लखनऊ सआदतगंज क्षेत्र में 6 साल के मासूम को अगवा कर हत्या करने के मामले में अपराधी को फांसी की सजा तक पहुंचाने का काम किया था पुलिस विभाग में जिनका बहुत ही सराहनीय कार्य रहा है प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उक्त मौके पर सभी पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# बीईओ ने दी बड़ी निर्देश, लगातार दी जा रही टारगेट पर चर्चा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** जखनिया खंड शिक्षा संसाधन सभागार में आज 10:00 बजे से ही खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी के नेतृत्व में शिक्षण संकुल की मासिक बैठक आहूत की गई। जिसमें एआरपी राजेश भारती ने पिछले बैठक में लिए गए निर्णय की समीक्षा पर जमकर चर्चा किए तथा लोगों से कार्यों को लेकर बातचीत किए ।संपूर्ण शिक्षक द्वारा स्वयं के विद्यालय को दिसंबर 2023 तक निपुण बनाने पर भी का योगदान देने और विज्ञान आविष्कार परीक्षा की सूचना संकुल शिक्षक द्वारा बेस्ट परफॉर्मेंस ऑफ मंथ का प्रदर्शन को लेकर बेहतर कार्य करने और राज्य में अच्छे नंबर लाना के प्राथमिकता पर बल दिया ।इसी सिलसिले में खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने कहा कि निपुण लक्ष्य प्राप्ति प्रभावी रूप से प्रयास करने के लिए निर्देश दिया गया तथा समस्याओं का समाधान आपसी विचार विमर्श करते हुए हल करने का प्रयास करें साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय न्याय पंचायत स्तरीय खेल रैली का आयोजन प्रत्येक विद्यालय में कराए ।पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियां बच्चों के लिए आवश्यक है ।जिससे बच्चो का बौद्धिक विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पाठ्य पुस्तक संदर्शिका शिक्षक डायरी का उपयोग शत प्रतिशत किया जाय। प्रत्येक बच्चे की दक्षता का आकलन निपुण तालिका के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए ।परिवार सर्वेक्षण का कार्य शत प्रतिशत किया जाय।परिवार संरक्षण के तहत विद्यालयों में नहीं नामांकित बच्चों को विद्यालय में नामांकन करना है। इस मौके पर आरपी राजेश भारती, श्याम सुंदर जी, राधेश्याम यादव, रामजन्म यादव, रामकुवर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पदस्थ चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी का स्थानांतरण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** भांवरकोल आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस व प्रशासानिक अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल करते हुए ऐसे अधिकारी जो तीन वर्ष का कार्यकाल एक ही स्थान पर पूरा कर चुके हैं उनका स्थानांतरण किया जा रहा है। जिसके तहत भांवरकोल थाना की मच्छटी पुलिस चौकी में पदस्थ चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी का स्थानांतरण मरदह थाना के मटेहू पुलिस चौकी हो जाने पर सोमवार को एक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों व ग्रामीण उपस्थित रहे। मच्छटी चौकी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस स्टॉफ सहित ग्रामीणों ने रोली, चंदन व फूल-माला पहनाकर चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी को भावभीनी विदाई दी इस दौरान सभी की आंखे नम हो गई। इस दौरान पत्रकार जयशंकर राय एवं ग्रामीण ने कहा कि तीन साल,दो माह के कार्यकाल से लोगों को सीख लेनी चाहिए। जिस तरह से ओमकार तिवारी ने पुलिस और पब्लिक के बीच दायित्वों का निर्वहन किया इतने समय में मच्छटी व क्षेत्र में कोई भी बडी घटना घटित नहीं हुई। उनके द्वारा आम लोगों से सरलता से मिलते और गरीबों की मदद करते रहे हैं। वहीं आपराधिक व्यक्तियों पर हमेशा उनका भय रहता था। इस पिंकू सिंह, हनुमान यादव, भाजपा नेता झबबू राय, तासीर उर्फ टिंकू भाई, मुन्ना राय,परमा बाबा, मास्टर आजाद, सुहेल अहमद, ग्राम प्रधान पखनपुरा जुबेर अहमद,जुदेन अहमद, अनवर अली,राजपूत द्वारा उपस्थित जनसमुदाय का अभिवादन करते हुए कहा कि स्थानांतरण पर जाना एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। मेरी वर्दी लोगों को न्याय दिलाने के लिए व अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सदैव कार्य करती रहेगी। मैं मच्छटी चौकी क्षेत्र के सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का आभार प्रकट करता हूं कि आप लोगों ने जो स्नेह मुझे दिया है मैं उसे हमेशा याद रखूंगा। क्योंकि आप लोगों के सहयोग के बिना शांति व्यवस्था कायम रखना संभव नहीं था।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मानसिक रोगियों में हुआ फल और सर्टिफिकेट वितरण



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, ग़ाज़ीपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जो प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को पूरे देश में मनाया जाता है इसी को लेकर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन प्रभारी सीएमओ डॉ जे एन सिंह की अध्यक्षता में किया गया और इस अवसर पर लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना है और अन्य को करना है इस बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस बार का थीम मेंटल हेल्थ इस यूनिवर्सल ह्यूमन राइट रहा। इस कार्यक्रम में गोष्टी के अलावा हस्ताक्षर अभियान के साथ ही मानसिक विकलांग को सर्टिफिकेट और फल वितरण का भी कार्यक्रम किया गया प्रभारी सीएमओ डॉ जे एन सिंह ने बताया की हर साल 10 अक्टूबर को 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ और वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने मिलकर वर्ष 1992 में 10 अक्टूबर के दिन 'वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे' सेलिब्रेट करने की घोषणा की थी। उसके बाद से यह दिन प्रत्येक वर्ष मनाया जाने लगा। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य के बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मेंटल हेल्थ के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद स्टिग्मा को कम करना भी है। हर साल इसे एक खास थीम के तहत सेलिब्रेट किया जाता है। उन्होंने बताया की हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध है। लेकिन अभी भी ज्यादातर लोग इसपर ध्यान नहीं देते। फिजिकल और मेंटल हेल्थ एक ही सिक्के के दो पहलू की तरह हैं। किसी भी एक पहलू को नजरअंदाज करना दूसरे पहलू को नकारात्मक तरीके से प्रभावित करता है। बड़े-बूढ़े से लेकर स्कूल जाने वाले बच्चे भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। तो इस प्रॉब्लम को छिपाने की जगह उस पर ध्यान देने की जरूरत है। वरना आने वाले समय में स्थिति और बिगड़ सकती है।

## गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, समीक्षा बैठक संपन्न हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर।** निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना, क्रियान्वयन तथा संचालन प्रबन्धन हेतु जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में रायफल क्लब सभागार में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं खण्ड विकास अधिकारियों से अब तक कितने पशुओ को चिन्हित कर पशुपालकों को सुपुर्द किए गए हैं एवं कितने पशुओ को आश्रय स्थल मे रखा गया है एवं कितने गोवंश आश्रय स्थल बनाये गये गये, की जानकारी ली। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहभागिता योजना में जरूरतमंद परिवारो में दुधारू पशुओ की सुपुर्दगी की जाये तथा उसका समय से भुगतान भी किया जाय। बैठक में मुख्य पशु चकित्साधिकारी ने बताया कि अबतक 57 स्थायी/अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल बनाये गये है जिसमें कुल 8130 पशु संरक्षित किये गये है तथा 960 पशुओ का सहभागिता योजना में जरूरतमंद परिवारो को दिया गया है। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारियों एंव खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि गो-आश्रय स्थलो पर पशुओ की बराबर वेरिफिकेशन, किया जाय। जहां-जहा चारागार की जमीने चिन्हित की गयी है वहां पशुओ के लिए हरे चारे उगाये जाये। सभी पशु चिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी एक अभियान चलाकर छुट्टा पशुओ का संरक्षित करे किसी भी दशा मे कोई भी पशु सड़को या रास्तो में विचरण करते न पाये जाये अन्यथा आप इसके स्वयं जिम्मेदार होगे। यदि किसी पशु के मृत्यु के बाद भी उसका भुगतान किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही तय है। उन्होने निर्देश दिया कि सहभागिता योजना के तहत पशुपालको मे दिये जाने वाले भुगतान समय से किया जाये। इसमे लापरवाही क्षम्य नही होगी। पशुओ को हरा चारा, पानी समय से टीकाकरण किया जाय साथ ही गोआश्रय स्थलो पर पानी, साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाय। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/पंचायत, एवं अन्य सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नायब तहसीलदार के समक्ष संपन्न हुआ लेखपाल संघ का चुनाव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानिया।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा जमनिया का चुनाव स्थानीय तहसील सभागार में मंगलवार को संपन्न हुआ। जिसमे विजय कुमार सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस दौरान अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की शाखा जमानिया का चुनाव जिलाध्यक्ष बृज किशोर एवं जनक यादव की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें विजय कुमार सिंह को अध्यक्ष, प्रमोद कुमार गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय कुमार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मंतोष कुमार को सचिव, विनीत सिंह को उप सचिव, मुन्ना कुमार को कोषाध्यक्ष, ईश्वर कुमार को आय व्यय निरीक्षक के पद पर निर्विरोध नियुक्ति किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ जिलाध्यक्ष बृज किशोर ने दिलाई गए। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि लेखपालों के हित के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा और लेखपालों के शोषण के विरुद्ध कंधे से कंधा मिला कर चलूंगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अवनीश कुमार, आशुतोष खरवार, शिव प्रताप, नितेश कुमार, सोनू शर्मा, विनय पांडेय, सुभाष चंद्र,बबली, लक्ष्मी, अमित राय, राज कुमार, अतुल रंजन, शालिनी राय, शिल्पा सिंह, अजीत पांडेय, विकास सिंह, रियूराज आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### दिव्यांग संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के माता जी के पुण्यतिथि में पहुंचे एसडीम सहित तमाम समाजसेवी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के चक फातमा उर्फ बैरक गांव में स्थित सर्व समाज विकास मंच जनकल्याण विकलांग सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई कमलेश राम के माता चनरी देवी पुण्यतिथि जखनिया उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह,खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम,अशोक सिंह , पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद सोनी सहित अन्य वरिष्ठ नागरिकों ने पूजनीय माता चनरी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए।राष्ट्रीय अध्यक्ष भाई कमलेश राम और प्रबंधक रामविजय चौहान ने मुख्य अतिथिओ को डा भीम राव अम्बेडकर मोमेंटो व अंगवस्त्र देवर सम्मानित किए।इस मौके पर उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह ने कहा कि दिव्यांग संगठन लगातार दिव्यांग की समस्याओं को उठाते हैं जो सराहनीय है।साथ ही उन्होंने कहा की माता का कर्ज को आज तक कोई नही चुका पाया ।मां शब्द में ही तमाम प्यार खुशियां झलकती है।इस मौके पर सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी अशोक सिंह ,विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार,रामदुलार राम,देवनारायण सिंह,हृदय नरायण सिंह,प्रधान गुड्डू साहू, पत्रकार उपेंद्र कुमार,सुरेश चंद्र पांडे,आदित्य कुमार,सहित संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

### 300सौ वामपंथी रैली को सफल बनाने के लिए जखनिया से किए लखनऊ कूच



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** 11 अक्टूबर को बामपंथीयो का लखनऊ में हो रहा रैली को सफल बनाने के लिए जखनिया रेलवे स्टेशन पर तकरीबन सौ सीपीएम नेता विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में शाम साढ़े पांच बजे जखनिया से वाराणसी भटनी पैसेंजर से मऊ के बाद साप्ताहिकी ट्रेन पकड़ लखनऊ के लिए कूच करेंगे ।सिलसिले में सीपीएम जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि लखनऊ के रैली में जखनिया के भी विकास के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी साथ ही देश के अंदर महंगाई भ्रष्टाचार कानून की लचर व्यवस्था पर भी सवाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जखनिया विधानसभा की जो हालात है वह किसी से छिपा नहीं है यहां की कानून व्यवस्था भी दलाली का अड्डा बन गया है गरीब जनता की कोई सुनवाई थानों पर नहीं हो रही है जहां पर उच्च अधिकारियों द्वारा निर्देश दिया जाता है कि स्थान पर फरियादियों से बड़े-बढ़िया व्यवहार करें लेकिन स्थान पर इन दोनों गरीब को बाहर बैठाया जाता है अमीर और अपराधी को कुर्सी पर बैठाया जाता है और गरीब जनता की तरह सुनवाई नहीं हो रही है। ओके पर वरिष्ठ नेता राव वीरेंद्र, मारकंडे प्रसाद,मुन्ना हाजीपुर,जोगेंद्र यादव, रामअवध मास्टर,विनोद यादव,वीरेंद्र गौतम,रेखा देवी, लक्ष्मीना देवी,शीला,माला,सुषमा देवी,आशा, सहित दौ सौ कार्यकर्ताओ ने ट्रेन से लखनऊ कूंच किए।

**प्रशिक्षण** टीबी मुक्त पंचायत व टीबी फैमिली केयर गिवर मॉड्यूल को शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर

## दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यालय सभागार में संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के लिए जिला क्षय रोग विभाग और पंचायती राज विभाग मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे टीबी मुक्त पंचायत व टीबी फैमिली केयर गिवर मॉड्यूल को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में संपन्न हुआ। जिला पंचायती राज विभाग से ब्लॉक वार एक -एक प्रतिनिधि के अलावा जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक (डीपीपीएमसी), ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक (बीपीएम), ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम), क्षय रोग विभाग से वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक (एसटीएस), वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक (एसटीएलएस), टीबीएचवी को जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार और डब्ल्यूएचओ के डॉ वीजे विनोद ने प्रशिक्षण दिया। सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल ने प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत वर्ष 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनपद प्रतिबद्ध है। ट्रेनिंग ले चुके मास्टर ट्रेनर्स अब टीबी मुक्त पंचायत अभियान का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्राम प्रधान और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को प्रशिक्षण देंगे, साथ ही हर क्षय रोगी के लिए एक फैमिली केयर गिवर भी तैयार करेंगे। इसके साथ पंचायत समिति, जन आरोग्य समिति और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) का भी संवेदीकरण करना है। उन्होंने कहा कि इससे सामुदायिक स्तर पर टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और क्षय रोगियों को सामाजिक स्तर पर मिलने वाले तिरस्कार से मुक्ति के साथ ही बेहतर स्वास्थ्य व्यवहार मिलने में मदद मिलेगी। शासन से प्राप्त निर्देशों के मुताबिक क्षय रोगी के परिवार या करीबी लोगों में से ऐसे व्यक्ति की पहचान की जाएगी जो उसे उपचार प्राप्त करने में मदद कर सके, उसकी देखभाल कर सके, रोगी के लिए जरूरी पोषण का ध्यान रख सके। ऐसे व्यक्ति को फैमिली केयर गिवर (प्राथमिक देखभाल कर्ता) कहा जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि फैमिली केयर गिवर को क्षय रोगी के साथ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जाना होगा, जहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) उसे क्षय रोग के उपचार के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही इस बात का भी प्रशिक्षण देंगे कि रोगी की दवाओं और उनके असर का उसे किस प्रकार से ध्यान रखना है। उसे बताया जाएगा कि टीबी की दवाओं के साथ अच्छा पोषण जरूरी होता है। रोगी को भोजन में क्या-क्या देना चाहिए। फैमिली केयर गिवर समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता और जानकारी बढ़ाने में भी क्षय रोग विभाग की मदद करेंगे। जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ मिथलेश कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत एक हज़ार की जनसंख्या पर कम से कम 30 संभावित मरीज की जांच की जाएगी।

## पूर्व रक्षामंत्री के पुण्यतिथि पर योजनाओं की कार्यकर्ताओं ने जमकर की चर्चा, सूबे की सरकार को कोसा



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनिया ब्लॉक स्तरीय सपा कार्यालय पर आज 12:00 बजे से ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रवेश गोड के नेतृत्व में पूर्व रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रचलित कर श्रद्धांजलि देते हुए कार्यकर्ताओं ने मुलायम सिंह यादव की योजनाओं की जमकर सराहना की साथ ही सूबे की सरकार को जमकर कोसा। पूर्व ब्लाक प्रमुख गरीब राम ने कहा कि देश के लिए जो मुलायम सिंह यादव सपा के रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए जो कार्य किया उसका पूरा देश शरण करता है आज शहीद के बेटे का पार्थिव शरीर घर तक आ रहा है यह रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव का देन है। मुलायम सिंह यादव ने हर वर्ग के लिए आर्थिक आधार पर ऊपर उठकर कुछ कर सके उसके लिए भी मुलायम सिंह यादव ने तमाम योजनाएं दी जिसका परिणाम रहा की मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण से भी नवाजा गया। जखनियां ब्लाक अध्यक्ष राम प्रवेश गोड ने कहा कि एक जमाना था मुलायम सिंह यादव का जखनिया से काफी लगाव था और राजनीतिक कैरियर में जखनिया से ही उन्होंने छेदी राम को विधायक बनाया और यहां के लोगों के साथ बाटी चोखा और दाल पिठौरी खाने का शौकीन रहे। मुलायम सिंह यादव के सरकार में पूरे देश में अमन चैन शांति का माहौल रहा लेकिन वर्तमान की सरकार में बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुकी है हर लोग भाजपा सरकार से परेशान है। विधानसभा अध्यक्ष उर्फ राजू ने कहा कि सपा सरकार में किसी भी मीडिया कर्मी पर जो समाज में व्याप्त कुरीतियों को उजागर करते हैं उनके ऊपर फर्जी मुकदमे लादने का काम किया।भाजपा की सरकार में थानों पर जमकर मनमाने ढंग से समाज की आवाज को बुलंद करने वाले चौथे स्तंभ पर फर्जी केस लाद कर तानाशाही रवैए अपनाई जा रही है जिसकी जितनी निंदा की जाय कम है। समाजवादी पार्टी हमेशा निष्पक्ष पत्रकारों के साथ रहेगी और उनके साथ हो रहे अत्याचार को भी डटकर मुकाबला करेगी। इस मौके पर फूलचंद यादव ,पूर्व ब्लाक प्रमुख गरीब राम ,रंगीला यादव ,वजीर भारती, राम अवध यादव ,इंद्र प्रताप उर्फ पप्पू कुशवाहा , रामलक्षन यादव, उज्जवल कुमार उर्फ राजा भैया, पलटन राम ,संतोष यादव, योगेश यादव ,सुमन यादव ,निशा कनौजिया , रेहाना बानो, विधानसभा सचिव सोमल यादव, दीपक यादव, सुनील यादव, जोगिंदर यादव, गणेश यादव ,सोनू चक्रवर्ती सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू तथा संचालन रंगीला यादव ने किया।

# गोण्डा में होगा देश का सबसे बड़ा कन्या पूजन 'शक्ति वंदन'

**ब्यूरो आवेश अंसारी**। गोंण्डा मिशन शक्ति के रूप में नारी की सुरक्षा, उसके सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार शारदीय नवरात्र से मिशन शक्ति के अगले चरण की शुरुआत करने जा रही है। वहीं, इस शारदीय नवरात्रि में योगी सरकार एक और बड़ी पहल कर रही है। इसके तहत गोण्डा जनपद एक नया इतिहास रचना जा रहा है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर देश का अब तक का सबसे बड़ा कन्या पूजन कार्यक्रम गोण्डा में होने जा रहा है। आगामी 22 अक्टूबर को महाष्टमी के दिन 'शक्ति वंदन' समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गोण्डा में 11,000 बेटियों का एक साथ कन्या पूजन किया जाएगा। यह सिर्फ प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में अब तक का सबसे बड़ा कन्या पूजन समारोह होगा। इस समारोह को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज कराने का प्रयास किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में हिमाचल प्रदेश के मंडी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान कन्याओं के सामूहिक पूजन की गतिविधि को दर्ज किया गया था। 9 मार्च 2019 को यहां 1008 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया था। गोण्डा में जिला प्रशासन इसका नया रिकॉर्ड बनाएगा।





**उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नवदेवी सम्मान** : गोण्डा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा इस समारोह को लेकर तैयारियों में जुटी हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मिशन की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में 11 हजार कन्याओं को शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज (टॉमसन) के प्रांगण में कन्या भोज कराया जाएगा। इस दौरान इन सभी बेटियों को हाइजीन किट भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के आधार पर 9 अलग-अलग क्षेत्रों जैसे पुलिस, उद्यमी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज, कला, एनजीओ में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को समारोह के दौरान नव देवी सम्मान से भी सम्मानित किया जाएगा।

**बिना भेदभाव हर तबके की बेटियों का होगा सम्मान** : प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस तरह सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में बिना भेदभाव अपनी योजनाओं का लाभ हर वर्ग और तबके तक पहुंचाया है, उसी तरह इस कार्यक्रम में भी हर वर्ग और तबके को शामिल किया जाएगा। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप सभी जाति और पंथ की बेटियों को इस समारोह में एक समान सम्मान देकर समाज को जागरूक किया जाएगा। इसमें खासतौर पर बड़ी संख्या में पिछड़ी, अति पिछड़ी जातियों के साथ ही दलित, आदिवासी, वनटांगियां समाज की बेटियों को सम्मिलित कर उनका पूजन किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने कई विद्यालयों और समाजसेवी संगठनों से संपर्क किया है। गोण्डा जनपद में वनटांगिया समुदाय के लिए पहले भी कई कार्य किए गए हैं और उन्हें बिजली व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़कर मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया गया है। इस पहल के माध्यम से इन सभी समुदायों की बेटियों को सम्मान और स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**पूरे प्रदेश को दिया जाएगा बेटियों के वंदन का संदेश** : इस कार्यक्रम की थीम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ है। इसके माध्यम से हर बेटी को शिक्षित करने के साथ ही आगे बढ़ने के अवसरों का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, इस पहल का नाम "शक्ति वंदन" रखा गया है, जो हाल ही में संसद से पास हुए महिला आरक्षण बिल (महिला शक्ति वंदन अधिनियम बिल) से प्रेरित है। जिस तरह पीएम मोदी ने देश में आधी आबादी को उसका अधिकार देने की पहल की है और उसके लिए कानून बनाया है, कुछ उसी तर्ज पर इस कार्यक्रम के माध्यम से भी गोण्डा और उसके आसपास के जिलों की बेटियों को शक्ति का दर्जा देते हुए उनका वंदन किए जाने की योजना है। इसका संदेश सिर्फ गोण्डा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में जाएगा। इतना ही नहीं, इस कार्यक्रम के सफल होने के बाद इसे निरंतर कराए जाने का भी प्रस्ताव है।

## ख़ास ख़बर

### आयुक्त के निर्देश पर श्रावस्ती के सहायक अध्यापक निलंबित

**ब्यूरो आवेश अंसारी**। गोण्डा मंगलवार को आयुक्त देवीपाटन ने श्रावस्ती के ब्लाक गिलौला के प्राथमिक विद्यालय भदौरा के सहायक अध्यापक प्रशांत मिश्रा के खिलाफ मिली शिकायत पर कड़ा रूख अपनाते हुये जिलाधिकारी श्रावस्ती और सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक को जांच कर दोषी पाये जाने पर निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिये। आयुक्त के निर्देश पर श्रावस्ती की बीएसए अमिता सिंह द्वारा बीईओ गिलौला के माध्यम से जांच कराई गयी और जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया। आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा ने बताया कि संबंधित अध्यापक के खिलाफ लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि अध्यापक बिना अनुमति के विद्यालय से लगातार अनुपस्थित चल रहे है और धरना प्रदर्शन में शामिल होते है। बिना अनुमति के विद्यालय से अनुपस्थित रहने, अपने पति दायित्व का निर्वहन न करने एवं कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत आचरण करने के कारण जांच कर विभागीय कार्रवाई की गई है। आयुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने पदीय दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन करें एवं कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत ऐसा कोई भी काम ना करें जिससे कि उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित हो अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा**। गोंण्डा मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं व कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आईटीआई, कौशल विकास मिशन, द्वारा संचालित योजनाओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों से गहन समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग में छात्र.छात्राओं का पंजीकरण, स्कूल यूनिफार्म , मिड डे मिल, आधार सीडिंग, आधार विहीन छात्र.छात्राओं की संख्या के संबंध में, डीबीटी व्यवस्था, बच्चों के पढ़ाई व्यवस्था, बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालय भवनों के ध्वस्तीकरण, निपुण ऐप, प्रेरणा एप तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय, महिला छात्रावास, इसके साथ ही व्यवसायिक शिक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, कौशल विकास मिशन, इलेक्ट्रॉनिक, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक आदि सहित अन्य कई योजनाओं की संबंधित विभाग के अधिकारियों से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं पर समय.समय पर विशेष ध्यान दिया जाय। ताकि इन सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देश दिए गए कायाकल्प योजना के तहत सभी 19 बिंदुओं पर विद्यालय में कायाकल्प का कार्य करायें। नगरीय परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प कार्य की प्रगति धीमी पाई जाने प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई में प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों को उचित प्लेसमेंट दिलाने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा विभिन्न एप्स के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने का प्रयास किया जा रहा है अतः सभी प्रधानाचार्य इन एप्स का प्रयोग कर अपने विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुधारे।

### 27 से चलेगा विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा**। गोण्डा की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान आगामी 27 अक्टूबर से चलाया जाएगा। एक जनवरी 2024 के आधार पर होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए डीएम जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, चकबंदी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन 27 अक्टूबर को किया जाएगा। इस पर दावे व आपत्तियां 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक ली जाएंगी। चार व पांच नवंबर, 25 व 26 नवंबर तथा दो व तीन दिसंबर को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। दावे व आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर को किया जाएगा। जबकि निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन पांच जनवरी शुक्रवार को किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देशों एवं आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### भारत, हिन्दुस्तान, इण्डियन पेट्रोलियम तथा एलपीजी प्लांट का किया गया निरीक्षण



**ब्यूरो आवेश अंसारी**। गोंण्डा मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय आपदा मोचक बल एनडीआरएफ के द्वारा भारत, हिन्दुस्तान, इण्डियन पेट्रोलियम तथा एलपीजी प्लांट में किसी भी आपदा से निपटने हेतु की गई तैयारी के संबंध में बैठक किया गया तथा प्लांट का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम कमांडर जितेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि रासायनिक गैस रिसाव से किस तरीके से निपट जाए इसके लिए बैठक किया गया तथा जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय आपदा मोर्चे पर जनपद के स्कूलों में ग्रामों में तथा किसी भी किसी भी आपदा से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें के बारे में प्रशिक्षण टीम के द्वारा दिया जाएगा।

## दवा वितरण किया गया

**रुदौली (अयोध्या)**। समाज सेवा में समर्पित समर्पण उत्थान सोसायटी के तत्वाधान में कैंप कार्यालय खैरनपुर रुदौली पर निःशुल्क परामर्श स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने संयुक्त रूप से निःशुल्क शिविर में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तत्पश्चात डॉक्टर ऐ. के. चौधरी द्वारा हार्ट, बी.पी., शुगर, व पेट रोग विशेषज्ञ ने निःशुल्क शिविर में आए हुए लगभग 174 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श देना शुरू किया सोसायटी द्वारा लाल पैथ लैब की शुगर लिवर किडनी हीमोग्लोबिन की जांच व



कई दवाएं उपलब्ध करायी मौके पर उपस्थित सोसायटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने कहा कि हमारी सोसाइटी सामाजिक कार्य निरंतर करती रहती है जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा ,जागरूकता अभियान चलाती रहती है और असहाय व्यक्तियों दैवीय आपदाओं में समाज की मदद करती रहती है मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अंशिका दीक्षित ने कहा सोसायटी का कार्य बहुत ही सराहनीय है।

## फ्रॉड की गई धनराशि मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा**। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में थानों पर स्थापित साइबर हेल्प-डेस्क द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु समय-समय पर जन-जागरुकता अभियान चलाकर साइबर अपराधो से बचाव हेतु जनसामान्य को जागरुक किया जा रहा है। साइबर अपराधों की सूचना मिलने पर तत्काल थानों पर बनी साइबर हेल्पडेस्क को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया है । इसी के क्रम में साइबर अपराध से पीड़ित गौरव सिंह पुत्र भीम सेन सिंह नि0 ग्राम लोढिया घाटा पो0 चेतपुर थाना को0 देहात जनपद गोण्डा ने थाना को0 देहात पर स्थापित साइबर हेल्प-डेस्क को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि साइबर फ्रॉड गिरोह के सदस्यो द्वारा पैसो का प्रलोभन देकर उनसे ओ0टी0पी0 मांगा गया पैसो के लालच में मेरे द्वारा ओ0टी0पी0 दे दिया गया जिससे मेरे खाते से 37,727 रूपये कट गए है। सूचना पर थाना को0 देहात साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साइबर सेल गोण्डा से सम्पर्क स्थापित कर सम्बंधित बैंक के सहयोग से तत्काल कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की गयी धनराशि रु0 37727/- को होल्ड कराते हुए पीड़ित के खाते में पैसा वापस कराया गया।

## किसानों, छात्रों, कृषि प्रसार कार्मिकों आदि ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा**। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या में किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रमुख अतिथि माननीय संजीव बालियान पशुधन राज्य मंत्री ने किया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तकनीक अपनाने का आवाहन किया । इस अवसर पर डॉ विजेंद्र सिंह कुलपति कृषि विश्वविद्यालय, महानिदेशक उपकार डॉक्टर संजय सिंह, रामचंद्र यादव विधायक रुदौली एवं सदस्य प्रबंध परिषद कृषि विश्वविद्यालय, डॉ. आर आर सिंह अपर निदेशक प्रसार आदि ने मेले में प्रतिभाग किया । डॉ. बिजेंद्र सिंह कुलपति ने किसान हित में कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका को अत्यंत




महत्वपूर्ण बताया । किसान मेले में विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, प्रसार निदेशालय के अधीन कृषि विज्ञान केन्द्र मनकापुर गोंडा आदि द्वारा स्टॉल लगाकर नवीनतम कृषि तकनीक का प्रचार- प्रसार किया गया । केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ पीके मिश्रा, डॉक्टर राम लखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान, डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा, डॉक्टर ज्ञानदीप गुप्ता वैज्ञानिक मत्स्य ने कृषि प्रदर्शनी में उपस्थित रहकर किसानों को कृषि तकनीक की जानकारी दी । इस अवसर पर मां गायत्री रामसुख पांडेय मसकनवा गोंडा के कृषि अंतिम वर्ष के छात्रों सहित संजय तिवारी केर्ड बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, राम बहादुर सिंह तरबगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि., राजेश तिवारी डेहरास फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी आदि के अलावा प्रगतिशील कृषकों प्रवीन कुमार सिंह ग्राम कटहर बुटहनी, अनिल चंद्र पांडेय ग्राम पूरे चैन कुंवर विकासखंड रूपईडीह आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की । किसान मेला के प्रथम दिन प्रवीन कुमार सिंह प्रगतिशील कृषक ग्राम कटहर बुटहनी विकासखंड मनकापुर जिला गोंडा को प्रतिशत पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पुलिस ने कलेक्शन एजेंट से हुई लूट का किया पर्दाफाश



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या**। कोतवाली रूदौली पुलिस ने रौजागांव अलियाबाद मार्ग पर हुई लूट का सीसीटीवी फुटेज की मदद से खुलासा कर लूटे गए एक लाख पचहतर हजार रुपए, लूट में प्रयुक्त बाइक,असलहा बरामद कर लिया।अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजवा दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली पुलिस ऑपरेशन दृष्टि के तहत सीसीटीवी फुटेज की मदद से कलेक्शन एजेंट से हाल ही में हुई लूट का प्रदा फ़ाश कर दिया।जिसमें पुलिस ने तीन लुटेरों अंकित यादव पुत्र अमर बहादुरयादव निवासी डिहवा जसरपुर,अखिल प्रकाश मिश्रा पुत्र दान बहादुर मिश्रा,बृजेश कुमार पाल पुत्र रामतीरथ पाल निवासीगण कृष्णानगर मलेथु बुजुर्ग को लूटे गये 175000 रु0 ,लूट में प्रयुक्त बाइक,असलहा, कारतूस,पिट्ठू बैग मय कैची,4 मोबाइल फोन,हेलमेट, चप्पल कपड़े बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए तीनो के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रुदौली देवेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक विनय यादव,इश्हाक खान,शेखरनाथ,हेड कांस्टेबल अशोक यादव,का0 अनुज यादव,मो0ताहिर खां,पंकज यादव,रविकुमार,पिंटू यादव,शैलेश त्रिवेदी,अभिषेक कुमार, ताबिश आलम मौजूद रहे।

### हिंदू वाहिनी संघ की बैठक हुई संपन्न



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। हिंदू वाहिनी संघ के पदाधिकारियों की हुई बैठक। बैठक में संघ को विस्तार करने के लिए पदाधिकारियों से की गई चर्चा जिलाध्यक्ष अयोध्या विनोद सिंह ने कहा हिंदू वाहिनी संघ हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी अयोध्या में अगर कोई गौ माता पर अत्याचार करेगा तो हिंदूवाहिनी संघ के लोग उसके खिलाफ कार्रवाई करने का काम करेगें बैठक में महासचिव राजन सिंह संगठन मंत्री अनिल तिवारी सचिव बृजेश सिंह जिलाध्यक्ष गौ रक्षक महेश सिंह विधान सभा अध्यक्ष संतोष मौर्या कार्यकारिणी सदस्य रामजन्म मौर्या सचिव संतोष दुबे कुशीनगर जिलाध्यक्ष अवनीश शुक्ला जिला प्रभारी अरविंद दुबे जिला प्रभारी व जिला मीडिया प्रभारी लवकुमार पाण्डेय आदि शामिल रहे।

### 10 ग्राम मार्फीन के साथ एक गिरफ्तार



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या**। थाना पटरंगा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोपेपुर से एक अभियुक्त को दस ग्राम मारफीन में साथ गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।जानकारी के अनुसार पटरंगा थाना पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक अभियुक्त दस ग्राम मारफीन के साथ कोपेपुर के पास है।सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह,कमलेश सरोज,हेड कांस्टेबल मंशाराम यादव का0 सुनील कुमार पटेल अमरेश यादव के साथ पहुँच महताब आलम पुत्र मुजीब को 10 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया।जिनके विरुद्ध धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### आशा बहू की अध्यक्षता में लगाया गया कैंप



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली,अयोध्या**। आशा बहू रौजागाँव की अध्यक्षता मे मीडिया कार्यालय रौजागाँव ओवरब्रिज नीचे लगाया गया आयुष्मान कार्ड कैम्प। जिसमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम नमन कुमार व आशा बहु पुष्पा यादव,आशा संगिनी शुशीला देवी ने लाभार्थियों के आधार कार्ड,राशनकार्ड व फिंगर प्रिंट के जरिए रजिस्ट्रेशन कर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया गया। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तहत चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत समस्त जानकारियां आशा बहू अपने कर्तव्य निष्ठा और लगन से समय समय पर ग्राम वासियों को बताती रहती हैं।आशा बहू के होने से ग्राम पंचायत में एक अलग रुख जाता है। घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी पहुंचती रहती हैं। रौजागांव की आशा बहू अपने कार्य के मद्देनजर ग्राम पंचायत में ज्यादा एक्टिव रहती है।

**सम्मान** — स्वच्छता पर बेहतरीन निबंध लिख व चित्रकला कर छात्रों ने पाया पुरस्कार

## प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा**। गोण्डा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा ने दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत जनपद के प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को मंगलवार को न्यायालय सभागार में जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्मानित किया गया। इसके साथ हिंदी दिवस के मौके पर प्रतिभा करने वाले न्यायिक कर्मचारियों व अन्य कर्मचारियों को भी स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा ने स्वच्छता व साफ- सफाई के बारे में जागरुक करते हुए कहा कि साफ- सफाई से अनेक बीमारियां नहीं होती है।



हम सभी को न केवल अपने शरीर बल्कि आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ व साफ रखना है। उन्होंने सभी विजेताओं एवं प्रतिभाग करने वाले कर्मचारियों को बधाई दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक संचालित स्वच्छता जागरूकता साप्ताहिक अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय आबादी को सम्मिलित करते हुए जनपद के प्राथमिक, माध्यमिक, महाविद्यालय को सम्मिलित करते हुए जनपद, तहसील, विकासखंड स्तर पर स्वच्छता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, एडीजे प्रथम पूजा सिंह, अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी गण व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में काजल को प्रथम अमन द्वितीय व सपना को तृतीय पुरस्कार व चित्रकला प्रतियोगिता में अभिषेक चतुर्वेदी को प्रथम, नेहा ओझा को द्वितीय व विनय कुमार वर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। माध्यमिक विद्यालय के स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में अवनेन्द्र तिवारी को प्रथम, मो आसिफ को द्वितीय व विवेक कुमार को तृतीय पुरस्कार तथा चित्रकला प्रतियोगिता में अतुल गुप्ता को प्रथम, अभिषेक कुमार को द्वितीय व मो काशिफ को तृतीय पुरस्कार दिया गया। महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में निधि शुक्ला को प्रथम, शक्ति पाण्डेय को द्वितीय एवं मन्तशा फातिमा की तृतीय व चित्रकला प्रतियोगिता में रुखसाना को प्रथम, निधि तिवारी को द्वितीय व कीर्ति सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा जनपद न्यायाधीश द्वारा विगत 14 सितंबर को मनाये गये हिंदी दिवस कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के कर्मचारियों के मध्य कविता, निबंध व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था जिसमें विभिन्न कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया था। प्रतिभाग किए कर्मचारियों को भी जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों में अजय सिंह, रवि प्रकाश वर्मा, जयप्रकाश शुक्ला, विजय यादव, पूर्णिमा वर्मा, माला वर्मा अरविंद कुमार व अन्य लोग शामिल रहे।

### रेलव पोल में टकराई पिकअप, 08 जख्मी

**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा**। थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव स्थित रेलवे क्रासिंग पर एक अनियंत्रित पिकप रेलवे पोल से टकरा गई जिससे उसमें सवार 08 लोग जख्मी हो गए हैं। पिकप को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। कस्बे के बाजपुरवा मोहल्ले के रहने वाले रामभजन पुत्र सीताराम ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा कि बीते सोमवार की रात करीब 11 बजे सभी लोग काम से वापस लौट कर घर जा रहे थे कि रास्ते में शिवदयालगंज तिराहे पर एक पिकप पर सभी लोग बैठ लिए। रास्ते में पिकप अनियंत्रित होकर रेलवे पोल से टकरा गई जिससे उसमें सवार अमरनाथ एवं जगलाल पुत्र रामचंदर निवासी फार्म न. 01 तुलसीपुर माझा, तारकेश्वर पुत्र सुकई, जदुनाथ पुत्र मधुकुर, बाबूराम पुत्र सरजू प्रसाद निवासी जैतपुर, सम्पूर्णन निवासी कल्यानपुर , सीताराम निवासी सिरसा एंव खुद शिकायत कर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बनी हुई है जिनका इलाज अयोध्या के ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

## कौशल विकास प्रशिक्षण क्षेत्र में फर्जीवाड़े का खुलासा

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा**। जिलाधिकारी श्रीमती ने औचक निरीक्षण में जनपद में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों के फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ है। नियम विरुद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्य के लिए शासन की ओर से नामित संस्थाओं द्वारा कार्य को सबलेट किए जाने का सच सामने आया है। जिसके बाद, जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की जांच सात दिन में पूरी कर रिपोर्ट देने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा सोमवार की शाम विकासखण्ड वजीरगंज अंतर्गत ग्राम हथिनाग (डुमरियाडीह) में संचालित आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची। यह केन्द्र शीतलादेवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के परिसर में संचालित है। केन्द्र पर अव्यवस्थाओं को देखकर डीएम ने जमकर फटकार लगाई। इस केन्द्र में बालक एवं बालिका छात्रावास में कोई भी प्रशिक्षणार्थी नहीं रह रहा था। छात्रावास में ताले लगे हुए पाए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केन्द्र पर देवेन्द्र कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार मौर्या, मानस प्रताप सिंह व




अवनीश तिवारी ट्रेनर के अतिरिक्त हॉस्टल केयर टेकर राजेश कुमार उपस्थित थे। निरीक्षण के समय 01 बालक (प्रांशु श्रीवास्तव) एवं 05 बालिकाएं (आफरीन खान, मुस्कान सिंह, ब्यूटी श्रीवास्तव, शिवावती व सुश्री कोमल) केन्द्र पर उपस्थित थीं। उनसे पूछताछ करने पर अवगत कराया गया कि वह सायंकालीन पाली में बायो-मीट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आये थे। बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का समय पूंछने पर उपस्थिति टीओटी द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका। जिलाधिकारी द्वारा की गई पूछताछ के दौरान हॉस्टल केयर टेकर राजेश कुमार ने स्वीकार किया कि शासन द्वारा प्रशिक्षण के लिए बाहर की एक संस्था को नामित किया गया है। संबंधित संस्था ने उन्हें यह काम सबलेट किया है और 9 रुपये प्रति घंटे प्रति छात्र के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। केन्द्र शीतलादेवी मेमोरियल शिक्षण संस्थान के परिसर में संचालित आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र में अव्यवस्थाओं के खुलासे के बाद जिलाधिकारी ने जनपद के सभी केन्द्रों की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। डीएम ने साफ किया है कि जांच टीमों का गठन कर केन्द्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थी के वास्तवित उपस्थिति, प्लेसमेंट से लेकर अन्य मानकों की जांच कराई जाए। इसके लिए जिला समन्वयक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई को सत्यापन टीनों का गठन कराते हुए मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने साफ किया है कि सत्यापन टीमों द्वारा जांच उपरांत 7 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## ख़ास ख़बर

### आयोजित हुआ मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश में मिट्टी और अक्षत इकट्ठा करने का कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गांव-गांव में हर आंगन से अमृत उपवन के निर्माण के लिए कलश में इकट्ठा की गई मिट्टी और अक्षत को को जिला मुख्यालय भेजने के लिए मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय पर एकत्र किया गया। चलाए जा रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मंगलवार को विकासखंड बीकापुर के 75 ग्राम पंचायत से मिट्टी एवं अक्षत संकलन का कार्य किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के कलश को लेकर प्रतिनिधियों द्वारा विकासखंड सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलश यात्रा की ब्लॉक परिसर में रैली भी निकाली गई। खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा के निर्देशन में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तथा विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधानों द्वारा संकलित किए गए अक्षत को सुपुर्द किया गया।

### दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर, बाइक क्षतिग्रस्त

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । इनायत नगर थाना के पुलिस चौकी बारुन बाजार के अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पटखौली तिराहे पर मंगलवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो बाइक पर सवार एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बता दें कि अशोक कुमार पुत्र नाथूराम व अजय पुत्र नगऊ निवासी अलीपुर खजूरी पूरे चौका सूबेदार बाइक पर सवार होकर बारुन से चमनगंज की तरफ विपरीत दिशा से आ रहे थे तभी चमनगंज से बारुन की तरफ जा रही दूसरी बाइक पर सवार इमरान पुत्र अजमत व अफसाना पत्नी फहीम निवासी बलक्सर मेहदौंना आ रहे थे।

### अवध विवि में दो दिवसीय टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का शुभारम्भ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं डिटोर संस्था के संयुक्त संयोजन में राष्ट्रीय स्तर का टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन संत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, आईएटीओ के चेयरमैन प्रतीक हीरा, इंटेक अयोध्या की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला एवं विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित ने कहा कि अयोध्या बहुत ही प्राचीन नगरी है यहाँ की सभ्यता विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने संस्कृति के बारे में पढ़ना चाहिए और समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही मजबूत है। आने वाले वर्षों में विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। कुलपति प्रो0 दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक पर्यटन स्थल को अपना एक इवेन्ट विकसित करना चाहिए जैसे अयोध्या ने दीपोत्सव को अपना इवेंट बना लिया है जो प्रत्येक वर्ष अपनी प्रसिद्धि बढ़ा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि पर्यटन के बारे में पढ़ना चाहिए फिर आईडिया बनाना चाहिए। इससे कुछ नया कर सकते हैं।

### आकाश की मुहिम से पूरे देश में स्थापित होगा रक्त सम्बध

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। समूचे देश में रक्तदान जागरुकता महाअभियान को लेकर अयोध्या जिले ब्लड मैन के उपनाम से चर्चित आकाश गुप्त ने पूरे देश में रक्त सम्बन्ध स्थापित करने का अनोखा संकल्प लिया है और इस मुहिम के चलते वो देश के सभी 280राज्यों में रक्तदान करेंगे।दुर्लभ ग्रुप के रक्तदाता आकाश गुप्ता ने अभी तक चार राज्यों में अभी तक 45 बार ब्लड डोनेट कर चुके है और आगामी 15 अक्तूबर को वे झारखण्ड की राजधानी रांची में अपना 46 वा रक्तदान करेंगे।

### अवैध अतिक्रमण की ग्रामीणों ने की शिकायत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या**। तहसील बीकापुर में स्थित ग्राम सभा वहीउद्दीनपुर में ग्राम प्रधान द्वारा ही सरकारी जमीन पर किये जा रहे अवैध अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार बीकापुर को की गई शिकायत के अनुसार ग्राम प्रधान द्वारा अपनी सगी बहन को ग्राम पंचायत की बेस कीमती सड़क के किनारे की जमीन को अवैध निर्माण के जरिए कब्जा करवाया जा रहा था जिस पर ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया तथा तहसीलदार बीकापुर के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर कार्य को मौके पर रुकवा दिया गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान की जी परिजन के नाम पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है उसे पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है।

### अर्पित करते हुए दी श्रद्धांजलि

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। किसानों तथा ग्रामीण बच्चों के साथ पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रदेश सचिव समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के दिव्यांग पंडित समरजीत ने ब्लॉक बीकापुर क्षेत्र के दशरथपुर चौराहे पर किसान भाइयों के साथ नेताजी के चित्र पर नम आंखों से अर्पित की श्रद्धांजलि दी तथा वही पिपरी जलालपुर निषाद बस्ती में पहुंचकर ग्रामीण बच्चों के साथ नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दी श्रद्धांजलिपंडित समरजीत ने कहा÷ गरीबों किसानों तथा मजलूमों के लिए धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव जी एक मसीहा थे।

राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ

# भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है:प्रो नीतू सिंह

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम साकेत महाविद्यालय के जेपीएन सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम बल्लाभाकुंज जानकी घाट के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास अयोध्या महानगर के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अवध प्रांत की प्रांत अध्यक्ष सुश्री नीतू सिंह राष्ट्रीय कला मंच की राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत सह प्रमुख सुनीता शर्मा कार्यक्रम संयोजक शिवम मिश्रा ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिनवदीप ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच ने कलाकारों को उनके अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रदर्शित किया है राष्ट्र रंग



कार्यक्रम का पहला संस्करण जो ककोरी के दसगोई ग्राम में आयोजित हुआ था सामाजिक संदर्भों का भित्ति चित्रण करके काकोरी के दसगोई गांव में जन जागरण किया गया था राष्ट्र रंग का दूसरा संस्करण जो अयोध्या में 10 से 12 अक्टूबर तक विद्याकुंड वार्ड में आयोजित हो रहा है उसमें पूरे प्रदेश के 20 निपुण कलाकारों के निर्देशन में 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थी कलाकार दीवारों पर रामायण कालीन संदर्भों व सामाजिक संदर्भों पर आधारित चित्रण करेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो नीतू सिंह ने कहा कि भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है भारत की लोक कला भारत के भाव पक्ष को समाज के सामने प्रस्तुत करती है भारत में गुफा आर्ट वित्तीय आर्ट व प्राचीन संदर्भों से लेकर आधुनिक संदर्भों तक ग्रामीण परिवेश में वह जनजाति संस्कृति में उनके बचपन से ही सीखे जाने वाली कलाएं आज समाज के सामने एक नया मानक गढ़ रहे हैं भारत में कला वा संस्कृति का अटूट संबंध रहा है । विशिष्ट अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि विद्या कुंड वह क्षेत्र है जहां पर भगवान राम ने अपने गुरु वशिष्ठ से विद्यार्जन किया था उसे वार्ड को चुनकर राष्ट्रीय कला मंच ने वास्तव में ही ऐसे कलाकारों के प्रतिभा प्रदर्शन का एक अच्छा स्थान चुना है निश्चित ही उनके इस प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से उनकी कला में निपुणता आएगी वह विद्या कुंड वार्ड के निवासियों को रामायण कालीन संदर्भों के अनेक आप्रकट प्रसंग के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी मुख्य अतिथि श्री राम बल्लाभ कुंज के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास ने कहा कि रामनगरी एक ऐसा केंद्र है जहां से प्रकट हुआ संदेश पूरे विश्व में एक नई दिशा देता है राष्ट्र रंग का यह कार्यक्रम जो अयोध्या में आयोजित हो रहा है इससे निश्चित ही अयोध्या के निवासियों के सहयोग से वह आमंत्रित कलाकारों के कुशल कल के माध्यम से नई दिशा प्राप्त करेगा ।

## कलेक्शन एजेंट से 1 लाख 75 हजार लूट का हुआ खुलासा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। रूदौली कोतवाली पुलिस ने आपरेशन दृष्टि के तहत स्थापित कैमरे के सीसीटीवी फुटेज की मदद से लूट की घटना का पर्दाफाश कर तीन नफर अभियुक्तों को लूट के रूपये सहित दो अदद तमंचा व चार अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी रूदौली सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रूदौली पुलिस द्वारा पटरंगा पुलिस के सहयोग व आपरेशन दृष्टि के तहत स्थापित कैमरे के सीसीटीवी फुटेज की मदद से कोतवाली क्षेत्र रूदौली में रौजागांव अलियाबाद रोड पर रौजांगाव के पास बाईक सवार युवकों द्वारा की गयी एक लाख पचहत्तर हजार दो सौ दस रूपये लूट के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत पर मु0अ0सं0 516/2023 धारा 392 से सम्बन्धित तीन नफर अभियुक्त अंकित यादव पुत्र अमर बहादुर यादव निवासी



डिहवा जासरपुर मोतीगंज थाना बीकापुर व अखिल प्रकाश मिश्रा पुत्र दान बहादुर मिश्रा निवासी कृष्णानगर मलेथू बुजुर्ग थाना इनायतनगर व बृजेश कुमार पाल पुत्र रामतीरथ पाल निवासी कृष्णानगर मलेथू बुजुर्ग थाना इनायतनगर को मड़हा पुल के पास से लूटे गये शत प्रतिशत रूपये बरामदगी करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल नं0 यूपी 42ए डब्लू 5755 स्पेलेण्डर प्लस,एक अदद पिठ्ठु बैग,एक अदद कैंची,04 अदद मोबीईल,घटना के समय पहने हुए कपड़े,जूता चप्पल,एक अदद हेलमेट व 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## जामताड़ा शहर का पहला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कायस्थपाड़ा मना रहा है 50वां वर्षगांठ

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा**। दुर्गा देवी महिषासुर मर्दिनी विपत्तारिणी मां की दस्तक हो गई है। मां के आगमन की सुंदर मधुर नूपुर ध्वनि की उर्मि सुनाई पड़ रही है। कायस्थ पाड़ा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का दुर्गा आराधना का यह 50 वां वर्षगांठ है। 50 वां वर्षगांठ के मौके पर कठपुतली नाच सहित विभिन्न कार्यक्रम पूजा पंडाल में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। विदित हो कि जामताड़ा शहर का पहला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कायस्थपाड़ा में वर्ष 1974 में स्वर्गीय ताराचंद चौधरी के द्वारा शुरू किया गया था। यहां की पूजा वैष्णव पद्धति से होती है। कायस्थपाड़ा सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा जिस जमीन पर वर्ष 1974 में पूजा की शुरुआत की गई थी उस जमीन को मंदिर के नाम पर वर्ष 1975 में स्वर्गीय हिंगोला बाला दासी के द्वारा दान में दे दिया गया था। वर्ष 1988 तक उक्त जमीन पर



पंडाल बनाकर मां दुर्गा की पूजा की जाती थी।उस जमीन पर वर्ष 1989 में श्रद्धालु ताराचंद नारनोलिया के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय चंद्र गोपाल नरनोलिया के स्मृति में एक गर्भ गृह का निर्माण कराया गया।जो वर्ष 2001 में सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी कायस्थपाड़ा के द्वारा सभी के सहयोग से मां दुर्गा का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। इसके सचिव मोहन घोष ने बताया कि कायस्थपाड़ा दुर्गा मंदिर में जगतधात्री माता का संगमरमर का मूर्ति स्थापित है और सालों भर यहां सुबह शाम आरती और पूजा की जाती है।उन्होंने बताया कि इस मंदिर में दुर्गा पूजा के अलावे जगदात्री पूजा, लक्ष्मी पूजा, बासंती पूजा,शिवरात्रि पूजा का भी आयोजन किया जाता है।

### अयोध्या में 70 एकड़ में पार्किंग स्थल का योगी सरकार कराएगीनिर्माण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। रामनगरी अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर निर्माण तेजी पर है और 22 जनवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय किया गया है। ऐसे में अयोध्या में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिला प्रशासन की मानें तो प्रतिदिन लगभग 50,000 श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार का ध्यान अब अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की ओर है। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है। परंपरागत रूप से पार्किंग स्थल के अलावा 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

## विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करते डीएम नीतीश कुमार व अन्य



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या में टेंपल म्यूजियम के निर्माण हेतु चयनित किए गए विभिन्न स्थलों का टेंपल म्यूजियम से संबंधित आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर्स के साथ भौतिक अवलोकन किया। इस दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा जमथरा में चिन्हित तीन स्थलों तथा रामपुर हलवारा में चिन्हित एक स्थल का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर के द्वारा इन चिन्हित स्थलों में से एक स्थल का चयन टेंपल म्यूजियम के निर्माण हेतु किया जाएगा। जहां पर टेंपल म्यूजियम बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेंपल म्यूजियम में भारत के विभिन्न राज्यों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थापित मंदिरों की वास्तुकालयों का चित्रण एवं मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक अभिलेख अधिकारी राम कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने पुण्यतिथि मनाई

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह की पुण्यतिथि आज जिले में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मनाई । इस मौके पर पार्टी कार्यालय पर आयोजित एक सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री पूर्व रक्षा मंत्री नेताजी स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे । सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में प्रदेश को जिन ऊंचाइयों पर पहुंचाया वैसा आजादी के बाद आज तक किसी और दल के किसी नेता ने नहीं किया । उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव एक ऐसे नेता थे जिनसे समाज का हर वर्ग प्रेरणा लेता था । पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित की।

### पशुपालन महाविद्यालय के कर्मचारी दिखे मायूस

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले में कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान विभाग की उपस्थिति नगण्य रही। इसका कारण वेटरिनरी विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के को विगत 8 माह से वेतन न मिलाना बताया जा रहा है विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष कृषि मेले में पशुपालन विभाग द्वारा कोई विशेष प्रदर्शनी नहीं लगाई गई थी ना ही इस विभाग की कोई बड़ी दवा कंपनी ने कृषि मेले में प्रतिभाग किया। यही नहीं प्राकृतिक खेती एवं मोटे अनाजों की खेती का राग अलापने वाले कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कृषि मेले में इन दोनो विषयो पर कोई विशेष फोकस नही किया गया। कृषि विश्वविद्यालय के बीज विक्रय केंद्र पर मोटे अनाजों का कोई भी बीज उपलब्ध नहीं था।

### सांसद मेधा प्रतियोगिता में बच्चों का दिखा जलवा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । तहसील क्षेत्र सतनामी विद्यापीठ इंटर कालेज शुक्लापुर में सोमवार को राम केवल लोधी की अध्यक्षता में सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राम चन्द्र यादव व समापन सांसद लल्लू सिंह ने किया।इस प्रतियोगिता में कुल 6 प्रतियोगिताओं के लिए परिषदीय विद्यालय शुजागंज शुक्लापुर फिरोजपुर मखदूमी नेवाजपुर करीमपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय अमराई गांव पुराय खुसका सत्यनामी विद्या पीट सहित 17 विद्यालयों के लगभग 100 से अधिक छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सांसद लल्लू सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह व मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।पेंटिग प्रतियोगिता में लक्ष्मी प्रथम,फाइजा फिजा द्वितीय,सुधा तीसरे स्थान पर रहीं।निबंध मीनाक्षी यादव ,चंचल मिश्रा नंदनी रावत तथा काव्य पाठ में दीपिका प्रथम रहीं।भाषण प्रतियोगिता में अमन प्रथम, ललित द्वितीय, अंजली तृतीय स्थान पर रही।काव्य पाठ में दीपिका पाण्डेय प्रथम, श्रद्धा पाण्डेय द्वितीय,अल्फिया तृतीय स्थान पर रहीं।संसद गठन प्रतियोगिता में कंपोजिट विधायल करीमपुर के अध्यापक अर्पित मिश्र नाहिद उस्मान द्वारा तैयार कराए गए कार्यक्रम में सामिल बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया।शुक्लापुर के बच्चों ने वृक्ष लगाओ नाट्य का मंचन किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में बीईओ रमाकांत राम राज्य पुरस्कार सम्मनित शिक्षक श्रीप्रकाश पाठक अवनीन्द्र कुमार तिवारी अभिषेक राजपाल असगर अली सुनीता पांडेय अर्चना मिश्रा ममता वर्मा रामसरन मौर्या के अलावा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्त आकाश मणि त्रिपाठी चंद्रभान पासवान शिव गोविंद पांडेय धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### गंदगी नहीं फैलाने व नगर पंचायत गोसाईंगंज क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने की अपील:ईओ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर अयोध्या** । कचरा मुक्त नगर को लेकर "स्वच्छता सेवा के तहत गोसाईंगंज नगर पंचायत के वार्ड 8 में एक आवारा सांड की मौत से मोहल्ले वाले बदबू से परेशान हो गए। नगर पंचायत ईओ इंद्रभान जी को शिकायत मिलते ही तुरंत जेसीबी से गड्ढा खोदकर हमारा सांड को उसी में गाढ़ दिया गया। वहीं जहां पर सांड मारा था वहां बरसात से पूरा जंगल हो गया था।नगर पंचायत ईओ के आदेश पर उसकी साफ सफाई कर स्वच्छ एवं सुंदर बना दिया। इसे साफ सुथरा करा कर बहुत अच्छा काम किया। बदबू से मिला निजात। यह मामला वार्ड नंबर 8 के पत्रकार दिनेश जायसवाल कटरा के आवास के सामने नाले के पास पूरा जंगल सा हो गया था। नगर पंचायत ईओ से शिकायत के बाद तुरंत नगर पंचायत जेसीबी चालक सरबजीत सोनकर पहले जंगल को पूरी तरह सफाई किया। इसके बाद मरे हुए जानवर को 10 फीट गड्ढा खोदकर उसी में गाढ़ दिया। इस मौके पर नगर पंचायत सफाई करने वाले जैसराज गौड़ के देखरेख में सफाई व्यवस्था हो गई। वहीं दूसरी मीटिंग सफाई व्यवस्था के बाद वहां पर कीटनाशक दवा डाल दिया गया जिससे मोहल्ले वासियों को कोई बीमारी ना हो पाए। नगर पंचायत गोसाईंगंज को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए गोसाईंगंज नगर पंचायत के लोगों से ईओ इंद्रभान जी ने आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर नगर पंचायत गोसाईगंज को स्वच्छ व सुंदर बनाना है।

### प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में जागरूकता कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा**। प्लस टू उच्च विद्यालय नाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अवेयरनेस एंड आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें सभी बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर से भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ विद्यालय से होकर पुरे बाजार का भ्रमण करते हुए बजरंगबली मोड़ होते हुए गोपालपुर तक भ्रमण किया गया।इस दौरान 'हम बच्चों का है संदेश बाल विवाह मुक्त हो देश, हम बच्चों ने ठाना है बाल विवाह मिटाना है,सुनो गौर से देश वासियों अब ना होगी बच्चों की शादी ,डरो मत बच्चों की शादी करो मत,हम सब का एक विचार बाल विवाह मुक्त हो हर परिवार 'आदि नारे भी लगाए गए । इस अवसर पर सामुहिक रूप से सबों ने संकल्प पाठ करते हुए कहा कि "हम बाल विवाह नहीं करेंगे, व हम ऐसे किसी आयोजन में शामिल नहीं होंगे जहां बाल विवाह हो रहा हो, हम यह प्रण करते हैं कि इसकी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, जिससे हर बच्चा सुरक्षित मुक्त और शिक्षित हो सके।" इस अवसर पर कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलभी अमित कुमार सिंह, श्याम सुंदर टूडू, दुलाल चंद्र भूईं, बदलाव फाउंडेशन के छोटेलाल मरांडी, विद्यालय के शिक्षक मुकेश कुमार, राजेश कुमार ,दिलीप कुमार रवानी, सुरजीत भट्टाचार्य, सुबोध कुमार घोष, श्यामल मंडल सहित एवं अन्य शिक्षकों के अलावे छात्राएं एवं नाला थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शंभू नाथ दत्ता भी मौजूद थे।

प्रदर्शनी | अयोध्या के प्रगतिशील किसानों ने कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए

## केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हमेशा तैयार :डा संजीव बालियान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, मिल्कीपुर -अयोध्या**। केंद्र सरकार बकरी पालन, सूअर पालन तथा अन्य व्यापार के लिए किसानों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है जिससे कि पशुपालकों को आर्थिक परेशानी न झेलनी पड़े। केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। अयोध्या के प्रगतिशील किसानों ने कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं जो गर्व की बात है। युवा अब सरकारी नौकरी को दिमाग से निकालकर व्यापार की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं। युवाओं को सरकारी नौकरी तक ही सीमित नहीं रहना होगा बल्कि दूसरों को रोजगार देने के लिए कार्य करना होगा। यह बातें पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने किसान मेले बतौर मुख्य अतिथि कही। वे कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने



प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बड़े पैमाने पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। मंत्री ने कहा कि आने वाला समय प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज का है। किसानों को व्यापक स्तर पर मोटे अनाज की खेती करने की जरूरत है। पत्रकारों के सवाल पर मंत्री ने कहा कहा कि विवि के केंद्र सरकार का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा और केंद्र स्तर पर जो भी सुविधाएं होंगी विश्वविद्यालय को मुहैया करवाई जाएगी। मंत्री बालियान विवि में हो रही मिश्री की खेती की जमकर सराहना की साथ ही कहा कि आईबीएफ सेंटर पर हरियाणा-पंजाब की तर्ज पर गायें देखने को मिलेगी और इसके लिए केंद्र सरकार विवि के साथ खड़ा है। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद उपकार के महानिदेशक डा. संजय सिंह ने कहा कि विवि में विकसित की गई धान की प्रजाति सरयू-52 विश्व स्तर पर प्रचलित है और गुणवत्ता के कारण इसे विदेशों तक निर्यात किया जाता है। विवि ने सब्जी व फल के क्षेत्र कई बड़े मुकाम को हासिल किया है जो गर्व की बात है। डा. संजय ने किसानों से अपील किया वे अपने खेतों में कोदो और सावा की खेती करें इस पर सरकार की ओर से उचित मूल्य भी निर्धारित है। उन्होंने कहा कि किसान मेले का मुख्य उद्देश्य जागरुकता है। किसानों को सरकार की सभी योनजाओं का लाभ उठाना चाहिए। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं से किसानों को मजबूती मिल रही है। शिक्षा व शोध के क्षेत्र में सरकार ने बड़े स्तर पर कार्य किए हैं और इसमें अयोध्या जिला सबसे आगे है। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारे किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लिए साथ खड़ी है। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि विवि विश्व के पटल पर तेजी के साथ अपनी पहचान बनाने की ओर अबसर है। विवि ने राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान हासिल किया जो पूरे विवि के लिए गर्व की बाल है। इस मौके पर कुलपति ने विवि की कई उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया।

### कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय मेले में मुख्यमंत्री की होर्डिंग को नहीं मिला उचित स्थान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या| मिल्कीपुर, अयोध्या**। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित किसान भवन मैदान में मंगलवार से दो दिवसीय किसान मेले का आयोजन किया गया है। मेले का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री पशुपालन,मत्सपालन एवं डेयरी भारत सरकार के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के 49 वां स्थापना दिवस समारोह एवं राज्य स्तरीय किसान मेला तथा उद्योग प्रदर्शनी में बने मंच के बगल में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही दूसरे नंबर पर केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान एवं सबसे पीछे तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होर्डिंग लगाई गई थी।जब सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने लगी तो विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की होल्डिंग को आगे लगाया इसके पहले कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान की होर्डिंग लगी थी सबसे पीछे मुख्यमंत्री की होर्डिंग लगाई गई थी, पंडाल में उमस भरी गर्मी के बीच किसान परेशान दिखे।

## विवादों के निपटारा को ले नाला थाना में जनता दरबार का हुआ आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को नाला थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाला अंचलाधिकारी किशोरी यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान जमीन विवाद तथा आपसी घरेलू हिंसा आदि को लेकर कई मामले आए। वही अंचल अधिकारी किशोरी यादव तथा नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने संयुक्त रूप से सभी प्रकार की विवादों के निपटारा को लेकर आवश्यक पहल की। इस क्रम में नाला नीचे पड़ा स्थित हरियाली देवी मंडल ने घरेलू हिंसा से संबंधित विवादों के निपटारा को लेकर आवेदन दिया। वही अंचलाधिकारी किशोरी यादव तथा नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की तहकीकात कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावे अन्य मामले संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। इस अवसर पर अंचलाधिकारी किशोरी यादव ने कहा कि जनता दरबार में जितनी भी मामले आएंगे सभी को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी ,ताकि आम लोगों की सभी प्रकार के विवादों का निपटारा विधिक रूप से हो सके। और लोगों को न्याय मिल सके। इस अवसर पर नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा नहीं सभी आम लोगों से थाने में आयोजित जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं का निपटारा कराने की अपील की। कहा कि हर मंगलवार को जनता दरबार आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर जनता दरबार में नाला पंचायत के मुखिया अजीत मुर्मू, पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत राम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जरूरतमंदों को कराया भोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, अयोध्या**। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और देश के पूर्व रक्षा मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री नेता जी स्व मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर अयोध्या नगर निगम के पूर्व मेयर प्रत्याशी रहें डॉ आशीष पाण्डेय दीपू द्वारा आयोजित साप्ताहिक सेवा माह कार्यक्रम में प्रथम दिन माईवाढा में जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने बताया कि नेता जी ने अपना पूरा जीवन जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया।नेता जी जब तक रहे वो हर समाजवादी नौजवान से यही शिक्षा देते थे कि जो भूखा हो उसे भोजन करवाना और हर जरूरतमंद की मदद करना। उनकी दी हुई इसी शिक्षा को आत्मसात कर हर समाजवादी नौजवान जरूरतमंदों को सेवा में सदैव तैयार रहता है। डॉ आशीष पाण्डेय दीपू ने बताया कि प्रदेश महासचिव, अयोध्या के पूर्व विधायक जय शंकर पाण्डेय जी के संयोजन में नेता जी स्व. मुलायम सिंह यादव जी की प्रथम पुण्यतिथि से नेता जी की जयंती 22 नवंबर तक हर सप्ताह जरूरतमंदों की प्रमुख स्थानों पर भूखों को भोजन करवाया जाएगा ।

## ख़ास ख़बर

### आठ दिवसीय श्री महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के दूसरे दिन क्रिकेट व बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे** । उत्तर प्रदेश जनपद बलरामपुर में अग्रवाल सभा द्वारा श्री महाराजा अग्रसेन मन्दिर प्रांगण में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में दूसरे दिन अपराह्न से APL क्रिकेट प्रतियोगिता एवं APL बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम महाराजा श्री अग्रसेन जी को माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात APL क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच प्रथम टीम अग्रसेन चैलेंजर्स एवं द्वितीय टीम अग्रसेन टाइगर्स के बीच कराया गया। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों से सचिव मनीष तुलस्यान ने परिचय प्राप्त किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अग्रसेन चैलेंजर्स ने 8 ओवर में 7 विकेट पर 48 रन बनाए। अग्रसेन टाइगर्स की टीम स्कोर का पीछा करते हुए मात्र 28 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार अग्रसेन चैलेंजर्स 20 रन से विजयी घोषित की गई। मैच में पंकज अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच अग्रसेन वारियर्स एवं अग्रसेन बाहुबली की टीमों के बीच खेला गया जिनके सभी खिलाड़ियों से सभा के उपाध्यक्ष सुशील हमीरवासिया ने परिचय प्राप्त किया। इस मैच में अग्रसेन बाहुबली की टीम 1 विकेट से विजयी घोषित की गई, मैन ऑफ द मैच आदित्य अग्रवाल रहे। APL बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुल 11 मैच सम्पन्न कराए गए जिसमें मोहन लाल अग्रवाल, सक्षम अग्रवाल, शरद अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, अमन अग्रवाल, हंस अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मयूर अग्रवाल, अनूप सिंघल एवं अमन अग्रवाल अपने अपने मैच जीतकर दूसरे राउंड में प्रवेश कर गए। इसके साथ ही साथ महाराजा अग्रसेन रसोई का दैनिक आयोजन भी मुख्य द्वार पर किया गया। आज के कार्यक्रमों में आलोक अग्रवाल, विनोद बंसल, सुशील हमीरवासिया, अजय अग्रवाल, सौम्य अग्रवाल, अभिषेक सिंघल, साकेत तुलस्यान का विशेष योगदान रहा।

### महिला थाना द्वारा पारिवारिक विवाद का किया गया सफल निस्तारण



**बलरामपुर** । आज दिनांक 10.10.2023 को आवेदिका राजेश्वरी पत्नी गुड्डू नि0 ग्रा0 गौरा तिरकौलिया थाना गौरा चौराहा जनपद- बलरामपुर द्वारा महिला थाना ,जनपद बलरामपुर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था,जिसमें पति गुड्डू पुत्र कुट्टी नि0 ग्राम - खेरहनिया थाना - महराजगंज तराई जनपद- बलरामपुर द्वारा आवेदिका को प्रताड़ित किया जाता है। आवेदिका के साथ गाली - गलौज व मार - पीट करना आदि की शिकायत थी।

### आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला



**सौरव पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण मंगलवार को आकांक्षी ब्लॉक श्रीदत्तगंज में संकल्प सप्ताह के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने मेले का निरीक्षण किया। मेले में कम लाभार्थियों के आने पर अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज डॉ अनुराग पाण्डेय को निर्देशित किया कि आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाय जिससे आम जनमानस को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाय। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को जन-जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आइडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिसीज यानी रक्त संबंधी विकार, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। मेले के निरीक्षण के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय भवन व परिसर में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाया गया।

# सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में आयोजित टीकाकरण सत्र का किया निरीक्षण



**सौरभ पांडे जिला ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर के अंतर्गत ग्राम बनकटा में आयोजित सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया । टीकाकरण सत्र पर कार्यरत ए एन एम वन्दना कुशवाहा को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा व गर्भवती महिला टीकाकरण व ए एन सी जांच से छूटने न पाए , सभी टीकाकृत बच्चों व गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं को ई कवच पोर्टल पर अपडेट किया जाय। सत्र स्थल पर उपस्थित जनसमुदाय से मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने अपील किया कि वह अपने बच्चों को अभी टीके लगवाएं और अपने आस पास के सभी अभिभावकों को भी प्रेरित करें जिससे वह भी अपने बच्चों का टीकाकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत मीजल्स रूबेला वैक्सीन के डोज के अतिरिक्त नियमित टीकाकरण के छूटे हुए सभी डोज पांच वर्ष तक के बच्चों को लगाएं जाएंगे तथा छूटी हुई गर्भवती माताओं को भी छूटे हुए टीके के डोज लगाएं जाएंगे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण से किन्हीं कारणों से छूटे हुए शून्य से पांच साल तक की आयु के बच्चों एवं गर्भवती को टीका लगाने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाया जाता है। टीके न केवल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाते हैं बल्कि बच्चे की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और उसे कुपोषण से भी बचाते हैं। शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने में नियमित टीकाकरण की अहम भूमिका है। डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि अभियान के तहत टीकाकृत किये गये बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के कवरेज की एंट्री ई कवच पोर्टल पर की जा रही है।इस पोर्टल के माध्यम से ही बच्चों एवं महिलाओं को प्रदेश में कहीं भी टीके लगाए जा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ जावेद अख्तर, डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, बी सी पी एम जय प्रकाश नारायण पाण्डेय, डी एम सी शिखा श्रीवास्तव,सी एच ओ प्रज्ञा मिश्रा, आशा रीता देवी,आगनवाड़ी शालदा श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## को0 उतरौला पुलिस द्वारा सिलिण्डर चोर गिरफ्तार, सिलिण्ड़र बरामद



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला श्री संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में :- दिनांक 10.10.2023 को थाना कोतवाली उतरौला के उ0नि0 श्री मनीष कुमार मिश्र मय टीम के थाना कोतवाली उतरौला जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 297/23 धारा 379,411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त सुमित कुमार पाण्डेय पुत्र विजय पाण्डेय निवासी ग्राम मरौचा थाना कोतवाली मनकापुर जिला गोण्डा को मय चोरी हुए एक अदद इण्डेन सिलिण्डर के साथ फक्कड़दास चौराह उतरौला से गिरफ्तार। माल बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

## माननीय राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को बताई आरटीआई की बारीकियां



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी देने में जनसूचना अधिकारी अपनाए सकारात्मक रवैया - माननीय राज्य सूचना आयुक्त माननीय राज्य सूचना आयुक्त श्री सुभाष चंद्र सिंह द्वारा जनपद के एकदिवसीय भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आरटीआई के नियमों की विस्तृत जानकारी/ जनपद स्तरीय अधिकारी जन सूचना अधिकारियों को दी गई। उन्होंने बताया कि जन सूचना अधिकारी के द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना 30 दिन के भीतर देना अनिवार्य है। यदि सूचना देने के लिए सूचना का सृजन करना पड़ रहा है तो 45 दिन के भीतर सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि जन सूचना अधिकारी द्वारा 45 दिन से ज्यादा समय व्यतीत हो जाने पर आरटीआई का जवाब नहीं दिया जाता है तो आयोग द्वारा अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों आरटीआई के तहत मांगे गई सूचना को छिपाए नहीं बल्कि बारीकियां जानते हुए उसका जवाब दें। माननीय राज्य सूचना आयुक्त ने मांगी गई सूचना का ट्रांसफर किए जाने की बारीकियां के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने जन सूचना अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया।

# दो छोटे भगौना गैस चुल्हा व तेल मशाला प्लास्टिक बोरी सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह थाना महराजगंज तराई के नेतृत्व में आज दिनाँक 10.10.2023 को थाना महराजगंज तराई पुलिस टीम उ0नि0 रामवचन व हे0का0 पवन कुमार यादव कां0 धनेश यादव कां0 अवधेश कुमार व का0 नीरज पाल के द्वारा मु0अ0सं0 194/2023 धारा 380/411 भादवि का वांछित अभियुक्त अर्जुन पुत्र बद्रीप्रसाद निवासी सुखदेवपुरवा मश0 बरगदही थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर को मुखबिर खास की सूचना पर चोरी का सामान बेचने के लिए ले जाते समय कोटिया तिराहा से चोरी के सामान सहित अभियुक्त गिरफ्तार। अभियुक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त- अभियुक्त अर्जुन पुत्र बद्री प्रसाद निवासी सुखदेवपुरवा मश0 बरगदही थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर ।

### पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना- पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी गई



**सौरभ पांडे जिला ब्यूरो बलरामपुर** । आज दिनांक- 10.10.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### अवैध खनन पर जिलाधिकारी का सख्त रवैया अभियान चलाकर की गई छापेमारी

**बलरामपुर** । संवाददाता जिले मे नेपाल राष्ट्र से निकलकर दर्जनभर पहाडी नाले बह रहे है,अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है, कि किसी भी कीमत पर अवैध खनन नही होना चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों से वार्ता करते हुए जनपद से लगे सीमा पर विशेष निगरानी में सहयोग की अपेक्षा की गई है।उन्होंने सभी एसडीएम सीओ,एआरटीओ एवं खान अधिकारी अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग रोके जाने को कड़ी कारवाही किए जाने,सीमावर्ती जिलों से लगे सीमा पर विशेष निगरानी किए जाने एवं अवैध खनन में संगठन बनाकर लिप्त लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई किए जाने का कड़े निर्देश दिए है। जिलाधिकारी की सख्ती के बाद अवैध खनन पर प्रशासन का डंडा चला है। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में खनन विभाग,पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए 6 अक्टूबर को बालू के अवैध परिवहन में एक ट्रैक्टर ट्राली को टास्क फोर्स एवं खान अधिकारी द्वारा तुलसीपुर में सुपुर्द किया गया तथा रात्रि में श्रावस्ती से लाए गए बालू के ओवरलोडिंग तक ट्राला का ई चालान तुलसीपुर में किया गया। 07 अक्टूबर को टास्क फोर्स एवं खान अधिकारी द्वारा एक्सपायर रवन्ने से परिवहन कर रहे गिट्टी से लदे 02 ट्रक का ई चालान किया गया तथा अवैध खनन की शिकायत पर बेलवा सुल्तानजोत, राजापुर, रंजीतपुर ग्राम में राप्ती नदी के किनारे के क्षेत्र की जांच की गई तथा मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर ट्राली को थाना कोतवाली में सुपुर्द किया गया। 08 अक्टूबर को टास्क फोर्स द्वारा प्रातः 4:00 बजे बलरामपुर बहराइच मार्ग पर श्रावस्ती से ला रहे बालू लदे 02 ट्राला का ऑनलाइन चालान किया गया तथा 01 ट्राला को चकवा चौकी में सुपुर्द किया गया। एसडीम सदर एवं खनन अधिकारी व क्षेत्राधिकार नगर द्वारा अवैध खान की जांच ग्राम राजापुर में की गई। जहां पर लगभग 250 घन मीटर अवैध खनन पाया गया तथा रास्ते में मिट्टी लदे 01 ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली देहात की अभिरक्षा में दिया गया।

### धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**सिकन्दरपुर (बलिया)**। देश में नेता जी सुभाष चंद्र बोस के बाद श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव जी को ही नेता जी कहा गया है। उन्हें धरती पुत्र जैसे उपाधियों से नवाजा गया है। उनके जाने के बाद से गरीबों की आवाज कही दब सी गई है। उन्होंने अपने सरकार में नौकरियों एवम नगर निकाय व पंचायत चुनाव में सबको समान अधिकार देने का साहसिक कार्य किए थे। उक्त बाते पूर्व मंत्री व विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने समाजवादी पार्टी कार्यालय सिकन्दरपुर में श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। उन्होंने कहा कि समाजवाद के ध्वज वाहक का हम लोगो के बीच नहीं है, किंतु उनके संघर्ष हमे हमेशा प्रेरणा और ऊर्जा देता रहेगा। उनके प्रथम पुण्यतिथि पर हमे उनके आदर्शों को संजोए रखने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में सलेमपुर से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीता कर सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी। श्रद्धांजलि सभा में डा०मदन राय, अनंत मिश्र,भीष्म यादव, रमेश साहनी, धनंजय सिंह, चंद्रमा चौहान, खुर्शीद आलम, सरल यादव, कृष्ण कुमार यादव, देवनारायण यादव, राम केवल प्रजापति, बंगाली रावत, अतुलेश यादव, हृदय यादव, विनोद राम सहित सैकड़ों लोगो ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता रामजी यादव एवं संचालन वीर बहादुर वर्मा ने किया।

### मामला सं0 590/23/06 धारा 323/504 भा0द0वि से संबंधित 02 नफर वारन्टी गिरफ्तार



**सौरभ पांडे जिला ब्यूरो बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरी0 थाना पचपेड़वा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 10.10.2023 को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा मामला सं0 590/23/06 धारा 323/504 भा0द0वि से सम्बन्धित वारन्टी 1. अनीस पुत्र अमीन निवासी बरगदहा सोहना थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर 2. खरवाहे पुत्र सिद्दीक निवासी बरगदहा सोहना थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

**अभियान** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान

# उतरौला पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे जिला ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला श्री संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में : आज दिनांक 10.10.2023 को थाना कोतवाली उतरौला में उ0नि0 श्री शम्भू सिंह मय टीम के द्वारा थाना कोतवली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 292/2023 धारा 376/366 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुबारक उर्फ मुसनू पुत्र सलीम निवासी मटियरिया करमा थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर उम्र 27 वर्ष को फक्कड़ दास चौराहा गोण्डा मोड़ उतरौला से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया अभियुक्त का विवरण- 1. मुबारक उर्फ मुसनू पुत्र सलीम निवासी मटियरिया करमा थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर उम्र 27 वर्ष । गिरफ्तार करने वाली टीम 1. उ0नि0 श्री शम्भू सिंह । 2. का0 अमित कुमार थाना को0 उतरौला पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक महोदय बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नम्रता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक उतरौला श्री संजय कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में : आज दिनांक 10.10.2023 को थाना कोतवाली उतरौला में उ0नि0 श्री शम्भू सिंह मय टीम के द्वारा थाना कोतवली उतरौला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 292/2023 धारा 376/366 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मुबारक उर्फ मुसनू पुत्र सलीम निवासी मटियरिया करमा थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर उम्र 27 वर्ष को फक्कड़ दास चौराहा गोण्डा मोड़ उतरौला से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया अभियुक्त का विवरण- 1. मुबारक उर्फ मुसनू पुत्र सलीम निवासी मटियरिया करमा थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर उम्र 27 वर्ष ।

# मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस



**सौरभ पांडे जिला ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । मंगलवार को बलरामपुर नगर के डी ए वी इंटर कालेज प्रांगण में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया।उन्होंने शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक करना और मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की सही देखभाल व्यक्ति को खुश और समृद्ध जीवन जीने में मदद करती है। स्ट्रेस या तनाव एक प्रकार का मानसिक स्वास्थ्य विकार है जिसका जोखिम तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसीलिए सभी लोगों के लिए अपने शारीरिक स्वास्थ्य की ही तरह से मानसिक सेहत का ख्याल रखना भी जरूरी है। दोनों स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर होते हैं, यानी अगर आप स्ट्रेस-एग्जाइटी जैसी मानसिक समस्याओं के शिकार हैं, तो इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षकों विद्यार्थियों के अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ अक्षत लेले, डॉ अशोक पटेल , अजय कुमार सिंह " पिंकू" डी पी एम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, मंडलीय डी पी एम राहुल पटेल , जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ख़ास ख़बर

## पूर्व मुख्यमंत्री का मनाया गया पुण्यतिथि,समाजवादी कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि



**वाराणसी** । मिर्जामुराद क्षेत्र के डंगहरिया गांव स्थित एसबीपी इंटरमीडिएट कालेज में मंगलवार की शाम समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के पुण्यतिथि पर युवा सपा नेता अमन यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दिया गया।युवा नेता अमन यादव ने कहां कि हम सभी को आज सकल्प लेना है कि नेता जी के विचारों को जन-जन तक पहुचाएंगेऔर उनके आदर्शो पर चलकर गरीबो, मजलूमों,नौजवानों, दलितों, पिछडो एवं अल्पसंख्यको के हित के लिए संघर्ष करेंगे।इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक गौरव सिंह पटेल, आशा यादव, मुन्ना लाल यादव, रिंकू, रोहित,भैयालाल, आशीष, अजय, रमाकांत,शनि, सत्या,गौरव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मां दुर्गा की भव्य मूर्तियां बनाने में जुटे कलाकार



**इन्द्र कांत संवाददाता दैनिक भास्कर भास्कर, वाराणसी** । मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के कछवांरोड श्री दुर्गा पूजा की नवरात्रि की लगभग तैयारी पूरी हो गई है मूर्तिकार देवी मां की भव्य मूर्तियां को अंतिम रूप देने में जुटे हैं कछवांरोड के मूर्तिकार दो माह से मूर्तियां बना रहे हैं। दिन-रात जुटे कारीगर अपनी मेहनत से मूर्ति में अपनी कला से जान डालने की कोशिश कर रहे हैं मूर्ति के हर हिस्से पर बारकी-बारकी की से काम किया जा रहा है कछवांरोड के कलाकार उन मंदिरों के लिए खास तौर से मूर्तियां बनाई जा रही है मां दुर्गा की बड़ी मूर्तियां बनाई जा रही हैं। विधि विधान से स्थापित होगी मां दुर्गा की मूर्ति नवरात्र महोत्सव के लिए के लिए तैयार की जा रही मां दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना विधि विधान से साथ पहले नवरात्र पर पंडाल में की जाएगी इसके लिए कारीगर ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। कलाकार मूर्ति को सच्चा देवी का रूप देने में जुटे हैं मां दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।14 साल से बना रहे मूर्ति पिछले दो माह से वाराणसी जिले मे कछवांरोड के मूर्तिकार शनि राजभर अंकित राजभर देवी मां की मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि मां का पूरा मूर्तियां कच्ची मिट्टी से ही सजाया जाता है।

## आमरण अनशन पर पर बैठे अनशनकारी का दुसरे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना रहा जारी



**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चंद्र झा, सहरसा** । सदर थाना क्षेत्र के गंगजला वार्ड नंबर 15 नियामत टोला इस्लामिया चौक निवासी मोहम्मद कलाम द्वारा स्टेडियम के पास मंगलवार को अनिश्चितकालीन आमरण दुसरे दिन भी जारी रहा। मोहम्मद कलाम ने बताया कि मेरी मजदूरी एवं सेटरिंग करने का रुपया बेईमानी कर लेने एवं सेटरिंग का सारा सामान बलपूर्वक हड़प लिया गया। उन्होंने बताया कि इंजीनियर आशीष कुमार, ठेकेदार रंजन सिंह , मुंशी पंडित गठजोड कर मुझ मजदूर का मजदूरी का भी गबन कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आज अनशन के 36 घंटे बीत चुका है।लेकिन जिला प्रशासन के द्वारा अब तक कोई सुधि नही ली गई है।मो कलाम की बिगड़ती हालत को देखकर उनके स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती भी नही की गई है। उन्होंने कहा कि मजदूरी और सेटरिंग का रुपया पाने के लिए मेरा संघर्ष मरते दम तक जारी रहेगा।

## लक्ष्मणगढ़ में विधायक जौहरीलाल मीणा का घेराव

**दैनिक शुभ भास्कर पपन सेनअलवर**। अलवर के लक्ष्मणगढ़ में नए तहसील भवन का शिलान्यास करने आए कांग्रेस विधायक जौहरीलाल मीणा का रविवार सुबह बीजेपी के मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। विधायक को काले झंडे दिखाए। नए भवन को दूसरी जगह बनाने का विरोध है। विधायक के साथ बीजेपी के नेता व कार्यकर्ताओं ने काफी बहस भी की। लेकिन विधायक इसके बीच में शिलान्यास कर चले गए। इधर, बीजेपी के कार्यकर्ता विरोध करते रहे। पुलिस ने कईयों को हिरासत में भी लिया है। मंडल अध्यक्ष नरपत सिंह राठौड़ ने कहा कि हमने नियम के विरुद्ध शिलान्यास करने का विरोध किया है। इस जगह नए भवन बनाने का विरोध है। कोर्ट में भी मामला चल रहा है। बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं को पुलिस पकड़ कर ले गई। कइयों से हाथापाई भी की है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जहां नया भवन बनाना चाहते हैं, वहां मुख्य रास्ता भी नहीं जाता है। फिर भी कुछ विशेष लोगों को फायदा पहुंचाने के मकसद से यहां नया भवन बनाने का प्लान बनाया है। अब सब इसका विरोध करने में लगे हैं। इस कारण रविवार को गुपचुप तरीके से शिलान्यास करने के विधायक आए। जिनके सामने भी लोगों ने विरोध दर्ज कराया।

# केंद्र सरकार और रेलवे द्वारा बगहा को उपेक्षित रखा गया हैः जयेश



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन बगहा पश्चिमी चंपारण**। बगहा कांग्रेस कमिटी द्वारा बगहा से राजधानी पटना तक सीधी रेल सेवा की मांग को लेकर बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने किया। हस्ताक्षर अभियान अल्पसंख्यक कार्यालय बगहा थाना के पास से पुरा बगहा शहर में चलाया गया। बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने बताया कि बगहा पुलिस जिला बिहार के पश्चिमी उत्तर छोर पर उतर प्रदेश एवं नेपाल से जुड़ा हुआ अंतिम पुलिस जिला है। यहां से बिहार प्रदेश की राजधानी पटना के लिए अभी कोई ट्रेन नहीं है।इस कारण बगहा पुलिस जिला नेपाल एवं उत्तर प्रदेश सटे बगहा के लोगों को व्यापार, बच्चों की शिक्षा एवं बिमारियों के इलाज हेतु राजधानी पटना जाने के घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में गोरखपुर से बगहा होकर हाजीपुर तक चलने वाली ट्रेन को रेलवे द्वारा बन्द कर दिया गया है। रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्रवासियों को ईलाज कराने के लिए दुसरे राज्यों की स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता है।वहीं अगर पटना तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध रहता तो समय की बचत, मानसिक तनाव और आर्थिक रूप नही गुजरना पड़ता। बगहा से वाल्मीकि नगर,थरूहट की क्षेत्र,हरनाटांड, लक्ष्मी पुर,सौराहा, सेमरा,धनहा पिपरासी, ठकरहा,भितहा,मधुबनी प्रखंड मुख्यालय उपरोक्त ये सभी क्षेत्र रेलवे लाइन विहीन क्षेत्र है। और इन सभी का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन बगहा ही है। फिर भी केन्द्र सरकार एवं रेलवे द्वारा उपेक्षित रखा गया है।सबसे सोचनीय बात तो है कि वाल्मिकीनगर संसदीय क्षेत्र में 2 सांसद,2 विधायक और 3 एमएलसी भी है। फिर भी जनता सुविधाएं से उपेक्षित है।कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद, हलीम अख्तर खान,शरदा यादव, साधु यादव, शेष चन्द यादव, सुजीत कुमार सोनी, हेमराज प्रसाद, मकसुद अंसारी, फरमूद आरिफ, रमेश राम, मो असलम, मो अफजल, मोहन चौधरी, दिनेश यादव, शाबीर पठान, उमेश यादव,जय प्रकाश यादव, अर्जुन राम, भुनेश्वर मिश्रा,परशुराम साह, शिवम प्रताप सिंह, दीपक राम शुत्रघ्न साह, हिदृया गोंड, मुन्ना प्रसाद, धरम नाथ तुरहा,बदरे आलम, मोहन चौधरी समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाठी खेल प्रतियोगिता एवं कव्वाली को लेकर दर्शकों का उमड़ा जन सैलाब



**टंडवा** । प्रखंड क्षेत्र के कामता गांव में चहल्लुम पर्व के मौके पर आयोजित लाठी खेल प्रतियोगिता कव्वाल एवं भव्य मेले का आयोजन मंगलवार को कामता मेला कमेटी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन एवं कौशल विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में डाक्टर अभिषेक कुमार भावी प्रत्याशी चतरा लोक सभा क्षेत्र। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता को अंजुमन मेला कमेटी के अध्यक्ष शाहबाजा अंसारी ने पगड़ी एवं बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री के द्वारा लाठी खेल प्रारभ करके मेले का शुभारंभ किया गया। मौके पर टंडवा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, इंस्पेक्टर विजय सिंह, सीओ राजेन्द्र दास, मुखिया विश्वजीत उरांव, मेला कमेटी के सचिव रोशन अंसारी, कोषाध्यक्ष जियाउल हक, उपाध्यक्ष मोबिन अंसारी, मेला प्रभारी गुलाम मुस्तफा, उप सचिव गुलाम सरोवर, अमानत अंसारी, सुभान मियां, जसमुद्दीन अंसारी, मनीर आलम, मोहम्मद फारूक, सहित कई अन्य गन्यमान उपस्थित थे।

## मेरी माटी मेरा देश' अभियान में पहुंची राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो



**अब्दूल वहाब, उधवा/ साहिबगंज** । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर पंचायत भवन में बीते मंगलवार को सुबह 11 बजे उधवा मंडल अध्यक्ष श्री प्रताप राय की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो जी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री धनंजय मंडल एवं उधवा मंडल अध्यक्ष श्री प्रताप राय ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उत्साह पूर्वक अतिथि को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं सभी गांव के घर घर से लाए गए माटी को समर्पित किया गया। वहीं राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि बलिदानी, वीर वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि गांव के एक सामान्य व्यक्ति को देश की माटी के महत्व को बताते हुए देश की माटी से जोड़ना है।

# एजुकेशन पॉइन्ट कजयाही पंचायत में युवा तरक्की मुकाबला परीक्षा का आयोजन किया गया



**मधुबनी संवाददाता** । मधुबनी जिले के खजौली प्रखण्ड के कजियाही गाँव में जन सुराज वाहिनी युवा उन्नति प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जन सुराज सेवक मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा सेवक मंजूर आलम के द्वारा एजुकेशन प्वाइंट कजियाही में किया गया,जिसमें खजौली प्रखण्ड के साथ कलुआही और राजनगर प्रखण्ड के छात्र /छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित छात्र/ छात्राओं के बीच सहभागिता प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा में कोचिंग के संस्थापक मो०अजहर ने सहयोग किया जो सराहनीय रहा। प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान नाहिदा बुशरा,मोहम्मद फरहान एवं सना फातिमा द्वितीय स्थान मोहम्मद सलमान, गुलअफशा परवीन एवं आयशा परवीन तृतीय स्थान मोहम्मद जीशान, मोहम्मद रहीम एवं शहजादी परवीन रही छात्र/ छात्राओं को संबोधित करते हुए मंजूर आलम ने कहा कि जन सुराज वाहिनी युवा उन्नति प्रतियोगिता परीक्षा का उद्देश्य है कि विधार्थियों में छुपे हुए हुनर को एक बेहतर मंच प्रदान करना और परीक्षा के माध्यम से प्रतिभा का चयन कर प्रतिभागियों के भविष्य के लिए योग्य मार्गदर्शक की व्यवस्था करना है। प्रतियोगिता परीक्षा छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्म-विश्लेषण कौशल विकसित करने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और सीखने को प्रोत्साहित करने सहित कई लाभ प्रदान करता है। परीक्षाएँ छात्रों को अपने समय का प्रबंधन करना और भविष्य की चुनौतियों, जैसे कॉलेज और पेशेवर जीवन, के लिए तैयार रहना सिखाती हैं।परीक्षाएं तर्कसंगत और विश्लेषणात्मक सोच में सुधार करती हैं और एक सफल करियर के लिए आधार तैयार करती हैं। प्रतियोगी परीक्षाएं करियर चयन में भी सहायता करती हैं क्योंकि छात्र विषयों की गहरी समझ हासिल करते हुए अपनी रुचि के क्षेत्रों को पहचानना शुरू करते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उन्हें पास करने के लिए व्यक्तिगत विकास एक महत्वपूर्ण घटक है। व्यक्तित्व विकास एक छात्र को अलग दिखने और अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए आवश्यक कौशल बनाने में मदद करता है। यह आपको एक मजबूत कार्य नैतिकता, आत्म-अनुशासन और केंद्रित और प्रेरित रहने की क्षमता विकसित करने में भी सक्षम बनाता है।

## चन्द्राहा में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत मुखिया ने की हरी झंडी दिखाकर ठेला गाडी को रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के चन्द्राहा रुपवलिया पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पंचायत के मुखिया संध्या देवी व मुखिया प्रतिनिधि नंदलाल साह ने पंचायत के 17 वार्डों में सोमवार को डस्टबिन सहित ठेला व मोटर गाडी को हरी झंडी दिखाकर संयुक्त रुप से रवाना करते हुए पंचायत को सुपुर्द किया। इस दौरान पंचायत के सभी वार्ड सदस्य व कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव बतौर मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। मुखिया ने कुडा कचरा को यत्र तत्र नही फेकने की अपील पंचायत के लोगों से की। कहा कि गिला कचरा को हरा डस्टबिन व सुखा कचरा को नीला डस्टबिन में रखने की सलाह लोगों को दी। कचरा उठाव कर स्वच्छता कर्मी ठेला गाडी से सुरक्षित स्थान डब्लूपीओं में रखेंगे। जहां कचरा से किसानों के हितों के लिए जैविक खाद विभागीय स्तर से तैयार कराई जायेगी। समाज के लोगों को जागरुक करते हुए मुखिया ने संदेश दिया कि सरकार ने देश को स्वच्छ करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते हुए मुहिम चलाई है। अपने घरों के आस पास सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

## सी आर पीएफ जवान का शव गांव में पहुंचते ही मचा -कोहराम



**दैनिक शुभ भास्कर प्रेमचन्द्र साह संवाददाता मैनाटांड**। प्रखंड क्षेत्र के पुरैनिया गांव के सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ में तैनात जवान का शव घर पर पहुंचने की खबर सुनते ही पहुंचे राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे एव पूर्व विधायक पुत्र आयुष वर्मा | चौहट्टा पंचायत के पुरैनिया गांव निवासी दीपनारायण बैठा के पुत्र रामलखन कुमार उम्र (26 वर्ष) जो छत्तीसगढ़ के सुकमा जगदलपुर में सीआरपीसी के जवान में तनाती थे। उसकी मौत रविवार को हो गई थी । जवान के भाई कमलेश कुमार ने बताया छत्तीसगढ़ कमांडेड ने इसकी सुचना दी की आत्म हत्या की आशंका जताई जा रही है । जिसकी वजह से परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार किया है। परिजनों ने दुबारा पोस्टमार्टम कराने का मांग किया है। परिजनों का कहना है की आत्महत्या नहीं है, उनका मौत गोली लगने से हुआ है। जवान का शव मंगलवार को उनके पैतिक गांव राष्ट्रीय ध्वज के साथ लाया गया । खबर मिलते ही गांव में सनसनी फ़ैल गईं पूर्व विधायक दिलीप वर्मा का पुत्र आयुष वर्मा एवं राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने जवान के घर पहुंच कर उनके परिजन से मिले।

## पंचायत समिति की बैठक में लेट पहुंचे प्रखंड प्रमुख शंभू कुमार साहू



**दरभंगा**। सदर प्रखंड के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक का समय निर्धारित किया गया था दोपहर 12:30 बजे पर पर बैठक में कई जनप्रतिनिधि समय पर पहुंचे और लेट होने के कारण चले चले भी गए हैं। जबकि प्रमुख शंभू कुमार साहू करीब 2 बजे सभागार में उपस्थित हुए जबकि बैठक स्थगित होने के करार पर थे। वहीं पंचायत समिति की बैठक में जैसे तैसे कोरम पूरा किया गया और बैठक को चालू किया गया। बैठक में प्रखंड के पदाधिकारी कर्मी एवं सदस्य को उपस्थित होना रहता है पर मंगलवार को बैठक में सदस्य के अलावा अन्य लोग भी उपस्थित थे जबकि पिछले 3 अक्टूबर की बैठक को बीडीओ ,सीओ के अनुपस्थिति में बैठक को स्थगित कर दिया जाता है। पिछले बैठक में बीपीआरओ भारत भूषण गुप्ता के द्वारा जितने भी सदस्य नही थे उन्हें सभागार में उपस्थित थे उन्हें बाहर बैठने को कहा गया था। बैठक में सिर्फ सदस्य ही उपस्थित रहेंगे। जबकि मंगलवार को बैठक में बीपीआरओ के द्वारा जो भी सदस्य नही थे उनको बाहर बैठने को नही बोले और बैठक खत्म होने तक सभागार में बैठे रहे एक ही प्रकार के बैठक में दो नियम इससे यह पता चलता है कि बीपीआरओ के द्वारा पंचायत समिति बैठक का नियम कानून ताक पर रखकर बैठक करते हैं ।

## नवरात्र में भक्त को देखने को मिलेगा महाकालेश्वर मंदिर



**दरियापुर,सारण** । उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर के स्वरूप का दुर्गा पूजा के लिए पंडाल शीतलपुर तीन मुहनी छपरा हाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बन रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है गंगा यमुनी तहजीब के परिचायक मुस्लिम कारीगर पंडाल के भव्य स्वरूप देने में करीब 20 दिनों से लगातार कार्य कर रहे है । मुस्लिम कारीगर झारखंड देवघर के निसार अहमद के नेतृत्त्व में कार्य कर रहे है इनके और साथी कयूम अंसारी,कलाम अंसारी,सेराम शेख,मोहफीज सलामत और आरिफ पंडाल के कार्य मे लगे हुए है वही निसार अहमद ने बताया कि दुर्गा मां पर मेरी भी आस्था है इसलिए पूरी भक्ति भाव के साथ साथ पवित्रता के साथ कार्य किया जा रहा है वर्ष 1980 से तिवारी परिवार के लोगों ने यहां दुर्गा पूजा प्रारम्भ किया जो आज तक लगातार चल रहा है क्योंकि शीतलपुर तीन मुहानी पर कोई बड़ी स्थायी मंदिर नही है । वही स्थानीय गोपाल तिवारी,कुशेश्वर तिवारी,अमित तिवारी,बमबम तिवारी,असीम तिवारी,अनुपम तिवारी तथा रवीश तिवारी के आर्थिक सहयोग के द्वारा इस जगह पर भव्य पंडाल में माता रानी का पूजा पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है और आस पड़ोस के दर्जनों गांव के हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंडाल देखने से लेकर पूजा में जुटते है यहां मेला जैसा लग जाता है ।

**आयोजन** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रथम बार मेडिकल क्लाउनिंग का आयोजन किया

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर बिहार में पहली बार मेडिकल क्लाउनिंग का आयोजन किया



**मधुबनी**। मधुबनी सदर अस्पताल ने मानविक मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक अद्वितीय कदम उठाया है, जब वह विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रथम बार मेडिकल क्लाउनिंग का आयोजन किया जिसमें अस्पताल के रोगियों के लिए एक अलग प्रकार का मनोरंजन प्रदान किया गया। मेडिकल क्लाउन वाले क्लाउन्स अस्पताल के वाड्र्स में जाकर मरीजों के साथ विशेष अंदाज में बातें करते और हंसी-मजाक करते रहे। मधुबनी सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. नरेश कुमार भीमसारिया ने इस आयोजन की सराहना की और यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि ऐसे आयोजन का सामर्थ्य रूप से समर्थन किया जाएगा ताकि मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद मिल सके। डिप्टी सुप्रिटेंडेंट राजीव रंजन और हस्पताल प्रबंधक अब्दुल मजीद ने चिकित्सा क्लाउनिंग इवेंट में भाग लिया और इसे समर्थन दिया। वे सक्रिय भाग लिए और इवेंट में भागीदार रहे। सभी स्टाफ नर्सेस ने रोगियों को आरामदायक महसूस कराने के लिए सलाह दी और हाथ से बने स्माइली और खाने के लिए फल दिए। पिरामल टीम ने इवेंट की शुरुआत की और इसे आयोजित किया। मुदित पाठक, जो एक गांधी फेलो है, क्लाउन की गेटअप में थे, और डीटीएल नीता, प्रकाश जोशी, स्वर्णाभा, और सुनील ने इस इवेंट को बहुत अच्छी तरह से आयोजित किया, और हर रोगी को मनोरंजन किया। इस अद्भुत आयोजन का मुख्य उद्देश्य मरीजों की चिंता और तनाव को कम करना था। विश्वास किया जाता है कि हंसी का असर मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक होता है और इसका मदद से रोगियों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के साथ ही मधुबनी सदर अस्पताल ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को जागरूक करने का भी प्रयास किया है। डॉक्टर्स और अस्पताल के कर्मचारी ने मरीजों के साथ इस अद्वितीय आयोजन का सहयोग किया और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन के साथ ही बिहार राज्य में मेडिकल क्लाउनिंग की शुरुआत हुई है, जो मानसिक स्वास्थ्य को समर्थकता प्रदान करने का एक नया और साहसी प्रयास है। इस अद्वितीय आयोजन के साथ ही लोगों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए और भी ऐसे कई पहलू हैं, जो उनके लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

# महावीर इंटरनेशनल का युवा सरगम गायन एवं वादन फ़ाइनल प्रतियोगिता का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर/राकेश जैन/ उदयपुर/राजस्थान** । दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को चित्तोडगढ़ मे महावीर इंटरनेशनल का युवा सरगम 2023 गायन एवं वादन फ़ाइनल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस अवसर पर वीर प्रकाश तलेसरा डिप्टी डायरेक्टर -मीडिया एंड पब्लिसिटी रिजन 4 द्वारा बताया गया की प्रतियोगिता मे देश भर के 10 रीजन से 60 सदस्यों का रजिस्ट्रेशन हुआ | रीजन -4 के 11 सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन किया | इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देश भर के युवाओं और सदस्यों को महावीर इंटरनेशनल के सक्रिय सदस्य बनने हेतु जोड़ना एवं विभिन्न ज़ोन के सदस्यों के बीच मेलजोल बढ़ाना है | मुख्य अतिथि के रूप मे अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए वीर अनिल जैन एवं अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अशोक जी गोयल तथा यूथ डायरेक्टर वीर संदीप डांगी एवं अंतर्राष्ट्रीय सह-डायरेक्टर वीर अंकित जैन विशेष अतिथि के रूप मे आमंत्रित थे | फ़ाइनल प्रतियोगिता का शुभारम्भ अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सभी गणमान्य अतिथियों और चित्तोडगढ़ केंद्र द्वारा दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया | अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए वीर अनिल जैन ने बताया की युवाओं को जोड़ने हेतु पूर्व मे अखिल भारतीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था अब संगीत के माध्यम से युवाओं को जोड़ने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं चित्तोडगढ़ मे सभी 10 रीजन के उपाध्यक्ष और सचिव ,डिप्टी डायरेक्टर भी आमंत्रित थे | इस प्रतियोगिता मे पाँच जज द्वारा सभी रीजन के प्रतिभागियों मे से प्रथम 15 प्रतिभागी चुने गए बाद मे फ़ाइनल राउंड मे 15 मे से प्रथम तीन प्रतिभागी चुने गए जिसमे प्रथम स्थान दिल्ली की शिप्रा ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय और तृतीय स्थान उदयपुर के विजय गंधर्व और मरिशा जोशी ने प्राप्त किया | चतुर्थ और पंचम स्थान पर उदयपुर के ही प्रतिभागी विजयी रहे |रीजन -4 के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठोड द्वारा महावीर इंटरनेशनल द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों के बारें मे बताया गया की किस प्रकार से यह संस्था महावीर इंटरनेशनल भारत की एक प्रमुख सेवाभावी संस्था है , इस अवसर पर वीर गगन तलेसरा द्वारा भी एक मनमोहक गीत पेश किया गया | चित्तोडगढ़ केंद्र द्वारा वंडर सीमेंट के यूनिट हैड श्री नितीन जैन एवं समस्त दानदाताओं का उपरने द्वारा अभिनंदन किया गया | अपेक्स के ट्रस्टी वीर बी एल खमेसरा , जी सी मेम्बर और केंद्र अध्यक्ष वीर सुनील गांग ,ज़ोन चैयरमेन वीर आशीष जैन , ज़ोन कोषाध्यक्ष वीर दिलीप कावड़िया, रीजन सचिव वीर सिंघवी ,राजसमंद केंद्र अध्यक्ष वीर सम्पत लोढ़ा सचिव वीर निर्मल सिंघवी सहित अन्य वीर और वीराएँ भी उपस्थित थीं |अंत मे चित्तोडगढ़ केंद्र के सचिव द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया |

## ख़ास ख़बर

### जैन बौद्ध धर्म विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष को घर में घुस के धमकाने के आरोप में प्रॉपर्टी डीलर तलब



**वाराणसी**। जैन बौद्ध धर्म विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर कमलेश जैन को सराय नंदन, भेलूपुर स्थित घर में घुस के धमकाने के आरोप में प्रॉपर्टी डीलर बृजेश दीक्षित को एफटीसी कोर्ट (प्रथम) शक्ति सिंह की अदालत ने धारा 452, 323 व 506 आईपीसी में तलब किया है। अधिवक्ता में परिवादी का पक्ष अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी ने रखा। गौरतलब हैं की प्रॉपर्टी डीलर बृजेश दीक्षित ने पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर कमलेश जैन से 1 लाख रुपए नजराना देकर उनकी जमीन का अपंजीकृत सट्टा करवाया था तथा बाद में नियत समय में बैनाम नही करवाया । बृजेश दीक्षित द्वारा बाद में परिवादी के जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया। 8 जनवरी 2023 को बृजेश दीक्षित द्वारा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर कमलेश जैन के घर में घुसकर हमला व जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके संबंध में न्यायालय द्वारा आरोपित बृजेश दिक्षित को तलब किया गया।

### दुष्कर्म के मामले में दो आरोपितों को मिली जमानत





**वाराणसी**। दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने व तांत्रिक को घर में बुलाकर उससे दुष्कर्म कारवाने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गई। प्रभारी जिला जज (देवकांत शुक्ला) की अदालत ने समधाखास, औराई (भदोही) निवासी विजय बिंद व अजय बिंद को एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व बृजेश सोनकर ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कपसेठी थाना क्षेत्र निवासिनी वादिनी ने 12 अगस्त 2023 को कपसेठी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी शादी 21मई 2013 को समधाखास, औराई (भदोही) निवासी संजय बिंद के साथ हुई थी। शादी के बाद जब वह विदा होकर ससुराल गई तो उसके पति, सास अनारा देवी, ससुर, दो जेठ व दो जेठानी दहेज में दो लाख रुपए की मांग को लेकर उसे आए दिन मारते-पीटते व प्रताड़ित करते थे। इस बीच उसके ससुराल वाले वर्ष 2015 में एक तांत्रिक को घर में बुलाकर उसका दुष्कर्म करवाए और धमकी दिए कि किसी से बताया तो जान से मरवा देंगे। इसके बाद 20 मार्च 2022 को ससुराल वालों ने उसे व उसकी 5 वर्षीय पुत्री को मारपीटकर घर से भगा दिया। इस बीच 3 जुलाई 2023 को रिश्तेदारों से वादिनी को पता चला की उसके पति ने संगीता नाम की लड़की से दूसरी शादी कर ली है। इस पर जब वह अपने भाई व भाभी के साथ अपने ससुराल पहुंची तो वह लोग मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने के लिए दौड़ा लिए। किसी तरह वह लोग जान बचाकर वहां से भागे।

### 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आभियुक्त पुलिस की हिरासत में



**लख़ीमपुर खीरी**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे जनपद में अवैध शराब बेचने व बनाने की रोकथाम का विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही के पर्यप्रेक्ष्य में व क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे बुधवार को थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ हिरासत पुलिस में लेकर थाना हाजा लाया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 478/2023 धारा 60 Ex Act. पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सभी विद्यालय 20 अक्टूबर तक डिमांड अवश्य जमा करे - अमित पाण्डेय

**वाराणसी**। स्कूल कल्याण एसोसिशन की आवश्यक बैठक एम डी शिक्षण संस्थान भलाई शिवपुर में मंगलवार को सम्पन्न हुई।उपरोक्त बैठक में स्कूल कल्याण एसोसिशन के अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने बताया कि सरकार द्वारा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत शुल्क प्रतिपूर्ति मद में धनराशि का आवंटन किया गया है।उपरोक्त शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान के सन्दर्भ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी महोदय द्वारा सभी स्कूल संगठनों की बैठक करके अवगत करवाया गया कि उपरोक्त धनराशि का वितरण सत्यापनोंपरांत किया जाएगा। सभी विद्यालय प्रबंधकों से सादर निवेदन है की 20 अक्टूबर तक निश्चित रूप से अपना डिमांड खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित करवाकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाए जिससे भुगतान किया जा सके।उपरोक्त बैठक में डा विजय मौर्य,जैनेंद्र कुमार मौर्य, अभिषेक पटेल, अश्विनी उपाध्याय, गुलली यादव, सच्चिदानंद देवबंशी, प्रमोद मौर्य, श्यामविहारी पटेल, पुनीत पाण्डेय, गयादीन मौर्य सहित अनेक स्कूलों के प्रबंधक प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# भारत की पहचान है आपसी प्रेम मोहब्बत और भाईचारा



**मोतिहारी चंपारण , ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा** । "ढाई आखर प्रेम" पदयात्रा जत्था गंगा-जमुनी तहजीब की ऊष्मा से भरा स्वतंत्रता, समता, न्याय और एकजुटता को फिर से समाज में स्थापित करने के उद्देश्य से की जा रही है। जिससे नफरत, विभाजन, अहंकार को मिटाते हुए हर हृदय में एक दूसरे के प्रति प्रेम की स्थापना हो सके। इस यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना जगाने वाले कलाकार अपनी कला को प्रदर्शित करते हुए चल रहे हैं। उक्त बातें भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वेदा ने मंगलवार को कही। वे चंद्रहिया स्थित महात्मा गांधी आश्रम प्रांगण में पदयात्रा लेकर पहुंचे थे। वहीं झारखंड प्रगतिशील लेखक संघ के उपाध्यक्ष पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज समाज में खाई बढ़ती जा रही है। हर दिल को दिल से जोड़ने की जरूरत है। महात्मा गांधी के उद्देश्यों को आत्मसात कर विश्वविजेता बनने की राह आसान हो सकती है। जबकि हरिश्चन्द्र चौधरी ने कहा कि पदयात्रा जत्था सोमवार को गांधी ग्राम जसौली पट्टी स्थित महात्मा गांधी एवं बाबू लोमराज सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान "ढाई आखर प्रेम का पढ़ने और पढ़ाने आये हैं, हम भारत से नफरत का हर दाग मिटाने आये हैं।" एवं कबीर का दोहा " ऐसी बानी बोलिये मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहूं शीतल होए" गाते-गुनगुनाते सांस्कृतिक जत्था पदयात्रा को आगे बढ़ाते हुए बंगरी होती हुई झखरा पहुंच कर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों में प्रेम-स्नेह का सफलता पूर्वक बीजारोपण किया। झखरा के पंसस योगी मांझी एवं लालबाबू मांझी के आतिथ्य में विश्राम हुआ। मंगलवार की सुबह झखरा से प्रभात फेरी करते हुए पदयात्रा जीवधारा चौक पर पहुंची। जहां नुक्कड़ सभा आयोजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिलों को जोड़ने का प्रयास किया। जीवधारा स्थित सलेमपुर पंचायत के मुखिया उपेंद्र पासवान के यहां भोजनादि के बाद पदयात्री चंद्रहिया स्थित गांधी आश्रम पहुंचकर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस क्रम में पौधरोपण भी किया गया। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव मंडल सदस्य इंदुभूषण ने बताया कि यह पदयात्रा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पदचिन्हों को स्पर्श करते हुए चंपारण के चंद्रहिया, तुरकौलिया के नीम का पेड़, बंजरिया के अजगरी स्थित बत्तख मियां के मजार होते हुए 14 अक्टूबर को गांधी संग्रहालय स्मारक मोतिहारी पर पहुंचकर बिहार पड़ाव के पदयात्रा का समापन करेगी। बिहार जत्था के सहयोगी के रूप में अमर संयोजक, विनय कुमार एवं मंकेश्वर पांडेय सह संयोजक, अजहर हुसैन अंसारी, दिग्विजय कुमार, हामिद रजा, एवं गिरीन्द्र मोहन ठाकुर, विजय उपाध्याय, रंजीत गिरि इस यात्रा की सफलता के लिए जुटे हैं। उस यात्रा के सहयोगी संस्थाओं में भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा), बिहार, बिहार महिला समाज, दलित अधिकार मंच, पटना, आइडिया, मोतिहारी, जन संस्कृति मंच बिहार, जनवादी लेखक संघ बिहार, लोक परिषद, महात्मा गांधी लोमराज सिंह पुस्तकालय, पट्टी जसौली, प्रगतिशील लेखक संघ, बिहार, सीताराम आश्रम, बिहटा, पटना, प्रेरणा ( जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा) शामिल है। पदयात्रा को सफल बनाने में योगी मांझी, गिरीन्द्र मोहन ठाकुर, विजय उपाध्याय, रंजीत गिरि, हरिश्चन्द्र चौधरी, मुखिया उपेन्द्र पासवान डॉ पी पी स्टीफन सहित सैकड़ों ग्रामीण जुड़े थे।

## जिले के दो कॉलेजों का निरीक्षण



**किशनगंज ( अली रेजा सिद्दिकी)**। पूर्णियाँ विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव-सह-कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ. पटवारी यादव ने मंगलवार को पूर्वाह्न में जहां मारवाड़ी कॉलेज का निरीक्षण किया। वहीं उप कुलसचिव प्रातः ठीक दस बजकर पाँच मिनट पर मारवाड़ी कॉलेज पहुँचे और शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी को गहनता से चेक किया। सभी शिक्षक व कर्मी उपस्थित थे और क्लास के बाद यूजी के छात्रों से असाइनमेंट जमा ले रहे थे। डॉ. पटवारी यादव रूम नंबर छह में गए और छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याएं पूछीं। छह विषयों में शिक्षक नहीं रहने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही अतिथि शिक्षकों की बहाली शुरू होने वाली है तब सभी विषयों में शिक्षक होंगे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. सजल प्रसाद ने भी शिक्षकों व कर्मियों की कमी दूर करने का अनुरोध किया। अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष डॉ. गुलरेज़ रोशन रहमान सहित सभी शिक्षक व कर्मी इस दरम्यान मौजूद रहे। कुलपति के आदेश पर एम एच ए एन डी कॉलेज का निरीक्षण मंगलवार को अपराह्न में विवि के प्रतिनिधि के रूप में मारवाड़ी कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. सजल प्रसाद ने किया। कॉलेज में स्नातक की आंतरिक परीक्षा चल रही थी। डॉ. प्रसाद सभी कमरों में गए और परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं से बात कर सीबीसीएस कोर्स के प्रावधानों के अनुसार 10 अंकों के लिए असाइनमेंट जमा करने या सेमिनार या क्विज़ में भाग लेने को अनिवार्य बताया।

## जिलाधिकारी ने की अहम बैठक, अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश



**चंदौली**। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार संपन्न हुई।बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से राजस्व वसूली की प्रगति के बारे में जानकारी ली और राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने पर उसका कारण पूछा और राजस्व संग्रहण में शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान आबकारी,व्यापार कर विभाग के अधिकारियों ने शासन स्तर से लक्ष्य अधिक बढ़ा देने का हवाला दिया गया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अपने विभाग में वार्ता करने और साथ ही अधिक प्रयास कर के वसूली गति तीव्र करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने पांच वर्ष से अधिक लंबित मुकदमे में सुनवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे पुराने मुकदमे अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारित किया जाए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने पेंशन प्रकरण भी तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रवर्तन के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति के संबंध में विद्युत विभाग ने बताया कि लोगों पर एफआईआर कर के वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

## जश्न ए डॉक्टर शकील मोईन का भव्य आयोजन



**मोतिहारी ,चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा, मोतिहारी**। बगहा निवासी राष्ट्रीय स्तर के मशहूर शायर शख्सियत डा. शकील मोईन का शानदार "जश्न ए डा.शकील मोईन"का आयोजन कुशीनगर मैं हुआ । डॉ शकील मोहन को उक्त कार्यक्रम में बड़े अदब और दिल की गहराई के साथ सम्मानित किया गया । कार्यक्रम से लौटने के बाद डा०शकील मोईन ने बताया कि बुद्ध की धरती कुशीनगर से मिले प्यार और सम्मान का मै ऋणि हो गया। महात्मा बुद्ध की निर्वाण स्थली उत्तर प्रदेश के कसिया कुशीनगर मे आयोजित कार्यक्रम देश के नामचीन शायर, भाषाई सौहार्द के प्रतीक , उर्दू मूवमेंट के चेयरमैन डॉ शकील अहमद मोईन साहब के नाम से हुआ। डॉ शकील ने कहा कि बड़ा शख्स वही है जो अपने पास बैठे किसी शख्स को छोटा न महसूस होने दे। डा शकील मोईन साहब के साथ गये एक शायर ने बताया कि डा०शकील साहब शख्सियत का आकर्षण था कि बस्ती,गोरखपुर ,देवरिया , पड़रौना, हाटा,कप्तानगंज, लक्ष्मीपुर, के अलावा सुदूर इलाकों से काफी संख्या मे शायरी के शौकीन लोग आकर शिरकत की.और उनकी शायरी पर लगातार दाद देते रहे। कार्यक्रम को दो हिस्सों में बांटा गया था।..प्रथम सत्र में डा शकील मोईन की शख्सियत और उनके कृतित्व पर तमाम विद्वानों ने सारगर्भित चर्चा की जिसे हाल में उपस्थित तमाम लोग बहुत ध्यान से सुनते रहे। दूसरे सत्र में शायरी/कविता का शानदार दौर घंटो तक चलता रहा.। देर रात तक डा शकील मोईन साहब के चाहने वालों का तांता कुशीनगर मे लगा रहा l उनसे मिलने वालों में अदब के लोगों के अलावा तमाम आस पास के ज़िलों के बिजनेसमैन भी शामिल रहे। जश्न ए डा० शकील मोईन की सदारत वरिष्ठ कवि आर डी एन श्रीवास्तव ने की, मुख्य अतिथि की भूमिका में साहब ए जश्न डा० शकील मोईन साहब की शख्सियत रही...l विशिष्ट अतिथि कुशीनगरसमाचार के फाउंडर एंकर डीके पांडे थे ,विशिष्ट अतिथि मशहूर शायर और संचालक मोमिन अंसार, सभा के जिला प्रभारी मोइनुद्दीन साहब रहे ।कार्यक्रम मे कप्तानगंज से मशहूर शायर डॉक्टर इम्तियाज समर साहब एवं डॉक्टर आरसी बस्तवी थे। तरन्नुम के शायर नूरुद्दीन इदरीश साहब की भी शिरकत रही और साझा मेहनतें भी शामिल रहीं।गोरखपुर से इस प्रोग्राम में आने वाले शानदार व्यक्तित्व के शायर प्रदीप मिश्रा ने कई उम्दा शेर सुनाएं । दो बेहतरीन और बड़े संचालक जनाब मजबुल्लाह राही साहब और राजकुमार भट्ट साहब भी रहे। आकाश महेश्वरी ,संतोष संगम ,रूबी सत्येंद्र कुमार के साथ साथ दोहा सम्राट की उपाधि रखने वाले शायर एडवोकेट कृष्ण श्रीवास्तव जी का काव्यपाठ कमाल का रहा। श्रोताओं की फहरिस्त भी बहुत अच्छी रही जिसमें श्रोता संघ के सचिव मोहम्मद अख्तर अंसारी , पत्रकार आफताब आलम साहब के साथ साथ बेसिक में शिक्षक और साहबे किताब कवि जनाब अशोक गुप्त 'नवीन' का नाम काबिले ज़िक्र है।

### सामाजिक समरसता के सूत्रधार थे मुलायम सिंह यादवः विधायक



**सकलडीहा**। समाजवादी पार्टी के विधान सभा की ओर से मंगलवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व संरक्षक मुलायम सिंह यादव का पहली पुण्डतिथि मनाया गया। इस दौरान उनके तैलचित्र पर माल्यापर्ण करते हुए विधायक सहित पदाधिकारियों ने उनके बताये मार्ग दर्शन में दबे कुचले गरीब और दलित पिछड़ों का मदद करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक रहे मुलायम सिंह यादव ने हमेशा सर्व समाज के हित में आवाजा बुलंद किया है। दबे कुचले गरीब से लेकर दलित पिछले अगड़े सबकी लड़ाई मुलायम सिंह लड़ते थे। सेना के जवानों को सम्मान के साथ घर पर पहुंचाने का काम मुलायम सिंह यादव ने किया। सामाजिक समरसता के मिशाल थे। वही प्रदेश सचिव गिरजा शंकर पांडेय, परवेज जोखू ने कहा कि मुलायम सिंह अमर है। देश के इतिहास में उनके शिवा कोई नेता नही है। हर दल के लोग नेताजी के नाम से संबोधन करते थे। नेता जो सर्व समाज का नेतृत्व करता है। अंत में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनकी विचारधारा और आदर्श को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर बृजमोहन मौर्या,पूर्व जिपंस अनिल सिंह यादव,सुमीत विक्की,सुरेन्द्र मौर्या, अनिल चौहान, धनंजय यादव, मुन्ना चौहान, फजल अंसारी, सिंटू यादव, सुरेन्द्र यादव, सत्यप्रकाश, भूपेन्द्र सिंह, इद्रीश अंसारी, केदार यादव, प्रभात यादव, बबलू यादव, राकेश सहित अन्य मौजूद रहे।

### भागीदारी पार्टी (पी) ने मांगों के समर्थन में किया प्रदर्शन




**सकलडीहा**। भागीदारी पार्टी पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी दस सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार को सौपा। इस मौके पर प्रदेश में बढ़ रही महंगाई सहित अन्य मुद्दों पर जमकर भड़ास निकाला। वक्ताओं ने कहा कि देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर गरीब परेशान है। जिस तरह से गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल, सीएनजी, सरसो तेल,दाल, चावल, आटा के दाम बढ़ रहे है। इससे गरीबों को दो जून का रोटी भी नसीब नही हो पा रहा है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण शीघ्र लागू करने की मांग किया। बिहार के तर्ज पर जातिवार जनगणना की मांग उठाया। बेतहाशा बिजली बिल की बढ़ोत्तरी और कटौती से आमजन जीवन प्रभावित है। किसानों को खाद बिजली की समस्या को लेकर परेशान है। प्राथमिक स्तर पर तकनिकी शिक्षा लागू करने की मांग किया। बिहार की तर्ज पर शराब पर पूर्ण पाबंदी व प्रत्येक मतदाताओं को पांच हजार मतदाता पेंशन व गरीब कल्याण कार्ड लागू किया जाय। अंत में मुख्यमंत्री के नाम पर तहसीलदार विकासधर दूबे को पत्रक सौपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शशीकांत प्रजापति, सुधीर प्रजापति,शिव कुमार प्रजापति,हंसराज प्रजापति, सतीश सहित अन्य मौजूद रहे।

### देवरिया हत्याकांड पर ओपी राजभर ने दिया बड़ा बयान, कहा- पीड़ित हैं दोनों ही पक्ष



**शुभ भास्कर/ लखनऊ**। यूपी के देवरिया जिले के फतेहपुर थाने क्षेत्र के लेहड़ा टोला गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए नरसंहार मामले पर सियासत तेज होती जा रही है। सपा और भाजपा के बीच जामकर जुबानी जंग जारी है। अब इस मामले में एनडीए गठबंधन में शामिल सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर का भी बयान सामने आया है। ओम प्रकाश राजभर से जब इस घटना हो रही सियासत को लेकर मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने कहा कि, "ऐसी घटनाओं में हम उन साथियों को कहना चाहते हैं कि अफवाह न फैलाएं। सरकार दोनों पक्षों को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है। हम इस मामले में इस बात के पक्ष में नहीं है कि इसे यादव बनाम ब्राह्मण बनाया जा रहा है।" इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस केस में पाल, राजभर भी शामिल हैं, ब्राह्मण भी शामिल हैं और यादव भी शामिल हैं तो फिर कैसे ये एक जाति का मामला हो गया। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि अगर राजनीति करने वाले लोग देवरिया कांड को ब्राह्मण बनाम यादव बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो हम इससे कतई सहमत नहीं है, दोनों पक्ष ही पीड़ित हैं। हम चाहते हैं कि दोनों पक्षों की आर्थिक मदद होनी चाहिए।

अभियान | समीक्षा बैठक का आयोजन जिला बाल सरक्षण ईकाई द्वारा किया गया

## एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान समीक्षात्मक बैठक, दवा दुकानों पर कड़ी निगरानी




**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । पूर्वी चम्पारण जिले में "एक युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान के संयुक्त कार्य योजना को प्रभावी ढ्ग से लागू करने हेतु नोडल पदाधिकारी अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक का आयोजन जिला बाल सरक्षण ईकाई द्वारा किया गया। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण ईकाई द्वारा बताया गया कि इस कार्य योजना को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), संबंधित मंत्रालयों एवं अन्य हितधारक जैसे राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केंद्र (एनडीडीटीसी) एम्स, सैनिक स्कूल- रक्षा मंत्रालय, एनसीसी और सीडीएससीओ- स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा तैयार किया गया है. इसका मुख्य उद्देश्य "बच्चों में नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम तथा अवैध तस्करी पर रोक" से संबंधित है. साथ ही " जिले में बच्चों के बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम की दिशा में आदर्श बदलाव लाने के लिए विभिन्न प्राधिकरण तथा विभाग द्वारा किए गए प्रयासों को सुव्यवस्थित करने से संबंधित है । इसके अलावा, एक समयबद्ध तरीके से बच्चों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर करने और स्कूलों/ शैक्षिक और बाल देखभाल संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों में दवाओं की बिक्री को रोकने के लिए तथा बच्चों द्वारा नशे के रूप में उपयोग किए जाने वाले पदार्थ और अन्य प्रकार के सामान के रोक हेतु संबंधित विभागों से समीक्षा की गई तथा संबंधित हितधारकों को उन्मुख किया गया और प्रावधान को लागू करने पर उठाए गए कदमों को जानकारी प्राप्त की गई . साथ ही अपर समाहर्त्ता सह नोडल पदाधिकारी द्वारा बच्चों को नशीली दवाओ तथा नशा के रूप में बेचे जाने वाले पदार्थ तथा अन्य सामाग्री की अवैध विक्री किये जाने पर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई का निदेश भी दिया गया तथा सभी पदाधिकारियो को कार्ययोजना का अक्षरश । " एक युद्ध नशे के विरुद्ध" अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी मेडिकल एवं फार्मसी स्टोर्स पर Schedule 'H' और 'X' ड्रग्स की विक्री की निगरानी हेतु CCTV कैमरा अधिष्ठापित कराने हेतु निदेश प्राप्त है उक्त के आलोक में दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 133 के तहत जिलापदाधिकारी महोदय द्वारा भी 27 सितम्बर 2023 को आदेश निर्गत किया गया है।

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर जेपी सेनानी उनसे किए वायदे को याद करें और शर्म करें



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक बर्मा**। स्वतंत्र भारत में जयप्रकाश नारायण ने युवाओं में नई ऊर्जा भरी थी इसमें कोई शक नहीं। देश जब महंगाई भ्रष्टाचार एवं बेरोजगारी से त्रस्त था, कहीं से भी आशा की किरण नहीं दिख रही थी वैसे दौर में गुजरात से उठी आंदोलन की लपट बिहार को घेरे में लिया और संघर्ष की भूमि बिहार ने पूरे देश को एक बार फिर नई ऊर्जा दी। व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई आरंभ हुई ।छात्रों ने आग्रह कर जयप्रकाश नारायण को नेतृत्व करने के लिए तैयार किया। जेपी अनुशासन के कुछ शर्त के साथ नेतृत्व को तैयार हुए ।जेपी का नेतृत्व मिलते हीं केंद्र की सरकार हिल गई । 1974 के दिसंबर में जयप्रकाश नारायण ने मोतिहारी के गांधी मैदान में महती सभा को संबोधित किया था। मंच पर चढ़ने के दौरान किसी छात्र ने श्रद्धा से उन पर माला फेंकी। जीपी ने उस छात्र को नाराजगी भरे अंदाज में मना की। मंच पर जेपी एक संत की तरह बैठ भाषण आरंभ किये। सभा में आने में कर्पूरी ठाकुर को कुछ विलंब हुआ था वे मंच के सामने नीचे जमीन पर बैठकर जयप्रकाश बाबू को सुनने लगे। जब जेपी की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने कहा ठाकुर जी ऊपर आइये। ठाकुर जी ने हाथ जोड़कर इशारे में कहा कि हम यहीं ठीक है और वे 1 घंटे तक जेपी को सुनते रहे। जब भाषण समाप्त हुआ तो वे मंच पर आए और अपने क्रांतिकारी अंदाज में जनता को ललकारे। जयप्रकाश नारायण के भाषण को सभी ने सराहा मोतिहारी सभा के बाद पताही में जेपी गए, वहां दो नवयुवक शहीद हुए थे वे उनके परिवार के लोगों से भी मिले।जेपी ने एक आंधी तूफान की तरह व्यवस्था परिवर्तन की लडाई लडी। सत्ता परिवर्तन तो हुआ लेकिन व्यवस्था परिवर्तन नहीं हुआ। जो भी छात्र आंदोलन में भाग लेते थे उनसे एक फॉर्म भरवाया जाता था कि मैं सत्ता में नहीं आऊंगा बाहर रहकर सत्ता पर नियंत्रण रखूंगा ताकि सत्ता वाले निरंकुश और भ्रष्टाचारी न हो जाए । सत्ता परिवर्तन के बाद सभी बातें हवा हवाई होकर रह गई जिस तरह गांधी को पूजा तक सिमट कर लोगों ने रख दिया , जयप्रकाश नारायण को तो लोगों ने उस हालत में भी नहीं जाने दिया। जेपी के विचार, जेपी का संपूर्ण क्रांति और उनके शर्तनामा को सभी ने ठुकरा दिया। चुनाव घोषित होने के बाद सारे आंदोलनकारी चुनाव मे कूद पड़े। बहुत से ऐसे लोग जिन्होंने आंदोलन का विरोध कर कांग्रेस का साथ दिया था , ऐसे लोग जेपी के अनुयाई बन चुनाव लड़े ।धीरे-धीरे सभी उस पुराने रंग में रंग गए जिस रंग में पूर्व की सरकारे थी ।जेपी आज याद किए जाते हैं लेकिन जेपी के सपने धराशाई होकर रह गए ।जयप्रकाश नारायण की जयंती पर जेपी सेनानी पेंशन प्राप्त करने वाले पुनः लंबी चौड़ी बातें करेंगे ,जेपी का महिमा मंडित करेंगे लेकिन जेपी के आदर्श सिद्धांत एवं उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए क्या कर रहे हैं? इस पर खामोश हो जाएंगे। जिन लोगों ने जेपी आंदोलन में अपने कैरियर को बर्बाद किया, भूमिगत रहकर आंदोलन को शक्ति देते रहे साथ-साथ बहुत ऐसे भी सेनानी थे जिन्हें एक माह से कम सजा हुई थी उनको क्या मिला ?उनको तो दोहरा घाटा हुआ। एक तो व्यवस्था परिवर्तन भी नहीं हुआ साथ-साथ उनका करियर भी चला गया ।जेपी आंदोलन के बाद देश को जो सबसे बड़ा नुकसान हुआ है वह यह कि लोगों का आंदोलन पर से विश्वास उठ गया। सत्ता पर बैठे जेपी के अनुयायियों ने जेपी के साथ गद्दारी हीं की । मोतिहारी की सभा में एक आंदोलनकारी छात्र ने जब जेपी की तस्वीर खींच रहा था तो उनके साथ आए हुए सहयोगी ने कहा कि बेतिया की सभा में जेपी ने प्रेस फोटोग्राफर को डांट पिलाई थी।

# ख़ास ख़बर

## बिजली कर्मचारी को नाराज ग्रामीणों ने पीटा

**शुभ भास्कर/नितिन जायसवाल, बबुरी,चंदौली।** बिजली कटौती से नाराज क्षेत्र के ददरा गांव के लोगों ने सोमवार की देर रात उपकेंद्र बबुरी पर पहुंच कर कर्मचारियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे नाराज बिजली कर्मचारियों ने बबुरी थाने पर मारपीट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ तहरीर दी। विगत कई दिनों से उपकेंद्र बबुरी के गौडिहार फीडर पर चल रही कटौती से नाराज ददरा गांव के दर्जनों लोगों ने उपकेंद्र पर पहुंच कर बिजली को लेकर शिकायत की,देखते ही देखते ग्रामीणों तथा कर्मचारियों के बीच कहासुनी होने लगी। कर्मचारियों ने बबुरी पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों पर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़ित कर्मचारी रंगनाथ यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने गाली गलौज करते हुए मारा पीटा तथा बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न किया ।

## जिला ओलंपिक टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे कृष्णकांत यादव



**पीडीडीयू/चंदौली।** जिले में सनबीम स्कूल दुल्हीपुर में चल रहे जिला ओलंपिक टूर्नामेंट के समापन समारोह में 10 अक्टूबर मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण कांत यादव जो भारतीय सेना में सूबेदार पद पर नियुक्त(एसएआई) डेपुटेशन इंचार्ज लखनऊ (बरेली) जिनका आगमन होना है। कर्मवीर पटेल और पी. पी यादव जिला ओलंपिक संघ के महासचिव ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है।आपको बताते चले कि जिले के ग्राम छोटूसराय पोस्ट मुगलसराय के निवासी में जो देश की सेवा के साथ साथ खेल में भी महारत हासिल कर जिले का नाम रौशन कर रहे है।

## जिले के स्वास्तिक ने रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में प्राप्त किया सिल्वर मेडल




**पीडीडीयू/चंदौली।** द्वितीय इटावा रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप जो रोलिंग स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई ) के नेतृत्व में आयोजित किया गया,जिसमें जिले के ग्राम सराय छोटू स्वास्तिक पुत्र कृष्णकांत यादव अंतरराष्ट्रीय पहलवान एशियाड मेडलिस्ट आर्मी सूबेदार भारतीय खेल प्राधिकरण SAI डेपुटेशन इंचार्ज लखनऊ (बरेली) ने दो सिल्वर मेडल लेकर प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया।बताते चले की स्वास्तिक अभी रोलिंग स्केटिंग की प्रैक्टिस कर रहा है।मीडिया से खास बातचीत के दौरान बताया की ये प्रेरणा हमें अपने पिता जी से मिला है मिला है और सभी का स्नेह और आशीर्वाद रहा तो एक दिन मैं भी ओलंपिक से मेडल लाऊंगा और एक दिन अपने माता पिता का सपना पूरा करूंगा साथ ही बताया हमारे दादा बाड़ू भगत जो पहलवान रहे है वो भी हमारे प्रेरणा सोत्र रहे है। इस दौरान गुरु गया सेठ,मनोहर पहलवान, डा.अनिल यादव सहित अन्य लोगो ने इस दौरान बधाई और शुभकामनाएं दी।

## जिला अध्यक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन



**शुभ भास्कर, तलवार सिंह, पीडीडीयू नगर।** आज जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय अजय राय जी( पूर्व मंत्री) को छोड़कर शेष 81 लोगो के मुकदमे वापस लेने के संबध मे प्रभारी जिलाधिकारी एडीएम चन्दौली को सौंपा ज्ञापन। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा की विगत दिनों उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2015 में काशी में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेस्वरा नंद पर बर्बरता लाठीचार्ज के विरोध में 5अक्टूबर 2015 को काशी में निकाली गई अन्याय प्रतिकार यात्रा के दौरान 82 लोगो पर मुकदमें में से 81 लोगो का मुकदमा वापस कर लिया गया । इस संदर्भ में अध्यक्ष जी ने कहा कि न्यायाधीश वाराणसी (एम. पी./एम. एल. ए. कोर्ट) ने 82 लोगो में से 81 लोगो को बरी कर दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रामजी गुप्ता, मधु राय जी आनंद शुक्लाजी, श्री राम यादव जी, गंगा प्रसाद,डॉ रीना,राहुल सिंह,अरुण द्विवेदी,प्रदीप मिश्रा,माधवेंद्र मूर्ति ओझा श्रीकांत पाठक,सतेंद्र उपाध्याय,कमलेश संत, शिवेंद्र मिश्रा,इन्द्रजीत मिश्रा अभिषेक मिश्रा चंद्रमा राजभर सम्पूर्णानंद दिवान जुगुल किशोर अमरदेव राम विक्रम चौहान विकाश खरवार नरेंद्र तिवारी सरफराज खान आदि लोग मौजूद रहे।

### 2 दिन पूर्व थाना धानापुर अन्तर्गत लूट की घटना का हुआ खुलासा

# ग्राहक बन फोटो शूट कराने के बहाने कैमरा लूटने की रची गई थी साज़िश



**धानापुर।** क़स्बा स्थित डी के मोबाइल शॉप से दो दिन पूर्व कैमरा लूट का खुलासा स्थानीय पुलिस ने कर दिया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं घटित घटनाओं के अनावरण व अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये आदेश निर्देश के क्रम श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनय कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सकलडीहा श्री राजेश कुमार राय के नेतृत्व में थानाध्यक्ष धानापुर प्रशान्त कुमार सिंह मय टीम को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 147/2023 धारा 394 भादवि में अभियुक्तगणों की पतारसी सुरागरसी का प्रयास के क्रम में रास्ते/मार्केट में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया जा रहा था। कि उसी क्रम में अभियोग में उस समय सफलता मिली जब मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित संदिग्ध बाल अपचारी व अभियुक्त अजय चौहान पुत्र तुलसी चौहान निवासी ग्राम धानापुर थाना धानापुर जनपद चन्दौली से हिकमत अमली से पूछताछ में अपने द्वारा किये गये जुर्म को स्वीकार करते हुए बताया गया कि - मैं (बाल अपचारी) तथा मेरे साथी सन्दीप यादव पुत्र निर्मल यादव निवासी ग्राम सिहावल थाना धानापुर जनपद चन्दौली, अभिमन्यु सिंह उर्फ श्वेत सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम महेशी थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली व शिवम चौबे उर्फ हण्टर पुत्र सिंघा चौबे निवासी ग्राम धरहरा थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली ने मिलकर DSLR कैमरा लूटने का एक सुनियोजित प्लान बनाया। प्लान के तहत मैं (बाल अपचारी) तथा साथी अजय पुत्र तुलसी चौहान नें धानापुर कस्बा स्थित डीके मोबाईल के मालिक को फोन करके फोटो शूट करने हेतु बताया तो वहां से एक व्यक्ति को कैमरे के साथ फोटो शूट करने के लिये भेजा जिसे हम लोग अपने साथ चहनिया धानापुर मार्ग पर ले गये जहां उससे फोटो शूट कराने लगे तथा प्लान के तहत मेरे साथी सन्दीप यादव, अभिमन्यु सिंह उर्फ स्वेत सिंह व शिवम चौबे उर्फ हण्टर जो कुछ दूर पर थे , तो मैं अपने साथी सन्दीप यादव पुत्र निर्मल यादव निवासी ग्राम सिहावल थाना धानापुर को लगातार फोन से लोकेशन दे रहा था तथा सूफियान कोचिंग के पास रायपुर पुलिया पहुंचकर मैं पेशाब करने के बहाने गाड़ी रूकवाकर दूसरे तरफ पेशाब करने चला गया तथा मेरे साथी सन्दीप यादव , अभिमन्यु सिंह उर्फ श्वेत सिंह व शिवम चौबे उर्फ हण्टर बिना नम्बर प्लेट की अपाचे से आये और कैमरामैन सुजीत मौर्या जो सड़क पर कैमरा बैग लेकर खड़ा था उसे असलहा दिखाकर डराये तथा तीन चार थप्पड़ मारकर उससे कैमरा व बैग छीन कर भाग गये। बाद में हम लोगों ने बैग व कैमरा को छिपाकर रख दिये थे। अभियुक्तगण व बाल अपचारी के निशानदेही पर लूट के बैग व कैमरे को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है।

# ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**चहनियाँ (चंदौली)।** विकास खंड चहनियाँ स्थित कम्पोजीट विद्यालय हृदयपुर पुर मे ब्लॉक् स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्द्यालय प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव ने मुख्य अतिथि मनोज कुमार गुप्ता कों सर्व प्रथम माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा टोपी लगाकर उनका सम्मान किया और आए हुए सभी अतिथियों का खेल अनुदेशकों का टोपी लगा करके स्वागत किया गया ! कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के बच्चों ने रिंकी पाल के निर्देशन में मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया तथा डंबल और लेजिम का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया ! खेल प्रशिक्षक गौतम लाल के निर्देशन में विद्यालय की बच्चियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी तथा अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया! आयोजन वीरेंद्र सिंह यादव ने आए हुए सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया की आप सभी के मेहनत और लगन से यह प्रतियोगिता संपन्न होगी! इसलिए आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है! विकासखंड चहानिया के 12 संकुल के विद्यालयों की प्रतिभागिता हुई! जिसमें उच्च प्राथमिक बालक वर्ग तथा बालिका वर्ग और प्राथमिक बालक वर्ग और बालिका वर्ग में विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभागकिया! बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बछौली के बच्चों ने प्रथम स्थान तथा प्राथमिक विद्यालय पपोरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया! प्राथमिक बालिका में मलनापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा लक्ष्मणगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया! पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछौली की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा डरवा की बच्चियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया! अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रवीण कुमार त्रिपाठी, ,योगेंद्र कुमार वर्मा, राजनाथ राम, प्रकाश पटेल, काशीनाथ यादव ,सुरेंद्रनाथ, नंदकुमार शर्मा, बृजेश मिश्रा, ,पूजा सिंह प्रतीक्षा मौर्य, वंदना कुमारी चौहान, उमा चौबे, राम भजन राम, मंजू देवी, सुशीला देवी, ममता रानी गुप्ता, रूबी सिंह, विजय राज रवि सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे!

# बागेश्वर धाम बाबा के भक्त पहुँचे धानापुर



**धानापुर।** सोमवार रात को मोबाइल पर बिपीन प्रताप रस्तोगी को सूचना मिलती कि पांच की संख्या में तिरंगा ध्वज,भगवा ध्वज लिए अपने पीठ पर बागेश्वर धाम के धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री का पोस्टर लगाए हुए और उनके फोटो लगा हुआ टीशर्ट पहने हुए कुछ लोग चौराहे से अभी अभी निकले हैं। जिनकी भाषा भी बहुत ही कम समझ में आ रही हैं ,वह शायद रात्रि विश्राम के लिए किसी मन्दिर की तलाश कर रहे हैं।जैसे ही विपिन प्रताप रस्तोगी को सूचना मिली अपने स्थानीय युवा व्यापार मण्डल के युवा अध्यक्ष सतीश सेठ आका व युवा साथियों के साथ पद यात्रियों के स्वागत एवं जलपान के लिए निकल पड़े । तब तक रामलीला चबूतरे के पास यात्री पहुँच चुके थे।चुकी चबूतरे पर ही रामलीला का मंचन हो रहा था। उसमें कोई व्यवधान न हो यही बात सोचकर सभी साथियों के सलाह पर पास ही में स्थित प्रधान रामजी मौर्या के आवास पर जाकर उनके द्वारा ही उनका स्वागत कराकर बौरहवा बाबा मन्दिर परिसर में ठहराने और अल्पाहार की व्यवस्था की मनसा लिए उनके दरवाजे से फोन कर बुलाया गया। लेकिन ग्राम प्रधान से बात नही बनी। उनका कहना था की ऐसे किसी को हम ठहरने की अनुमति नही दे सकते। वहा मौजूद सभी पदाधिकारीगण को उनकी बात ना गवार लगी। तभी बिपीन प्रताप रस्तोगी व सहयोगियों ने थानाध्यक्ष से बात कर उनके ठहरने का आग्रह किये। थानाध्यक्ष प्रशान्त सिंह तत्काल थाने पर सभी को बुलवाया और सभी पदयात्री का आधार कार्ड मांगा और जाँच किया। सभी ने अपना अपना आधार कार्ड दिखाकर थानाध्यक्ष को संतुष्ट किया। फिर आराम करने की अनुमति मिली। सभी पदयात्री धानापुर गांव के मुखिया के व्यवहार से नाराज दिखे और कभी न भूलने वाला पीड़ा जाहिर किया। वही सभी जगहों के पत्रकार के द्वारा लिया गया इंटरव्यू वीडियो और फोटो दिखाने लगे। सभी को समझा बुझाकर खुश कर अल्पाहार का व्यवस्था किया गया। सुबह हनुमानजी मन्दिर में दर्शन कर पुनः अपने गंतव्य की ओर पैदल निकल गए। जिसमे मुख्य रूप से अच्युतानंद, शुभम सेठ,सुजित,आकाश,बचानू सिंह, अनिल चौरसिया, बंटी चौरसिया,शुभम रस्तोगी, सोनू केशरी,मेजर मौर्या, रवि कश्यप,सोनू चौरसिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## इंटरलॉकिंग कार्य का विधायक ने किया उद्घाटन



**चकिया, चन्दौली।** विकासखंड चकिया के ग्राम पंचायत मैनपुर में इंटरलॉकिंग कार्य का चकिया विधायक कैलाश खरवार आचार्य जी ने फीता काटकर मार्ग के आवागमन को शुरू किया । मैनपुर ग्राम प्रधान ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने विधायक निधि से शारदा बियार के घर से अमृत सरोवर तक साइडवॉल इंटरलॉकिंग मानक के अनुसार करते हुए भव्य उद्घाटन का कार्यक्रम रखे। उद्घाटन करने आए विधायक कैलाश खरवार आचर्य जी ने वहा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बोले इंटरलॉकिंग का हुआ कार्य आप सभी सम्मानित ग्राम वासियों के सहयोग से ही संभव हो पाया है विकास की हर धारा मे जनमानस का अहम योगदान होता है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में आए हुए विधायक प्रतिनिधि केशव मूर्ति पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रभात पटेल,राजीव पाठक को वर्तमान ग्राम प्रधान ज्ञान प्रकाश गुप्ता ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेट किया व कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का हृदय की गहराई से आभार व्यक्त किए। विधायक प्रतिनिधि केशव मूर्ति पटेल वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहे की क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या से अवगत कराये जिससे हम व आप कंधे से कंधा मिलाकर समस्या का समाधान करने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सुधाकर सिंह, राकेश सिंह, रामसराय सिंह, सुनील, गोविंद, पन्नालाल, मिट्ठू बियार, सोनू गुप्ता, बिरजू व समस्त सम्मान ग्रामवासी मौजूद रहे।

## प्रथम पुण्यतिथि पर पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह को दी श्रद्धांजलि



**चहनियां।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के रक्षामंत्री रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को तिरगावा गांव स्थित त्रिमूर्ति गुरुधाम पर सपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव बिरहा गायक बालचरन यादव के नेतृत्व में मुलायम सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव बालचरन यादव ने कहा कि मुलायम सिंह जी जमीनी नेता थे। उन्होंने जीवन भर गांव, गरीब, किसान और नौजवान के हितों के लिए संघर्ष किया। यहीं कारण है कि जनता ने उन्हें देश के रक्षामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठाया। सेना के जवानों के शव को उनके घर तक पहुंचाने का नियम नेताजी के ही काल में बना था। आज उनके ही पदचिन्हों पर उनके पुत्र अखिलेश यादव जी भी चल रहे हैं। इस दौरान देवरिया में मृत लोगों की आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जमालपुर ज्ञानी जैल सिंह ने और संचालन डॉ. शशिकांत यादव ने किया। इस अवसर पर राजमणि रौशन, रामचरन बियोगी, रामराज कवि, रमेश कवि, चुनमुन कवि, गायिका चंचल यादव, चंद्रहास यादव, सतीश यादव, रामअवतार निषाद, पंकज, गब्बर, भैयालाल, गुलाब नेता आदि लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार को फर्जी मुकदमा में फंसाने के मामले को लेकर पत्रकारों ने अपर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



**चंदौली।** जिले के चकिया के पत्रकार राजकुमार सोनकर ने वन विभाग के भ्रष्ट वन्यकर्मियों तथा स्थानीय अधिकारियों द्वारा अवैध खनन एवं पेड़ों की कटाई की खबरों को कुछ दिनों तक लगातार प्रकाशित किया गया था। जिससे ऐसे काले कारनामों को अंजाम देने वाले तिलमिलाये चन्द्रप्रभा रेंज के अधिकारियों द्वारा उक्त पत्रकार राजकुमार सोनकर एवं कुछ अन्य पत्रकारों को वन क्षेत्र में अवैध खनन कराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के संबंध में नोटिस दी गई। जिसके संबंध में मंगलवार को पत्रकार प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष, आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में पत्रकारों का समूह जिलाधिकारी कार्यालय पहुँच कर अपर जिलाधिकारी अनन्य कुमार पाण्डेय को उक्त प्रकरण की जानकारी दी गई तथा मामले की जांच एवं दोषी लोगों के खिलाफ कारवाई की मांग करते हुए एक ज्ञापन दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने जांच तथा कारवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान पत्रकार प्रेस क्लब के जिलाध्यक्ष, आशुतोष तिवारी, मधुप श्रीवास्तव, विकेश कुमार, जयशंकर अग्रहरी, रीतिक भारती, राजकुमार सोनकर, किशन श्रीवास्तव, अंकित सैनी, सुमित कुमार अन्य पत्रकार शामिल रहे।

**मंचन** परंपरा के अनुरूप सुप्रसिद्ध रामलीला के तीसरे दिन माता जगदंबा (दुर्गा) की स्तुति के प्रारम्भ हुआ

# 'भये प्रकट कृपाल दिन दयाला' की स्तुति से रामलीला मे तीसरे दिन हुआ राम जन्म का मंचन



**धानापुर।** कस्बा में हो रहे वर्षो की परंपरा के अनुरूप सुप्रसिद्ध रामलीला के तीसरे दिन माता जगदंबा (दुर्गा) की स्तुति के प्रारम्भ हुआ । बताते चले कि रामलीला समिति के अध्यक्ष अरबिंद मिश्रा ने प्रभु श्री राम के जन्म के पावन अवसर पर अपने छेत्र के ही राधेश्याम निसाद सपत्नीक , महेन्द्र वनवासी सपत्नीक से माता दुर्गा के रूप धारण किये कलाकारों का आरती करवाये, माला भी पहनवाये साथ ही समिति ओर से समिति के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने दोनों लोगो का श्रीरामनामी अंगवस्त्र पहनाते हुये कहे कि जब भगवान ने भेदभाव नही किया और सबको अपने गले लगाया तो हमारे तो प्रभु श्रीराम अराध्य हैं हम सभी को तो उन्ही के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहियें ,इधर समिति में ही निरंतर निःस्वार्थ भाव से कीर्तन गाकरऔर वाद्ययंत्र को बजाकर अपनी सेवा देने वाले रामलाल सेठ एवं सुरेन्दर सेठ और मुराहु सेठ को भी प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर उनका सम्मान किया गया , आगे कलाकारों ने मंचन किया त्रेता युग में मनु सतरूपा जब दसरथ और माता कौशल्या के रूप में भगवान श्रीहरि विष्णु की आराधना करते हैं तब उनको दिए हुए वरदान सार्थक करने के लिए सूर्य वंश में अपने समस्त परिकरो के साथ प्रभु श्रीराम के रूप जन्म लेते हैं ,इधर सभी दर्शक जय जय श्रीराम नारे लगाने लगते है ,महिलाएं सोहर और बधाई गीत गाने लगती हैं , ततपश्चात भजन मंडली भी गाने लगते हैं "भए प्रकट कृपाला दिनदयाला सौसल्या हितकारी, "हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारि,,,, सैकड़ो की संख्या में उपस्थित दर्शकों में मिठाई बटवाई जाती हैं ,आगे लीला मंचन में राम,लक्ष्मन,भरत,शत्रुघ्न से मिलने कैलाश से भगवान भलेनाथ अपने रुद्रावतार हनुमानजी(कपि) को लेकर मदारी बन उनका दर्शन करने जाते है । आज की लीला का यही अल्प विश्राम होता है।

**उपस्थितिः** सनत कुमार द्विवेदी, अरुन जयसवाल, सतीश सेठ (उपाध्यक्ष), अच्युतानंद मिश्रा, अप्रवल सिंह , बिपिन प्रताप रस्तोगी, कृष्णानन्द मिश्रा, वेदप्रकाश द्विवेदी, मुलायम तिवारी, प्रदीप मोदनवाल, ब्रह्मा दुबे, धनंजय रस्तोगी, सुभम सेठ, घनश्याम, गौरी, अशोक इत्यादि,

**कलाकार भूमिका में-** क्रमशः राम,लक्ष्मन,भरत,शत्रुघ्न, शिवांश,देवांश,मनन ,वनवारी,दशरथ(शिवकुमार द्विवेदी) इत्यादि।

# महायज्ञ में सन्तो के आने को लेकर हुई चर्चा



**चहनियां।चंदौली।** कांवर स्थित सिद्धपीठ महड़ौरी देवी मंदिर परिसर में महायज्ञ स्थल पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की बैठक अयोध्या पीठाधीश्वर विद्या भास्कर महाराज जी सानिध्य में हुई । जिसमें मुख्यमंत्री व गोरखनाथ पीठाधीश्वर सहित सन्तो के आने व उनके द्वारा प्रबचन को लेकर समिति के साथ चर्चा हुई । श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति की एक बैठक में अयोध्या के पीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी महाराज ने कहा कि गोरखनाथ पीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ , पूज्य महंत नित्य गोपाल दास जी महाराज अध्यक्ष श्री रामलाल तीर्थ क्षेत्र अयोध्या ,प्रख्यात कथा वाचक एवं विद्वान सन्त अनिरुद्धचार्य जी महाराज, जगतगुरु रामानुजाचार्य सन्त राघवाचार्य जी महाराज श्रीधाम अयोध्या जी,स्वामी मिथिलेश नंदनी शरण जी महाराज वृन्दावन,श्री पुंडरी कक्षाचार्य जी महाराज वृन्दावन, जगतगुरु रामानुजाचार्य सन्त रामचंद्रचार्य जी महाराज पुष्कर पीठाधीश्वर ,जगत गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी महाराज सोनपुर, जगतगुरु स्वामी व्यंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज गया, प्रेम मूर्ति संत प्रेमभूषण जी महाराज ,जगतगुरु रामानुजाचार्य सन्त श्रीधराचार्य जी महाराज प्रयाग आदि महाविभूतियों के आने का कार्यक्रम तय हुआ है । जिसमें माननीय मुख्यमंत्री एवं गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी के उपस्थिति में महंत नित्य गोपाल दास जी एवं अन्य वैष्णव संत उपस्थित होंगे और उसी दिन वैष्णव संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा तथा सन्त राघवाचार्य जी एवं प्रेमभूषण जी महाराज की कथा का श्रवण आप सभी कर सकते हैं । राघवाचार्य जी महाराज एवं सन्त अनिरुद्ध आचार्य जी महाराज यह दोनों विद्वान संत 22 अक्टूबर से कथा करेंगे । इनके आने,स्वागत,रहने व भोजन की ब्यवस्था समिति के लोग सक्रिय कार्यकताओं के देखरेख में करेंगे । मैं मुख्यमंत्री से फोन कर अपील करूंगा कि यहां आने वाले श्रृद्धालुओ के लिए मार्ग सुगम करे । उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप सभी क्षेत्र के धर्म अनुरागी सज्जनों से अनुरोध है कि इन महानुभावों की कथा का श्रवण करें और अपने जीवन में एक नए आनंद की अनुभूति को पाये । बैठक में समिति के व प्रधानपति गृजेश सिंह, घनश्यामपुर प्रधान कमलेश पाल,रणजीत राम,बबलू यादव,गोपाल गुप्ता,शिवकुमार यादव,रामदयाल निषाद,टुनटुन सिंह, शशिकान्त, गोबिंद शर्मा,कपिलदेव सिंह, राधेश्याम सिंह, प्रदीप सिंह, रामदुलार पाण्डेय आदि गांवो के प्रधान व समिति के लोग उपस्थित थे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।